CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 15°C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 14 मार्च 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 56 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 9 विक्रमी सम्वत् 2082 24 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



'जिंदाबाद' से कुछ नहीं होता, बदलाव के लिए संकल्प जरूरी: राहुल गांधी पेज 2




लक्ष्मी ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में शॉट पुट में गोल्ड जीता खेल टाइम्स



नेपाल की नई सरकार की प्राथमिकता भारत से रिश्ते मजबूत करने की होगी सम्पादकीय



मुजतबा खामेनेई की जान की कोई गारंटी नहीं: नेतन्याहू पेज 12

## 24वां रोज़ा

### ख्वाहिशें छोड़ें, अल्लाह से रिश्ता जोड़ता है रोज़ा



कुरआने-पाक में ज़िक्र है- 'मगर तुम लोग दुनिया की जिंदगी को अख्तियार करते हो, हालांकि आखिरत बहुत बेहतर और पाइन्दातर है।' इन पाकीज़ा आयतों की रोशनी में रमज़ान के इस आखिरी अशरे और खास तौर से चौबीसवें रोज़े की फज़ीलत को अच्छी तरह समझा जा सकता है। इस आयत में दुनियावी ज़िंदगी यानी नफ्सी ख्वाहिशात को छोड़ने और आखिरत से रिश्ता जोड़ने की बात कही गई है। यहां दो सवाल हैं। एक तो आखिरत से रिश्ता क्यों जोड़ें? दूसरा, आखिरत से रिश्ता कैसे जोड़ा जाए? जहां तक पहले सवाल का ताल्लुक है, तो कुरआने-पाक की मजकूर सत्रहवीं आयत में इसका जवाब है। यह कि आखिरत से रिश्ता जोड़ें, क्योंकि आखिरत 'बहुत बेहतर' है और पाइन्दातर है।

# अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पर ईरान का हमला

■ इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अमेरिका के ताकतवर युद्धपोत पर हमले का दावा किया

**तेहरान।** अमेरिका को उम्मीद थी कि उसके हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर की मौत के बाद युद्ध शायद जल्द खत्म हो जाएगा, लेकिन ईरान ने जिस तरह से पलटवार किया है, उससे अमेरिका, पश्चिम एशिया में फंसता नजर आ रहा है। अब ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने अमेरिका के ताकतवर युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन पर हमले का दावा किया है।

आईआरजीसी ने एक बयान में दावा किया है कि उनकी एक बैलिस्टिक मिसाइल ने अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को निशाना बनाया है। आईआरजीसी का कहना है कि इस हमले के चलते युद्धपोत काम करने की स्थिति में नहीं रह गया है और उसे खाड़ी जल क्षेत्र से पीछे हटना पड़ा है। हालांकि अमेरिका ने इस दावे को खारिज कर दिया है। ईरान ने एक बयान जारी कर कहा है कि एक सटीक मिसाइल और ड्रोन हमले ने अमेरिकी युद्धपोत यूएसएस अब्राहम लिंकन को निशाना बनाया है। ईरान ने कहा है कि ओमान के जलक्षेत्र में युद्धपोत पर हमला किया गया, जो ईरान की समुद्री सीमा से करीब 340 किलोमीटर दूर है। ईरान के सरकारी मीडिया ने बताया कि हमले के बाद -शेष पृष्ठ दो पर



## इराक में अमेरिका का केसी- 135 टैंकर विमान क्रैश चालक दल के चार सदस्यों की मौत

**बगदाद।** ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियानों के दौरान अमेरिकी वायुसेना का केसी-135 रिफ्यूलिंग टैंकर विमान पश्चिमी इराक में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में छह क्रू सदस्य सवार थे, जिनमें से चार की मौत की पुष्टि हो गई है। अमेरिकी सेना ने बताया कि ईरान के खिलाफ चल रहे सैन्य अभियानों का समर्थन कर रहा केसी-135 रिफ्यूलिंग विमान पश्चिमी इराक में दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। विमान में सवार छह चालक दल के सदस्यों में से चार की मौत की पुष्टि हो गई है। हादसे के बाद बचाव अभियान जारी है। पश्चिम एशिया क्षेत्र की निगरानी करने वाली यूएस सेंट्रल कमांड के अनुसार, यह दुर्घटना फ्रेंडली एयरस्पेस में दो विमानों से जुड़े एक अज्ञात घटना के बाद हुई। घटना में शामिल दूसरा विमान सुरक्षित लैंड कर गया।

## फिर निशाने पर दुबई, धमाके से इमारतें हिलीं आसमान में छाया धुआं

**दुबई।** पश्चिम एशिया में लगातार बढ़ते तनाव के बीच दुबई में लगातार दूसरे दिन जोरदार धमाकों की आवाज सुनी गई। शुक्रवार को तेज धमाकों की आवाज से शहर की कई इमारतें हिल गईं। इस दौरान मध्य दुबई के एक हिस्से में आसमान में काले धुएं का घना गुबार देखा गया। चश्मदीदों के अनुसार, दो बड़े धमाके हुए जिससे पूरा इलाका दहल गया। दुबई मीडिया ऑफिस ने सोशल मीडिया पर इस घटना की जानकारी दी।

## पीरियड्स लीव पर सीजेआई की महत्वपूर्ण टिप्पणी

# महिलाओं को कोई काम नहीं देगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को महिला कर्मचारियों और छात्राओं के लिए देशभर में मासिक धर्म अवकाश नीति की मांग करने वाली एक जनहित याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया। अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि ऐसी नीति अनजाने में लैंगिक रूढ़िवादिता को बढ़ावा दे सकती है और इससे महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर कम हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि और नियोक्ता महिलाओं को नौकरी देने से कतराने लगेंगे।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि ऐसी मांगें अनजाने में महिलाओं के बारे में रूढ़िवादी सोच को भी मजबूत कर सकती हैं। अदालत ने टिप्पणी की कि मासिक धर्म को किसी कमजोरी या हीनता के रूप में पेश करना सही नहीं है। हालांकि, अदालत ने यह भी कहा कि संबंधित सक्षम प्राधिकारी इस विषय पर दी गई याचिकाकर्ता की प्रतिनिधित्व पर विचार कर सकते हैं और सभी हितधारकों से परामर्श करके नीति बनाने की संभावना की जांच कर सकते हैं। यह याचिका शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी ने दायर की थी, जिसमें महिलाओं के लिए छात्रों और कामकाजी महिलाओं दोनों के लिए मासिक धर्म अवकाश की राष्ट्रीय नीति बनाने की मांग की गई थी। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के अधिकार क्षेत्र पर भी सवाल उठाया और कहा कि इस मामले को लेकर खुद कोई महिला कोर्ट में नहीं आई है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एमआर शमशाद ने बताया कि कुछ राज्य और संस्थान पहले ही इस दिशा में कदम उठा चुके हैं। उन्होंने केरल का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां स्कूलों में कुछ राहत दी गई है और कई निजी कंपनियां भी स्वेच्छा से कर्मचारियों को यह अवकाश दे रही हैं। इस पर -शेष पृष्ठ दो पर



■ महिला कर्मचारियों और छात्राओं के लिए मासिक धर्म अवकाश नीति की मांग करने वाली याचिका पर सुनवाई करने से अदालत ने किया इन्कार

## सात साल जेल में रहने के बाद एनडीपीएस मामले के दोषी को मिली जमानत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मादक औषधि एवं मनोरोगी पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस) एक्ट के तहत दोषी ठहराए गए एक व्यक्ति को बड़ी राहत देते हुए जमानत दे दी है।

अदालत ने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि वह व्यक्ति पिछले सात साल से अधिक समय से जेल में बंद है और उसकी अपील पर फिलहाल जल्दी सुनवाई होने की संभावना नहीं है। जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने मनोज कुमार गुप्ता की अपील स्वीकार करते हुए पटना हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें पहले उनकी सजा को निलंबित करने और जमानत देने से इन्कार किया गया था। मनोज कुमार गुप्ता ने मई 2025 में पटना हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। यह मामला साल 2000 में दर्ज एक एफआईआर से जुड़ा है, जिसमें एनडीपीएस एक्ट की कई गंभीर धाराओं के तहत आरोप लगाए गए थे। ये धाराएं आमतौर पर बड़ी मात्रा में नशीले पदार्थों की तस्करी और उससे जुड़े अपराधों से संबंधित होती हैं।

# सरकार का दावा: देश में तेल और गैस का संकट नहीं

■ राज्यों को जमाखोरी पर सख्ती के निर्देश नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच जारी तनाव और होर्मुज क्षेत्र में तेल व गैस के जहाजों की आवाजाही प्रभावित होने की खबरों के बीच भारत में ईंधन संकट की आशंकाएं जताई जा रही हैं। हालांकि केंद्र सरकार ने साफ कहा है कि देश में पेट्रोल, डीजल और घरेलू रसोई गैस की कोई कमी नहीं है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि सरकार लगातार हालात पर नजर बनाए हुए है और देश में तेल-गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। उन्होंने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और घबराकर बुकिंग या खरीदारी न करने की अपील की। संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि भारत की कुल शोधन क्षमता 258 मिलियन मीट्रिक टन है और देश पेट्रोल व डीजल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है। उन्होंने कहा कि देश की सभी रिफाइनरियां फिलहाल 100 प्रतिशत या उससे अधिक क्षमता पर काम कर रही हैं और उनके पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। इस वजह से पेट्रोल और डीजल के आयात की आवश्यकता नहीं है। एलपीजी आपूर्ति को लेकर शर्मा ने कहा कि देशभर के 25 हजार से अधिक एलपीजी वितरकों में कहीं भी गैस खत्म होने की स्थिति नहीं आई है।

## एलपीजी संकट पर संसद में विपक्ष की नारेबाजी

■ टीएमसी ने सीईसी ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के खिलाफ दोनों सदनों में दिया प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** संसद के बजट सत्र के दूसरे फेज के 5वें दिन, शुक्रवार को भी विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। राहुल गांधी समेत विपक्षी सांसदों ने 8 निलंबित सांसदों की वापसी की मांग की।

इस पर स्पीकर ओम बिरला ने कहा कि सदन की मेजों पर चढ़ोगे तो यही एक्शन होगा। लोकसभा में हंगामे का कारण पहले 12 बजे तक कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इसके बाद दूसरी बार 2 बजे तक फिर से कार्यवाही स्थगित की गई। 2 बजे शुरू हुई कार्यवाही भी केवल 1 घंटा चली। इसके बाद लोकसभा को 16 मार्च तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इस दौरान विपक्ष ने पीएम मोदी के खिलाफ नारेबाजी की। इधर टीएमसी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने के खिलाफ दोनों सदनों में प्रस्ताव दिया है।




## आपदा प्रभावित छह राज्यों के लिए 1912 करोड़ की सहायता राशि मंजूर

**नई दिल्ली।** केन्द्र सरकार ने वर्ष 2025 में बाढ़, आकस्मिक बाढ़ , बादल फटने, चक्रवात 'मोंथा' और भूस्खलन से प्रभावित आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हिमाचल प्रदेश, नागालैंड तथा केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के लिए 1,912.99 करोड़ रुपये की अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता को मंजूरी दी है।केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई एक उच्चस्तरीय समिति की बैठक में यह मंजूरी दी गई। गृह मंत्रालय ने एक वक्तव्य में बताया कि यह केन्द्रीय सहायता राष्ट्रीय आपदा मोचन कोष से प्रदान की गई है, जो वर्ष की प्रारंभिक शेष राशि में उपलब्ध राज्य आपदा मोचन कोष के 50 प्रतिशत के समायोजन के अधीन है। मंजूर की गई कुल राशि 1,912.99 करोड़ रुपये में से, आंध्र प्रदेश के लिए 341.48 करोड़ रुपये, छत्तीसगढ़ के लिए 15.70 करोड़ रुपये, गुजरात के लिए 778.67 करोड़ रुपये, हिमाचल प्रदेश के लिए 288.39 करोड़ रुपये, नगालैंड के लिए 158.41 करोड़ रुपये तथा जम्मू-कश्मीर के लिए 330.34 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है।

# ईरान बोला: भारत हमारा दोस्त, होर्मुज स्ट्रेट में सुरक्षित रास्ता देंगे

**नई दिल्ली।** भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फतहाली ने कहा है कि ईरान भारत को सुरक्षित रास्ता देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत और ईरान के बीच दोस्ताना संबंध हैं।

नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत के दौरान उनसे सवाल पूछा गया कि क्या ईरान भारत को होर्मुज स्ट्रेट में रास्ता देगा। इस पर फतहाली ने कहा कि हां, क्योंकि भारत हमारा दोस्त है। उनके मुताबिक भारत और ईरान के बीच लंबे समय से सहयोग और विश्वास का रिश्ता रहा है। इसी बीच ओमान के सोहर प्रांत में ड्रोन गिरने से दो भारतीय कामगारों की मौत हो गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक सुरक्षा बलों ने एक ड्रोन को मार गिराया था, जिसके बाद उसका मलबा गिरने से यह हादसा हुआ। कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि मुजतबा खामेनेई गंभीर रूप से घायल हैं और कोमा में हैं। ब्रिटिश मीडिया द सन की रिपोर्ट के मुताबिक 28 फरवरी को अमेरिका-इजराइल के हमले में घायल होने के बाद उन्हें तेहरान के सिना यूनिवर्सिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि उनकी हालत बेहद गंभीर है। हमले में चोट इतनी गहरी थी कि उनका एक पैर काटना पड़ा और लिवर को भी गंभीर नुकसान पहुंचा है।

■ ओमान में ड्रोन अटैक, दो भारतीयों की मौत

## पीएम मोदी ने की ईरान के राष्ट्रपति पेजेशकियान से बात

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति डा. मसूद पेजेशकियान से क्षेत्र की गंभीर स्थिति पर चर्चा की हैं। मोदी ने शांति और स्थिरता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दोहराया और शांति बहाली के लिए बातचीत तथा कूटनीति का आग्रह किया। उन्होंने तनाव बढ़ने, आम नागरिकों की जान जाने तथा नागरिक बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की। भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और संरक्षा, साथ ही सामान व ऊर्जा के निर्बाध आवागमन की आवश्यकता भारत की सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं।




नई दिल्ली: बढ़ती गैस सिलेंडरों की किल्लत के मद्देनजर प्रदर्शन करते कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकती पुलिस।

# कांग्रेस ने लगातार असम में झूठ बोला: प्रधानमंत्री

■ किसानों को विदेशों पर निर्भर रखा, दौरे के पहले दिन 24,250 करोड़ के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन-शिलान्यास किया

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार ने असम के लोगों से लगातार झूठ बोला। कांग्रेस की गलत नीतियों ने इस राज्य को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने कहा कि हमने देखा कि बाहरी देशों के युद्ध की वजह से हमारे किसानों पर असर पड़ता है। हमने कृषि को बाहरी संकट से बचाने के लिए आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहन दिया है।

कांग्रेस ने साबित कर दिया कि वो किसी भी स्थिति में देश के लिए ईमानदार नहीं है। मोदी ने कहा कि आज युद्ध की स्थिति में कांग्रेस केवल गलत प्रचार करने में जुटी है। वे केवल देश को अंधेरे में रखना चाहते हैं, देश को गुमराह कर रहे हैं। पीएम ने कहा कि टी-गार्डन के किसानों का सम्मान करना मेरे लिए कर्ज चुकाने जैसा है। आपकी चाय बेचकर मैं पीएम बन गया। मां कामाख्या देवी ने मुझे चाय बागान के लोगों का कर्ज चुकाने का मौका दिया है। पीएम 13-14 मार्च को असम के दो दिन के दौर पर हैं। उन्होंने पहले दिन 24.250 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने नॉर्थ ईस्ट के लिए 3 नई ट्रेनों की शुरुआत भी की। पीएम दो दिन में यहां कुल मिलाकर 47800 रुपये के प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। 14 मार्च को सुबह करीब 10.45 बजे प्रधानमंत्री सिलचर में भूमि पूजन करेंगे और करीब 23,550 करोड़ रुपये के अलग-अलग प्रोजेक्ट्स देश को समर्पित करेंगे।



## यूपीपीएससी की एपीओ परीक्षा 22 मार्च को आठ जिलों में होगी

■ सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक एक ही सत्र में संपन्न होगी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने सहायक अभियोजन अधिकारी (एपीओ) प्रारंभिक परीक्षा-2025 का एडमिट कार्ड जारी कर दिया है।

यह परीक्षा 22 मार्च को प्रदेश के आठ प्रमुख जिलों में आयोजित की जाएगी। आयोग के परीक्षा नियंत्रक हर्ष देव पांडेय ने इस संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं। आयोग के अनुसार परीक्षा सुबह 9:30 बजे से 11:30 बजे तक एक ही सत्र में संपन्न होगी। परीक्षा के लिए प्रयागराज के अलावा अलीगढ़, बरेली, गोरखपुर, कानपुर नगर, लखनऊ, मेरठ और वाराणसी को परीक्षा केंद्र बनाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका-इजरायल का हमला गलत था, ईरान का भी गलत: थरूर

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा पार्टी के लोकसभा सदस्य शशि थरूर ने कहा है कि अमेरिका तथा इजरायल का ईरान के खिलाफ युद्ध में उतरना गलत था, लेकिन ईरान ने भी उन देशों पर हमला कर गलत ही किया है जो युद्ध में शामिल ही नहीं हैं। थरूर ने शुक्रवार को यहां संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि निर्दोष नागरिकों की जान से खेलना ठीक नहीं है। उनका यह भी कहना था कि जो हालात अमेरिका और इजरायल के ईरान पर हमले और फिर ईरान के पड़ोसी देशों में किए जा रहे हमले से बन रहे हैं वह गंभीर है। उनका कहना था कि इन सब स्थितियों के बीच भारत का चुप रहना भी ठीक नहीं है। अमेरिका और इजरायल के हमले को सैद्धांतिक रूप से गलत बताते हुए उन्होंने कहा कि यहां आत्मरक्षा वाली बात को सही नहीं ठहराया जा सकता।

### बैंक हैकिंग में दो नाइजीरियाई गिरफ्तार किए

**लखनऊ।** गौतमबुद्धनगर कमिश्नरेट की साइबर क्राइम पुलिस ने एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय साइबर अपराध मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए नाइजीरिया के दो विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। आरोपी सोलर स्पाइडर नामक साइबर थ्रेट समूह से जुड़े बताए जा रहे हैं, जो सहकारी बैंकों की साइबर सुरक्षा में खामियों का फायदा उठाकर करोड़ों रुपये की अवैध निकासी की योजना बना रहे थे। नाइजीरियाई नागरिकों को साइबर क्राइम थाना, नॉलेज पार्क थाना और मेरठ जोन की साइबर कमांडो टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यह गिरोह सहकारी बैंकों को निशाना बनाता था, जहां साइबर सुरक्षा अपेक्षाकृत कमजोर होती है।

# जिंदाबाद से कुछ नहीं, बदलाव को संकल्प जरूरी

## कांशीराम को याद करते बोले राहुल गांधी

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी ने कहा कि केवल 'राहुल गांधी जिदाबाद' के नारे लगाने से कोई फायदा नहीं होता। बदलाव तब आता है, जब व्यक्ति यह ठान ले कि जो गलत हो रहा है उसे वह स्वीकार नहीं करेगा।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित पार्टी के कार्यक्रम में उन्होंने कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि भाषण देने से पहले वह सोच रहे थे कि बीआर अंबेडकर शिक्षा और संगठन की बात करते थे। आज लोग कांशी राम को याद करते हैं, लेकिन समाज को 15 और 85 में बांट दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसका फायदा केवल 15 प्रतिशत लोगों को मिल रहा है, जबकि बाकी 50 प्रतिशत समाज को अलग-अलग कर दिया गया है। गांधी ने कहा कि अगर जवाहरलाल नेहरू आज जीवित होते, तो कांशीराम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री होते। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम एपस्टीन फाइल में बताया जा रहा है और उनकी बेटी की कंपनी में जॉर्ज सोरोस की फंडिंग का भी उल्लेख किया गया है। राहुल गांधी ने कहा कि जब कांग्रेस का समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन हुआ था, तब उत्तर प्रदेश में राजग की सीटें घटकर 36 रह गई थीं।

### सामाजिक परिवर्तन दिवस के बहाने दलितों को साधने में जुटी कांग्रेस

**लखनऊ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पाटी द्वारा आयोजित 'सामाजिक परिवर्तन दिवस' कार्यक्रम में शामिल हुए। कांशीराम जयंती के दो दिन पहले प्रस्तावित यह कार्यक्रम 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी के सामाजिक आधार को मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। यह पहल बसपा के संस्थापक और दलित विचारक कांशी राम की जयंती से दो दिन पहले शुरू की जा रही है। राज्य की दलित राजनीति पर उनकी विरासत का गहरा प्रभाव माना जाता है। करीब दो साल के अंतराल के बाद लखनऊ में राहुल गांधी का यह पहला सार्वजनिक कार्यक्रम होगा। इससे पहले उन्होंने मई 2024 में लोकसभा चुनाव के दौरान इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 'संविधान बचाओ सम्मेलन' को संबोधित किया था। आज होने वाले कार्यक्रम में दलित नेता, सामाजिक कार्यकर्ता और बुद्धिजीवी शामिल होंगे। कार्यक्रम का मुख्य फोकस सामाजिक न्याय, राजनीतिक भागीदारी और हाशिए पर पड़े समुदायों के सशक्तिकरण पर रहेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के दौरान दलित समुदाय कठिन दौर से गुजर रहा है और यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय की नई पहल साबित होगा। कांग्रेस नेताओं के अनुसार, यह पहल 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले पूरे उत्तर प्रदेश में दलित मतदाताओं से जमीनी स्तर पर फिर से संपर्क स्थापित करने के लिए व्यापक अभियान की शुरुआत मानी जा रही है।

### पैनिक बुकिंग की कोई जरूरत नही: केंद्र सरकार

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट से ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने के बीच सरकार ने शुक्रवार को कहा कि घरों के लिए एलपीजी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की गई है और गैस सिलेंडर के लिए घबराहट में बुकिंग करने की कोई जरूरत नहीं है।

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि घरेलू एलपीजी उत्पादन में पांच मार्च की तुलना में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई, घरों में निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। शर्मा ने कहा कि पैनिक बुकिंग की कोई जरूरत नहीं है और किसी भी एलपीजी डीलर के यहां कोई कमी नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि एलपीजी बुकिंग बढ़कर 75.7 लाख हो गई है, जबकि युद्ध से पहले यह औसतन 55.7 लाख थी। यह बढ़ोतरी लोगों द्वारा घबराहट में की जा रही पैनिक बुकिंग को दर्शाती है।' लड़ाई की वजह से क्रूड ऑयल और पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स की सप्लाई पर असर पड़ा है। सरकार ने जमाखोरी को रोकने के लिए राज्यों को निर्देश दिए हैं कि वे स्थानीय स्तर पर नजर रखें। साथ ही तेल कंपनियों के कॉल सेंटर्स में लोगों की संख्या और सीटें बढ़ा दी गई हैं, ताकि उपभोक्ताओं की हर शिकायत और सवाल का तुरंत समाधान हो सके।

### योगी व राजनाथ ने किया ग्रीन कॉरिडोर का लोकार्पण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** रक्षा मंत्री और स्थानीय सांसद राजनाथ सिंह एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को लखनऊ में समता मूलक चौराहे से डालीगंज तक ग्रीन कॉरिडोर परियोजना का लोकार्पण किया।

इस दौरान उन्होंने अगले चरण का शिलान्यास भी किया। शहर के झूलेलाल पार्क में आयोजित समारोह में प्रदेश के कई मंत्री, जनप्रतिनिधि और भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान ग्रीन कॉरिडोर परियोजना को लखनऊ के यातायात को सुगम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया। इस परियोजना के माध्यम से शहर के विभिन्न हिस्सों के बीच आवागमन तेज और सुगम होगा, जिससे ट्रैफिक दबाव कम होने के साथ ही लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

गौरतलब है कि 100 करोड़ की लागत से ग्रीन कॉरिडोर परियोजना के प्रथम चरण का लोकार्पण 11 मार्च, 2024 को किया गया था। 6-8 किलोमीटर लंबा ये पुल आईआईएम रोड से पक्का पुल तक बना था जबकि 299 करोड़ की लागत से आज परियोजना के द्वितीय चरण का लोकार्पण किया गया है। इस चरण के अंतर्गत डालीगंज से लेकर निशातगंज होते हुए समता मूलक चौक तक का हिस्सा आता है। लगभग सात किमी लंबे इस पुल के खुलते ही हजरतगंज, डालीगंज और निशातगंज जैसे घनी आबादी वाले और व्यस्ततम क्षेत्रों में लगने वाले भीषण जाम से बड़ी राहत मिलेगी और लोगों का आवागमन सुरक्षित रहेगा।

# योगी सरकार ने कसा गोकशी पर शिकंजा

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ गोकशी के 14182 मामले दर्ज, 35924 आरोपी भेजे जेल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गो. कशी, गोतस्करी और अवैध पशु वध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में राज्य सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चलाए गए विशेष अभियान के तहत अब तक प्रदेश भर में गोकशी के 14,182 मामले दर्ज किए गए हैं, जिनमें 35,924 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। सरकार की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, गोकशी के मामलों में गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ सामान्य मुकदमों के साथ-साथ कड़े कानूनों के तहत भी कार्रवाई की गई है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 35,924 आरोपियों में से 13,793 के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई, जबकि 178 आरोपियों पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाया गया। इसके अलावा 14,305 मामलों में गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कठोर कार्रवाई की गई है। सरकार की इस सख्ती से गोकशी और गोतस्करी से जुड़े संगठित गिरोहों पर प्रभावी अंकुश लगाने में मदद मिली है। पुलिस और प्रशासन ने कई जिलों में सक्रिय नेटवर्क की पहचान कर उन्हें ध्वस्त किया है। गोकशी से जुड़े अपराधियों पर केवल कानूनी ही नहीं बल्कि आर्थिक कार्रवाई भी की गई है। गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कार्रवाई करते हुए अब तक लगभग 83 करोड़ 32 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। इसमें अवैध कमाई से खरीदी गई जमीन, वाहन और अन्य संपत्तियां भी कुर्क की गई हैं।

## सरकार के दावे के उलट रसोई गैस का संकट बरकरार

# योगी के सख्त कार्रवाई के निर्देश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ यूपी के कई जिलों में कालाबाजारी की शिकायत

**लखनऊ।** अमेरिका इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध का असर आम आदमी की रसोई में गैस सिलेंडर की कमी के रूप में देखने को मिल रहा है। गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता के सरकारी दावे के उलट लखनऊ सहित प्रदेश के कई जिलों में गैस एजेंसियों के बाहर लंबी-लंबी कतारें लग रही हैं।

कई स्थानों पर पुलिस की मौजूदगी में सिलेंडरों का वितरण कराया जा रहा है। सीएम योगी ने गैस की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं और अफसरों को 24 घंटे मॉनिटरिंग करने को कहा है। लखनऊ के गोमतीनगर विस्तार, आलमबाग, राजाजीपुरम, अलीगंज और कमांडर रोड सहित कई इलाकों में सुबह से ही उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर एजेंसियों के बाहर लाइन में खड़े नजर आए। खरगा. पुर इलाके में एक एजेंसी के बाहर करीब 400 मीटर लंबी कतार देखी गई, जहां लोग सुबह 6 बजे से ही सिलेंडर लेने के लिए पहुंच गए थे। कई को 4 से 5 घंटे इंतजार के बाद सिलेंडर मिल पाया।

### गैस के लिए कई जिलों में हुआ हंगामा

यूपी के कई जिलों में गैस सिलेंडर को लेकर विवाद और हंगामे की घटनाएं भी सामने आई हैं। बाराबंकी में गैस एजेंसी पर लाइन में आगे-पीछे होने को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट होने की सूचना है। मोदीनगर में सिलेंडर से भरा ट्रक पहुंचते ही लोग उस पर टूट पड़े और कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। वहीं महराजगंज में सिलेंडर न मिलने से नाराज लोगों ने नौतनवा-गोरखपुर मार्ग पर जाम लगा दिया, जिसे पुलिस ने समझाकर खुलवाया।

### लगी रहीं लाइनें

प्रयागराज, कानपुर, अयोध्या, रायबरेली, देवरिया और शाहज. हांपुर समेत कई जिलों में गैस एजेंसियों के बाहर सुबह से लंबी लाइनें लगी रहीं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बुकिंग कराने के बावजूद उन्हें सिलेंडर नहीं मिल रहा है। लोगों ने यह भी शिकायत की कि सिलेंडर ब्लैक में 1500 से 2000 रुपये तक में बेचे जा रहे हैं।

### जनजीवन पर असर

गैस की कमी का असर आम जनजीवन पर भी पड़ने लगा है। शाहजहांपुर में 10 रुपये में भोजन देने वाली 'परी आपकी रसोई' को गैस की आपूर्ति रुकने के कारण बंद करना पड़ा। मेरठ में हॉस्टल के छात्रों के लिए भोजन व्यवस्था प्रभावित होने पर एक संचालक को घर से खाना बनवाकर छात्रों को खिलाना पड़ रहा है।

### खामेनेई की मौत पर मौन की वजह बताए सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि ईरान के पूर्व राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की रहस्यमयी हवाई दुर्घटना में मृत्यु पर राजकीय शोक की घोषणा करने वाली मोदी सरकार को बताना चाहिए कि अब वह हमले में मारे गए ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामेनेई की मौत पर मौन क्यों है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि ईरान के संवैधानिक प्रमुख आयतुल्लाह खामेनेई की 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल द्वारा हत्या कर दी गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मौन हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर मौन हैं।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



संसेक्स 74563.92
निफ्टी 23151.10



सोना 158000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 260000
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में बिकवाली का दबाव बढ़ा सेंसेक्स - निफ्टी में दो फीसदी तक गिरावट

मुंबई, वार्ता



ईरान युद्ध के चलते वैश्विक बाजार में गहराते संकट के बीच भारत के शेयर बाजारों में तेज गिरावट का सिलसिला शुक्रवार को भी जारी रहा और प्रमुख सूचकांकों में दो प्रतिशत या उससे अधिक की बड़ी गिरावट दर्ज की गई।

पश्चिम एशिया की स्थिति से ईंधन और मुद्रांस्फीति को लेकर बढ़ती चिंताओं के चलते आज स्थानीय शेयर बाजार में चौतरफा बिकवाली दिखी। विश्लेषकों के अनुसार मार्जिन मनी का दबाव बढ़ने से निवेशकों को अपने अल्पकालिक दबाव से निपटने के लिए बिकवाली करनी पड़ रही है। इन सबके सम्मिलित प्रभाव से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 प्रमुख शेयरों वाला निफ्टी-50 कल की तुलना में 488.05 अंक यानी 2.06 प्रतिशत गिर कर 23151. 10 अंक पर बंद हुआ। बीएसई30 संसेक्स में 1470. 50 अंक यानी 1.93 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई और यह 74563.92 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान बीएसई30 शुरू में ही बड़ी गिरावट के साथ 75,444. 22 पर खुलने के बाद सुधर कर 75,576.20 तक गया लेकिन लेकिन यह तेजी टिकी नहीं और लगातार गिरावट के बीच एक समय दिन के न्यूनतम 74,454. 60 पर पहुंचने के बाद अंत में 74,563.92 पर बंद हुआ। कल संसेक्स करीब एक प्रतिशत गिरावट के साथ 76,034.42 पर बंद हुआ था। बीएसई में आज 30 में से 29 शेयरों में घाटा हुआ। एसबीआई, अल्ट्राटेक सीमेंट, मारुति, बीईएल, में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। इंडिगो, कोटक बैंक, इटर्नल, एचसीएल टेक, महिंद्रा एंड महिंद्रा तथा एक्सिस बैंक को भी दो प्रतिशत से अधिक का नुकसान हुआ। निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 2.04 प्रतिशत, निफ्टी बैंक 2.44 प्रतिशत, निफ्टी 100 2. 15 , निफ्टी मिड कैप 100 में 2.65 प्रतिशत तथा स्माल कैप 100 सूचकांक में 2.51 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

### ईरान युद्ध का असर: सोना और चांदी की कीमतें गिरीं

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल की ईरान से चल रही जंग की वजह से चांदी-सोने में शुक्रवार को को गिरावट देखी गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,748 रुपए गिरकर 1.58 लाख रुपए पर आ गया है। इससे पहले 12 मार्च को सोना 1,60 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम था। वहीं एक किलो चांदी की कीमत 8,350 रुपए घटकर 2.60 लाख रुपए पर आ गई है। इससे पहले शुक्रवार को इसकी कीमत 2.68 लाख रुपए किलो थी।

इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। 31 दिसंबर 2026 को सोने के दाम 1.33 लाख रुपए थे, जो 29 जनवरी को बढ़कर 1.76 लाख रुपए के सबसे ऊपरी स्तर पर पहुंच गए थे। तब से अब तक सोना 17,566 रुपए सस्ता हो चुका है। वहीं चांदी के कीमत 31 दिसंबर 2025 को 2.30 लाख रुपए थी, जो 29 जनवरी को 3.86 लाख रुपए के ऑल टाइम हाई पर पहुंच गई थी। तब से अब तक 44 दिन में चांदी 1,25,982 लाख रुपए सस्ती हो गई है। अमेरिका में महंगाई के आंकड़ों ने फेडरल रिजर्व की ओर ब्याज दरों में जल्द कटौती की संभावना कम कर दी है।

# ईरान-इजरायल युद्ध की आंच से कांच उद्योग भी प्रभावित

फिरोजाबाद, वार्ता

इजरायल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के बीच फिरोजाबाद में कांच उद्योग पर भी गैस आपूर्ति में कटौती के कारण संकट के बादल छाने लगे हैं। जिले में कई छोटी चूड़ी इकाइयां बंद हो चुकी है जबकि कुछ बंद होने के कगार पर है।

इजरायल-अमेरिका और ईरान के बीच गहराते हुए युद्ध के संकट का असर पेट्रोलियम पदार्थों पर देखा जा रहा है । फिरोजाबाद की कांच ईकाइयां जो प्राकृतिक गैस से संचालित है। गैस के संकट की स्थिति को देखते हुए भारत पेट्रोलियम मंत्रालय ने कारखाने को दी जाने वाली गैस आपूर्ति के कोठी में 20 फीसदी कटौती करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। जिसकी वजह से कांच कारखाने की उत्पादन क्षमता प्रभावित होने के साथ उत्पादन लागत में बढ़ोतरी हुई है, जो कारखाना मालिकों के लिए चिंता का विषय बन गई है। उत्पादन की लागत बढ़ने से उसकी बिक्री पर भी प्रभावित हो रही है। फिरोजाबाद ग्लास मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजकुमार मित्तल ने बताया कि गैस अथॉरिटी आफ इंडिया लिमिटेड (गेल) द्वारा मिले निर्देशों के अनुसार कांच फैक्ट्री मिलने वाली गैस के कोटे को 20 प्रतिशत कम प्रयोग कर सकेंगी अन्यथा उन्हें अतिरिक्त उपयोग की गई गैस की रेट पर पेनल्टी के रूप में अतिरिक्त भुगतान करना होगा । कारखाना मालिकों के सामने संकट यह है कि उनकी भट्टियां निर्धारित कोटे की अनुरूप बनी हुई है। अब यदि गैस कम मिलती है तो उन्हें भारी नुकसान का सामना करना पड़ेगा। जिसकी वजह से कांच उत्पादन की लागत भी प्रभावित होगी। फिरोजाबाद की कांच इंडस्ट्रीज के लिए यह एक संकट की स्थिति बन गई है। भारत सरकार द्वारा अतिरिक्त गैस की रेट भी निश्चित नहीं की गई है इसलिए यहां फैक्ट्री के मालकिन असमंजस की स्थिति में है।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त

भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### सरकार लोगों की दिक्कत मानने को तैयार नहीं: डिंपल

**लखनऊ।** एलपीजी संकट को लेकर समाजवादी पार्टी की लोकसभा सांसद डिंपल यादव ने केंद्र सरकार पर ज़ोरदार हमला बोला है। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी को ब्लंडर जनता पार्टी बताया और कहा कि सरकार अमेरिका के सामने इतना नतमस्तक क्यों हैं? जब भी देश पर कोई कठिनाई आती है, तो ये सरकार मौन क्यों हो जाती है। सरकार ने लोगों को लेकर कोई तैयारी क्यों नहीं की। सपा सांसद ने सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि ये समझना चाहिए कि जिस तरह से सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए हैं, चाहे घरेलू सिलेंडर हो या कमर्शियल सिलेंडर हो, जिस तरह हवाई जहाज़ के टिकट के दाम बढ़ रहे हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

अमेरिकी युद्धपोत...

अमेरिकी युद्धपोत और उसका स्ट्राइक ग्रुप पीछे हट गया है। हालांकि इस दावे के पक्ष में ईरान के सरकारी मीडिया ने कोई जानकारी मुहैया नहीं कराई है। आईआरजीसी ने भी अमेरिकी युद्धपोत पर हमले का दावा किया है। अमेरिका ने ईरान के दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। यूएस सेंट्रल कमांड ने यूएसएस अब्राहम लिंकन की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा है कि अब्राहम लिंकन कैरियर स्ट्राइक ग्रुप, ऑपरेशन एपिक फ्यूरी में लगातार मदद कर रहा है। यूएसएस अब्राहम लिंकन अमे. रिकी नौसेना के सबसे ताकतवर युद्धपोतों में से एक है। ऐसे में इस पर हमला यकीनी तौर पर अमेरिका के लिए बड़ा झटका होगा। यूएसएस अब्राहम लिंकन निमित्ज श्रेणी का पांचवा युद्धपोत है। यह परमाणु ऊर्जा से चलने वाला पोत है, जो दक्षिण चीन सागर में तैनात रहता है। इस युद्धपोत को अमेरिकी नौसेना में 1989 में शामिल किया गया था। यह युद्धपोत 97 हजार टन वजनी है और इसकी फ्लाइट डेक करीब 4.5 एकड़ में फैली हुई है। इसकी लंबाई करीब 1092 फीट है। इसमें चार हैंगर एलीवेटर हैं और यह अपने साथ 90 लड़ाकू विमान ले जा सकता है। इसकी डेक पर अमेरिका के सबसे आधुनिक लड़ाकू जेट एफ-35सी तैनात हैं। इस युद्धपोत पर पांच हजार से ज्यादा नौसैनिक, मरीन और क्रू के सदस्य तैनात हैं। यह दुनिया का सबसे बड़ा युद्धपोत है। यह युद्धपोत इतना बड़ा है कि इसका अपना खुद का जिप कोड, टीवी और रेडियो स्टेशन, एक अखबार, अग्निशमन केंद्र, लाइब्रेरी, एक अस्पताल, जनरल स्टोर जैसी सुविधाएं हैं।

महिलाओं को.... मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि स्वैच्छिक रूप से दी गई ऐसी सुविधाएं अच्छी हैं, लेकिन अगर इसे कानून के जरिये अनिवार्य बना दिया गया, तो इसके सामाजिक और पेशेवर प्रभाव पड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि इससे यह धारणा बन सकती है कि महिलाओं को अतिरिक्त छुट्टियां मिलेंगी, जिससे उनके रोजगार के अवसर प्रभावित हो सकते हैं। अदालत ने यह भी कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता पहले ही संबंधित अधिकारियों को इस विषय पर प्रतिनिधित्व दे चुके हैं, इसलिए बार-बार अदालत से आदेश मांगने की आवश्यकता नहीं है। इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने याचिका का निपटारा करते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रतिनिधित्व पर उचित निर्णय लेने का निर्देश दिया।

# गाजियाबाद जिला आवासीय सौर ऊर्जा का मॉडल बना

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ नक्शा पास प्रक्रिया में सोलर रूफटॉप सिस्टम और रेन वाटर हार्वेस्टिग अनिवार्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले ने आवासीय सौर ऊर्जा को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रदेश के लिए एक मॉडल प्रस्तुत किया है।

औरैया की पहल से प्रेरित होकर गाजियाबाद के जिलाधिकारी ने आदेश जारी किया है, जिसके तहत अब नए बनने वाले आवासीय भवनों के नक्शा पास कराने की प्रक्रिया में सोलर रूफटॉप सिस्टम और रेन वाटर हार्वेस्टिग को अनिवार्य कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक इस व्यवस्था का उद्देश्य बिजली की बचत के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और जल संसाधनों के सतत उपयोग को सुनिश्चित करना है। प्रशासन का मानना है कि इससे स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा मिलेगा और भविष्य में ऊर्जा संकट से भी राहत मिलेगी। प्रस्ताव के अनुसार नगर निगम, नगर पालिकाएं और नगर पंचायतें अपने-अपने बोर्ड की बैठकों में प्रस्ताव पारित कर इस व्यवस्था को लागू कर सकती हैं। नक्शा स्वीकृति के बाद भवन निर्माण के दौरान सोलर पैनल और वर्षा जल संचयन प्रणाली का क्रियान्वयन अनिवार्य होगा। इससे शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग का दायरा व्यापक होने की उम्मीद है। राज्य सरकार गाजियाबाद की इस पहल को अन्य जिलों के लिए भी अनुकरणीय मान रही है। सरकार का मानना है कि प्रदेश के सभी जनपद स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप शहरी और ग्रामीण स्थानीय निकायों के स्तर पर नीतिगत निर्णय लेकर आवासीय सोलर कवरेज बढ़ाने की दिशा में कदम उठा सकते हैं। उत्तर प्रदेश घरेलू रूफटॉप सोलर के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्तमान में प्रदेश में कुल 1440 मेगावाट रूफटॉप सोलर क्षमता स्थापित की जा चुकी है, जिससे प्रतिदिन 60 लाख यूनिट से अधिक बिजली का उत्पादन हो रहा है। यह बिजली बिना कोयला जलाए उत्पन्न हो रही है। रूफटॉप सोलर के माध्यम से आम नागरिकों को प्रतिदिन औसतन करीब चार करोड़ रुपये की बिजली बचत का लाभ मिल रहा है।

# अदालत ने फारूख अब्दुल्ला के खिलाफ वारंट वापस लिया

श्रीनगर, वार्ता



श्रीनगर की अदालत ने जम्मू-कश्मीर क्रिकेट एसोसिएशन घोटाले के सिलसिले में पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के खिलाफ पहले जारी किए गए गैर-जमानती वारंट को वापस ले लिया है।

अदालत ने श्री अब्दुल्ला के अधिवक्ता इश्तियाक खान द्वारा कार्यवाही में उनकी अनुपस्थिति का कारण बताते हुए एक आवेदन दायर करने के बाद यह निर्णय लिया। श्री खान ने अदालत को बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री एक दिन पहले जम्मू में उन पर हुए 'कातिलाना हमले' से सदमे के कारण सुनवाई में शामिल नहीं हो सके हैं। श्री खान ने दलील दी कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष इस घटना के बाद की स्थितियों के कारण शारीरिक रूप से या वर्चुअल मोड के माध्यम से पेश होने में असमर्थ थे। उन्होंने शुरू में एक नियमित छूट का आवेदन दायर किया था, लेकिन जब अदालत ने गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया, तो उन्होंने वारंट को वापस लेने की मांग करते हुए एक विस्तृत आवेदन दिया और श्री अब्दुल्ला की अनुपस्थिति के पीछे की परिस्थितियों को स्पष्ट भी किया। खान ने बताया कि अदालत ने दलील स्वीकार कर ली और तुरंत वारंट वापस ले लिया। इस तरह का रिकॉल उसी अदालत द्वारा किया जाना होता है जिसने वारंट जारी किया हो।

माहे मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



24वां रोज़ा इफ्तार
14 मार्च शनिवार
सुन्नी..................... 06:29
शिया...................... 06:41
25वां रोज़ा सहरी
15 मार्च रविवार
सुन्नी..................... 05:04
शिया...................... 04:10



हाजी ज़ियाउर्रहमान
वरिष्ठ नेता लोकदल

# अवैध रूप से संचालित अस्पतालों व लैब पर छापेमारी

**मुजफ्फरनगर।** जनपद में अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों, क्लीनिकों एवं पैथोलॉजी लैब के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील तेवतिया के निर्देशन में आज डिप्टी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अजय कुमार के नेतृत्व में एक विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित अस्पतालों, क्लीनिकों एवं पैथोलॉजी लैब का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान सदर बाजार क्षेत्र में स्थित श्री पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया गया, जहां आवश्यक दस्तावेज एवं संबंधित अभिलेख मौके पर उपलब्ध नहीं पाए गए। नियमानुसार आवश्यक कागजात प्रस्तुत न किए जाने तथा मानकों का पालन न होने के कारण उक्त लैब को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया।इसके अतिरिक्त शामली रोड स्थित संचा. लित आयुष्मान हॉस्पिटल का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कुछ आवश्यक अभिलेख एवं व्यवस्थाओं में कमियां पाए जाने पर संबंधित संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

इसी क्रम में प्रेमपुरी क्षेत्र में स्थित भार्गव क्लीनिक का निरीक्षण किया गया, जहां भी कुछ आवश्यक दस्तावेज एवं मानकों से संबंधित कमियां पाए जाने पर क्लीनिक संचालक को नोटिस जारी करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया। इसके अलावा मीनाक्षी चौक स्थित पल्स डायग्नोस्टिक सेंटर की एक्स-रे यूनिट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एक्स-रे संचालन से संबंधित आवश्यक अनुमति एवं दस्तावेज पूर्ण रूप से उपलब्ध न पाए जाने के कारण एक्स-रे यूनिट को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया तथा संचालक को नोटिस जारी कर आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। इसी क्षेत्र में स्थित अंसारी पैथोलॉजी लैब का भी निरीक्षण किया गया, जहां निरीक्षण के दौरान आवश्यक अभिलेखों में कमियां पाए जाने पर लैब संचालक को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया।

इस अवसर पर डिप्टी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. अजय कुमार ने स्पष्ट रूप से कहा कि जनपद में बिना वैध अनुमति या आवश्यक मानकों के विपरीत संचा. लित होने वाले अस्पतालों, क्लीनिकों एवं पैथोलॉजी लैब के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग द्वारा सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने सभी संचालकों को निर्देशित किया कि वे अपने संस्थानों से संबंधित सभी आवश्यक लाइसेंस, पंजीकरण एवं दस्तावेज पूर्ण रूप से अद्यतन रखें तथा शासन द्वारा निर्धारित मानकों का कड़ाई से पालन करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील तेवतिया ने भी कहा कि जनपद में आम जनता को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अनियमितता या अवैध संचालन पाए जाने पर संबंधित संस्थानों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### अंडर ट्रेनी आईएएस अपराजिता बनी जानसठ एसडीएम

**मुजफ्फरनगर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने अंडर ट्रेनिंग आईएएस अपराजिता आर्यन को जानसठ तहसील का एसडीएम बनाया है। बार एसोसिएशन की मांग पर डीएम ने जानसठ तहसील में नियुक्ति की है। इसके लिए जानसठ बार एसोसिएशन की ओर से जिलाधिकारी से मांग की गई थी।महासचिव दीपेश गुप्ता ने इस समस्या को लेकर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा से मुलाकात कर एक विशेष आग्रह किया था। जिलाधिकारी ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तत्काल संज्ञान लिया और अपराजिता आर्यन को न्यायिक कार्यों की जिम्मेदारी सौंप दी।तहसील जानसठ में लंबित मुकदमों के निस्तारण और न्यायिक कार्यों में तेजी लाने के लिए जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया है। अपरा. जिता आर्यन को जानसठ तहसील में 'उप जिलाधिकारी न्यायिक' के पद पर तैनात किया है।जानसठ तहसील बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित महासचिव दीपेश गुप्ता एड. ने बताया कि उप जिलाधिकारी जानसठ के पास प्रशासनिक कार्यों और क्षेत्र की व्यवस्थाओं की अत्यधिक व्यस्तता रहती है। इस कारण न्यायालय में वादों (मुकदमों) की नियमित सुनवाई नहीं हो पा रही थी, जिससे वादकारी और वकील दोनों परेशान थे। इस नियुक्ति के बाद अब तहसील में मुकदमों की सुनवाई सुचारू रूप से हो सकेगी।

# चरथावल में कोहराम: शादी की खुशियां मातम में बदलीं, सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**चरथावल।** चरथावल थानाक्षेत्र में लगातार दूसरे दिन हुए दर्दनाक सड़क हादसे ने कस्बे को दहला दिया है। शुक्रवार सुबह मेरठ से शादी समारोह में शिरकत कर लौट रहे एक ही परिवार के युवकों की एक्सयूवी-500 गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस भीषण हादसे में दो सगे भाइयों के पुत्रों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

कस्बे के मोहल्ला कानूनगोयान निवासी मेघराज और बेघराज का परिवार मेरठ में एक शादी समारोह में गया था। शुक्रवार सुबह वापसी के दौरान मुजफ्फरनगर-थानाभवन मार्ग पर सीएनजी पेट्रोल पंप के समीप अचानक गाड़ी अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी के परखच्चे उड़ गए और भीतर सवार युवक बुरी तरह फंस गए।

सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से घायलों को बाहर निकाला और सीएचसी चरथावल पहुंचाया, जहाँ डॉक्टरों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान विकास (30 वर्ष) पुत्र मेघराज और रोहित (25 वर्ष) पुत्र मेघराज के रूप में हुई है।

हादसे में अमित, प्रिंस, मोनू, रोहित, विकुल और सोनू गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। गौरतलब है कि बीते गुरुवार को भी इसी मार्ग पर पेड़ से टकराकर दो लोगों की जान गई थी। लगातार दूसरे दिन हुई इन मौतों से मोहल्ला कानूनगोयान में मातम छाया हुआ है। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सिल्वरटन टाइगर्स ने जीती एमपीएल टी-20 ट्रॉफी





**मुजफ्फरनगर।** क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित डब्लीडिटंट चमडपमत स्मेहनम-2 के फाइनल मुकाबले में सिल्वरटन टाइगर्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अंबा वॉरियर्स को 9 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम कर लिया। मुकाबला चौधरी चरण सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम, मुजफ्फरनगर में खेला गया।

टॉस जीतकर सिल्वरटन टाइगर्स ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए अंबा वॉरियर्स की टीम 18.1 ओवर में 98 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से परवीन कुमार ने 21 रन और समीर चौधरी ने 17 रन का योगदान दिया। सिल्वरटन टाइगर्स के गेंदबाज कुलदीप कुमार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी सिल्वरटन टाइगर्स की टीम ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 13 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 100 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। टीम की ओर से योनीत राजपूत 30 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि रितुराज शर्मा 43 रन बनाकर नाबाद लौटे।

शानदार गेंदबाजी के लिए कुलदीप कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

आज फाइनल मैच में पूर्व अंत. राष्ट्रीय अंपायर अनिल चौधरी और रवी कौशिक निर्णायक की भूमिका निभाई।

टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले शिवम चौधरी को बेस्ट बेस्टमैन, बेस्ट बॉलर कुलदीप, अपने गेंद और बल्ले से शानदार प्रदर्शन करने वाले ;तुराज को मैन ऑफ द सीरीज का खिताब मिला।

मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से विजेता टीम को 1.5 रुपए का नगद पुरस्कार और उपविजेता टीम को 1 लाख का नगद पुरस्कार दिया गया।

मैन ऑफ़ द मैच, बेस्ट बॉलर 5100 रुपए का नगद पुरस्कार और मैन ऑफ द सीरीज को किसान ब्रिक्स 11000 रुपए एवं दुबई की चार दिन की यात्रा लीड लैंड टूरिज्म की ओर से दिया गया।

मुख्य अतिथियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन युवा पीढ़ी में एक नई ऊर्जा पैदा करते हैं युवाओं में खेल प्रतिभा देखकर हमें लग रहा है कि निश्चित रूप से इनमें से कोई ना कोई जल्द ही भारतीय टीम के लिए अवश्य खेलेगा।

अतिथियों ने इस भव्य आयोजन के लिए मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन को धन्यवाद दिया और कहा कि इस तरह सोचा नहीं था कि मुजफ्फरनगर में इतना शानदार आयोजन देखने को मिलेगा।

आज पुरस्कार वितरण समारोह पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ संजीव बालियान, राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरवस्वरूप, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार संगठन के अध्यक्ष संजय मित्तल, वसुंधरा के डक अमित चौधरी, उद्योगपति राकेश बिंदल, राजेश जैन, संजीव जैन,राजीव जैन, ;षभ जैन, ।डठ। शक्ति के ळड सुधीर शेरावत, संजय खेड़ा, अखिलेश गुप्ता नवीन त्यागी पूर्व जिला क्रीड़ा अधिकारी, पुष्पेंद्र वर्मा, मुजफ्फरनगर खेड़ा अधिकारी भूपेंद्र यादव आदि लोग उपस्थित रहे।एमपीएल 2 के आयोजन मुजफ्फरनगर क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष भीम कंसल, अध्यक्ष भूपेंद्र यादव, सचिव मनोज पुंडीर,उपाध्यक्ष कुशल पाल,अरविंद भारद्वाज, इंद्र माथुर,डायरेक्टर संजय शर्मा, जॉइंट सेक्रेटरी ओम देव सिंह, रोहित चौधरी, विकास राठी,अरशद, रोहन त्यागी कुमार गौरव सि)र्थ, आक. श लूथरा आदि लोग उपस्थित रहे।

## गैस कालाबाजारी करने वालों पर शिकंजा
## रिफिलिंग करते 12 सिलेंडर और कांटा जब्त

**मुजफ्फरनगर।** रसोई गैस की किल्लत और सिलेंडर बुकिंग को लेकर मची मारामारी के बीच प्रशासन ने कालाबाजारी करने वालों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है।

जिला पूर्ति अधिकारी ओम हरि वाजपेयी के निर्देश पर नगर क्षेत्र के कुंदपुरा इलाके में आपूर्ति विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने यहाँ से 12 एलपीजी सिलेंडर जब्त किए हैं। क्षेत्रीय पूर्ति निरीक्षक आशीष श्रीवास्तव के नेतृत्व में टीम ने कुंदनपुरा स्थित एक संदिग्ध दुकान पर औचक छापेमारी की। प्रशासन को सूचना मिली थी कि यहाँ अवैध रूप से गैस रिफिलिंग का खेल चल रहा है और सिलेंडरों का अवैध स्टॉक जमा किया गया है। छापेमारी के दौरान मौके से 12 एलपीजी सिलेंडर और वजन करने वाला कांटा बरामद किया गया, जिसे टीम ने तुरंत जब्त कर लिया।पूर्ति निरीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में सिलेंडरों की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए विभाग 24 घंटे निगरानी कर रहा है। गैस की कमी की खबरों के बीच कुछ लोग आपदा में अवसर तलाश रहे हैं, जिन्हें कतई बख्शा नहीं जाएगा। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि कहीं भी अवैध रिफिलिंग या निर्धारित मूल्य से अधिक पर सिलेंडर बिक्री की शिकायत मिली, तो संबंधित के खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई की जाएगी।



मुजफ्फरनगर: गैस एजेंसी पर केवाईसी कराने वालों की लग रही है भीड़।

# गैस की किल्लत : तपती धूप में कतारें और कालाबाजारी के आरोप

■ ब्लैक में सिलेण्डर की कीमत दो हजार के पार पहुंची

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मुजफ्फरनगर।** लगातार रसोई गैस की किल्लत अब उपभोक्ताओं के सब्र का बांध तोड़ रही है। गैस एजेंसियों के बाहर सुबह से ही लगने वाली उपभोक्ताओं की लंबी कतारें और वहां होने वाला हंगामा प्रशासन के सुचारू आपूर्ति के दावों की पोल खोल रहा है। शहर में गैस को लेकर मचे इस हाहाकार मचा है उपभोक्ताओं की मांग है कि हॉकर्स की जांच की जाए और ख़त्रिम किल्लत पैदा करने वालों पर सख्त एक्शन लिया जाए, ताकि आम आदमी को राहत मिल सके।

शुक्रवार को कच्ची सड़क स्थित सरवट इंडेन सेवा के कार्यालय पर उस समय भारी बवाल हो गया जब घंटों लाइन में लगने के बाद भी उपभोक्ताओं के हाथ खाली रहे। आक्रोशित लोगों ने एजेंसी प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे उपभोक्ताओं ने गैस एजेंसी और बिचौलियों की मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए हैं। उपभोक्ता साजिद हसन का कहना है कि एक तरफ सरकार ने गैस के दाम साठ रुपये बढ़ा दिए हैं, वहीं दूसरी ओर एजेंसी बुकिंग न होने का बहाना बना रही है। सबसे चौंकाने वाला आरोप यह है कि आम जनता के लिए सिलेंडर उपलब्ध नहीं हैं, लेकिन हॉकर्स के पास ब्लैक में बेचने के लिए पर्याप्त स्टॉक है। आरोप है कि नौ सौ रुपये का सरकारी सिलेंडर पंद्रह सौ से दो हजार रुपये तक में खुलेआम बेचा जा रहा है।



मुजफ्फरनगर: मस्जिद में रमजान के चौथे जुमे की नमाज अदा करते अकीदतमंद।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था में अदा की गई चौथे जुमे की नमाज

## मुल्क और आवाम की बेहतरी की दुआ मांगी

■ चौथे जुमे पर पुलिस भी रही मुस्तैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मुजफ्फरनगर।** माहे रमजान के चौथे जुमे की नमाज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अदा कराई ग ई । सुबह सवेरे से ही आला अधिकारी अलर्ट मोड पर नजर आए। संवे. दनशील इलाकों और मस्जिदों के बाहर भारी पुलिस बल तैनात किया गया था।

इस दौरान पुलिस के आला अधिकारियों ने खुद सड़कों पर उतरकर सुरक्षा का जायजा लिया और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। निरीक्षण करने निकले पुलिस अधीक्षक नगर सत्यानारायण प्रजापत ने भारी पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र के खालापार और कोतवाली नगर थाना क्षेत्रों का भ्रमण किया। उन्होंने मस्जिदों के आसपास की सुरक्षा व्यवस्था, मुख्य बाजारों और भीड़भाड़ वाले संवेदनशील स्थानों पर तैनात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी को परखा।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संदिग्ध गति. विधियों पर पैनी नजर रखी जाए और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें।

# तरुण खटीक हत्याकांड :न्याय की मांग को निकाला कैंडल मार्च

■ कैन्डिल मार्च में सैकड़ों नागरिकों ने लिया हिस्सा

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मुजफ्फरनगर।** दिल्ली के उत्तम नगर में तरुण खटीक की हत्या के विरोध में तरुण खटीक कैंडल मार्च निकाला गया। खटीक समाज के सैकड़ों लोगों ने इस घटना पर गहरा दुख और आक्रोश व्यक्त करते हुए न्याय की मांग उठाई और दोषियों को सख्त सजा देने की मांग की।

महावीर चौक से शुरू हुआ कैंडलमार्च प्रकाश चौक और झांसी रानी चौक होते हुए शिव चौक तक पहुंचा मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों ने हत्यारे खटीक को न्याय दो और हत्या के दोषियों को सजा दो जैसे नारे लगाए। शिव चौक पहुंचने पर सभी ने दिवंगत तरुण खटीक की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस दौरान कई लोगों की आंखें नम दिखाई दीं।

कैंडल मार्च में शामिल लोगों ने सरकार और प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि दोषियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जानी चाहिए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। समाज के सदस्यों का कहना था कि इस घटना से सनातन धर्म से जुड़े समाज में भय और असुरक्षा का माहौल बन गया है। मार्च के दौरान लोगों ने शांति बनाए रखने और सामाजिक सौहार्द कायम रखने की अपील भी की।

# हिंदू-मुस्लिम का बीज बोकर राजनीति कर रही भाजपा : नसीमुद्दीन

**शाह टाइम्स संवाददाता**
**मुजफ्फरनगर।** बसपा सरकार में कैबीनेट मंत्री रहे नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने सपा का दामन थाम लिया।

सपा में शामिल होने के बाद पहली बार महावीर चौक स्थित सपा कार्यालय पहुंचे पूर्व कैबीनेट मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी नेराज्य की भाजपा सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोई भी वर्ग सुरक्षित नहीं है उन्होंने दावा किया कि वह गन्ना मंत्री रहे हैं, उनके समय में किसानों को सबसे अधिक बढ़ाकर गन्ना मूल्य दिया गया। बीजेपी किसानों के विरुद्ध काला कानून लेकर आई लेकिन सपा के आंदोलन के चलते उसे पीछे हटना पड़ा। उन्होंने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि भाजपा बेटी बचाओ का नारा दे रही है, जबकि कुछ दिन पहले सीतापुर में नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गई। हिंदू-मुस्लिम का बीज बोया जा रहा है। मंदिर-मस्जिद के नाम पर लोगों को लड़ाया जा रहा है।

भुगतान में देरी से किसान परेशान हैं। सपा पीडीए को लेकर सड़कों पर उतर रही है। उन्होंने दावा किया कि सपा 2027 विधानसभा चुनाव में पीडीए के बल पर भारी जीत दर्ज करकर सरकार बनाएगी।

पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि आज किसान परेशान हैं।

गन्ना, गेहूं का लागत मूल्य बढ़ रहा है। चीनी मिल भुगतान में भी देरी कर रही है। जिससे किसानों को शादी-विवाह सहित बच्चों की पढ़ाई की फीस आदि भरने में दिक्कत हो रही है। हिंदू-मुस्लिम का बीज बोया जा रहा है। मंदिर-मस्जिद के नाम पर दीवार खड़ी की जा रही है। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या देश और प्रदेश में पहले भाईचारा नहीं था। इस समय प्रदेश में दलित और अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं। अब तो शंकराचार्य जैसे व्यक्तित्व को भी नहीं बख्शा जा रहा है। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष जिया चौधरी, विधायक पंकज मलिक, प्रदेश सचिव राकेश शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष श्यामलाल बच्ची सैनी, इंद्रम सिंह गुर्जर, सोमपाल भाटी, साजिद हसन, सभासद नदीम खान, शौकत अंसारी,शामिल सिंह,कृष्ण पाल सिंह,राजेंद्र सिंह चौहान, सरदार मानवेंद्र सिंह, शाहनवाज मलिक, आशु मलिक,गगन महावी, मुजफ्फर अली, अक्षय कुमार,अंकित पाल सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।





मुजफ्फरनगर: सपा कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते नसीमुद्दीन सिद्दीकी।

आयुष्मान सुविधा उपलब्ध है
माहे रमजान की दिली मुबारकबाद
डॉ0 रिजवान अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ0 मौहसिन अली
एम0बी0बी0एस0 (एम0डी0)
डॉ0 मौ0 शुऐब
एम0बी0बी0एस0 (एम0एस0)
डॉ0 जैनब इनाम
एम0बी0बी0एस0 (डी0जी0ओ0)
(स्त्री रोग विशेषज्ञ)
दिवान हॉस्पिटल
सुजडू चुंगी, मेन रोड मुजफ्फरनगर 251001
0131-2634069-9837 3357 11

# लालखेडी चौराहे पर ट्रक से भिड़ंत में बाइक सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**तितावी।** थाना क्षेत्र के लालूखेड़ी चौराहे पर बाइक और ईंट से भरे ट्रक भिड़ंत हो गई। भिड़ंत के बाद बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वही ट्रक लेकर भाग चालक की हड़बड़ाहट व रफ्तार को देखते हुए सामने से आ रही कार नहर में पलट गई जिसमें एक महिला सहित चार सवार बाल-बाल बच गए।

शामली के धीमानपुरा निवासी 40 वषह्वय अमित पुत्र राम्श्वर दयाल बाइक पर गैस सिलेंडर लेकर शुक्रवार को मुजफ्फरनगर की तरफ आ रहा था। जब अमित दोपहर तीन बजे के लगभग लालूखेड़ी चौराहे के पास पहुंचा तो ईंट से भरे ट्रक से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अमित की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक को लेकर लालूखेड़ी पटरी से होते हुए चरथावल की तरफ दौड़ पड़ा। पीपलहेडा के पास सामने से आ रही अल्टो कार ट्रक की रफ्तार को देखते हुए बचने के प्रयास में नहर में पलट गई। कार को नहर में पलटता देख आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और जल्दी से लोगों ने कार सवार चार एक महिला सहित लोगों को बाहर निकाला। कार सवार मेरठ निवासी बताए गए हैं। हादसे के बाद ट्रक चालक ट्रक को छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया और मृतक अमित के शव को भी कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## रोजा इफ्तार से मिलता है भाईचारे को बढ़ावा

**चरथावल ।** प्रमुख समाजसेवी वाहब त्यागी के यहां रोजा इफ्तार कार्यक्रम का आयोजन किया गया रोजा इफ्तार कार्यक्रम मे चेयरमेन मास्टर इस्लाम ने कहा की रोजा इफ्तार कार्यक्रमों से जहाँ भाईचारे को बढ़ावा मिलता है वही हमारे नगर मे साम्प्रदायिक सौहार्द की अनूठी मिशाल भी देखने को मिलती है रोजा इफ्तार कार्यक्रम मे जहाँ रोजेदारों ने देश मे अमन चेन व खुशहाली की दुआ की वही कार्यक्रम मे बबलू प्रधान छपार, काला मेंबर,मतलूब राइन, वरिष्ठ पत्रकार सादिक त्यागी, फुरकान अध्यक्ष, प्रवेज मेंबर, मुरसलीन त्यागी, आसिफ डायरेक्टर, आरिफ प्रधान, सादिक श्री श्री सहित अनेको मौजूद रहे

# हाइवे के अधिकारी नहीं उठा रहे हैं किसी का भी फोन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** गांव बिराल में देहराद. ून इकनॉमिक कॉरिडोर क्या बनाया गया यहां के सैंकडों किसानों की समस्याओं में और भी जबरदस्त इजाफा हो गया। कई बार धरना दिया। अधिकारी भी आए लेकिन वादे पर वादे हुए मगर समस्या का कोई निस्तारण नहीं। अगर गांव बिराल के लोगों की बातों पर यकीन किया जाए तो अब इस हाइवे के अधिकारी भी स्थानीय प्रशासन तो दूर की बात जिले के अधिकारियों का भी फोनष्ठ नहीं उठा रहे। इसी बात से क्षुब्ध होकर शुक्रवार के दिन ग्रामीणों ने हाइवे पर टैंट लगाकर आज से अनिश्चितकालीन धरना शुरु करने की बात कहकर धरना शुरु कर दिया। ग्रामीणों की जो मांग हैं उनमे ग्राम बिराल के पास से गुजर रहे दिल्ली देहरादून इकनॉमिक कॉरिडोर पर ग्रामीणों के आने जाने के लिए सर्विस रोड का निर्माण कराया जाए। ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए अंडरपास, कट व सुरक्षित रास्ते की व्यवस्था की जाए। भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं को रोकने हेतू जरुरी कदम उठाए जाएं। हाईटेंशन विद्युत लाइन से संबंधित मुआवजा दिया जाए। यहां ठाकुर अंकुशष्ठ प्रताप सिंह, ठाकुर सत्यवीर सिंह, ठाकुर मुकेश सिंह, ठाकुर राज करण, डाक्टर लीला, भीम सिंह, ठाकुर देव कुमार, सिंह मन्नू प्रधान,



संदीप सिंह, प्रभात, आशीष, ठाकुर सुरेश पाल, अर्जुन सिंह, ठाकुर सिंह ठाकुर, ठाकुर सतीश सिंह, ठाकुर राजकुमार सिंह, ठाकुर सुभाष सिंह, ठाकुर यशपाल सिंह और ठाकुर प्रदीप सिंह आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप,कार्रवाई को लगाई गुहार

**मोरना।**थाना क्षेत्र की एक युवती ने मीरापुर क्षेत्र निवासी युवक पर शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवती ने बताया कि करीब छरू माह पूर्व उसकी मुलाकात मीरा. पुर थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक से हुई थी। रिश्तेदार होने के चलते दोनों के बीच बातचीत शुरू हुई और आरोपी ने युवती को शादी का झांसा देकर उसके साथ संबंध बनाए।

पीड़िता के पिता को इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने आरोपी और उसके माता-पिता से बातचीत की। उस समय उन्होंने युवती से शादी कराने का अश्वासन दिया था। आरोप है कि बीते 20 फरवरी को आरोपी युवती के घर पहुंचा और कमरे में बंद कर जबरदस्ती उसके साथ दुष्कर्म किया।

बीते 4 मार्च को युवती के पिता ने आरोपी व उसके परिजनों को फिर बुलाया। जब युवती के पिता ने शादी की बात कही तो आरोपी और उसके परिजनों ने शादी से इनकार कर दिया। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने युवती और उसके पिता के साथ मारपीट व गाली-गलौच की तथा कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोपी ने कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया और मोबाइल से अश्लील वीडियो भी बना ली है।पीडिता ने कार्रवाई की गुहार पुलिस से लगाई है।

# दुर्व्यवहार से नाराज भाकियू कार्यकर्ताओं ने बैंक शाखा के बाहर दिया धरना

**मोरना।**बचत खाते से रकम के काटे जाने के बाद बैंक शाखा में पहुंचे किसान ने शाखा प्रबंधक पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया है।दुर्व्यवहार व अनुमति के बिना खाते से राशि कटने से नाराज हुए भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने बैंक शाखा के बाहर धरना देकर नारेबाजी करते हुए तुरन्त समस्या के समाधान की मांग की। आश्वास न के बाद देर शाम धरना समाप्त किया गया

भोपा थाना क्षेत्र के गाँव मोरना में मुज़फ्फरनगर मार्ग स्थित पंजाब एंड सिंध बैंक शाखा पर शुक्रवार की दोपहर दर्जनों भाकियू टिकैत कार्यकर्ता बैंक शाखा के बाहर धरने पर बैठ गए ब्लॉक् अध्यक्ष अनुज राठी ने बताया कि भोकरहेड़ी निवासी किसान सतीश व अरविंद भाईयो का एक संयुक्त खाता पंजाब एंड सिंध बैंक शाखा में है। दोनो भाईयो ने बैंक से क्रेडिट कार्ड पर कर्ज लिया हुआ है।

शाखा में ही एक अन्य खाता संयुक्त खाता सतीश व उनके पिता स्व. महेन्द्र सिंह का है।चीनी मिल से गन्ने का भुगतान स्वर्गीय महेंद्र सिंह के नाम खाते में आता है।बीते 6 मार्च को पिता व सतीश के बचत खाते से 36 हज़ार रुपये की रकम क्रेडिट कार्ड पर ऑवर डड्ू अथवा अधिक कर्ज बताकर काट ली गयी बीते वर्ष भी 19 हजार रुपये की रकम को बचत खाते से नियम विरुद्ध काट लिया गया था। शुक्रवार को जब किसान सतीश व अरविंद भाकियू के अनुज राठी संग शाखा में जानकारी करने पहुंचे ।आरोप है कि शाखा प्रबंधक ने दुर्व्यवहार करते हुए बाहर जाकर बैठने को कहा जिसके क्षुब्ध होकर भाकियू कार्यकर्ता धरने पर बैठ गए। वही शाखा प्रबंधक ललन कुमार ने बताया की कर्जदार के दोनो खाते इसी शाखा में है।

केवल ब्याज की रकम को काटा गया है जो कि बैंक के नियम के अनुसार है।दुर्व्यवहार के आरोप निराधार हैं।उन्होंने केवल लंच कर लेने का अनुरोध किया था। धरने के दौरान मंडल महासचिव सरदार अमीर सिंह ,मोंटी राठी, आदित्य राठी, विनीत राठी , युवराज तोमर,बबलू सहरावत ,धर्मेंद्र सिंह, विनीत कुमार, अनिल प्रधान ,मोंटी चौधरी,सरफराज फैजान, रियाज ,गुलबहार ,नौशाद, रिहान, जॉनी ,पंकज, आदि मौजूद रहेोर शाम अनुज राठी ने बताया कि आगामी सोमवार को समस्या का समाधान होने के आश्वा. सन पर धरना समाप्त किया गया।





# किशोरी को बहका-फुसलाकर ले जाने का आरोप

**मोरना।** क्षेत्र के गांव निवासी 15 वर्षीय किशोरी को बहका कर ले जाने का मामला प्रकाश में आया है।पिता ने थाने में तहरीर देकर पुत्री की बरामदगी की गुहार लगाई है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गाँव निवासी निवासी व्यक्ति ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि उनकी 15 वषह्वय पुत्री बीते मंगलवार की शाम अचानक घर से लापता हो गई। आरोप है कि निकटवर्ती गांव निवासी युवक उसकी पुत्री को बहका कर अपने साथ ले गया।

समन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5, कायदा 1 व 5) **न्यायालय श्रीमान् उपजिला. धिकारी महोदय, तहसील सदर, मुजफ्फरनगर** वाद सं0-9142 सन् 2025 **जनेश्वर प्रसाद आदि** बनाम **सतवीर सिंह आदि** अ.धारा-116 उ.प्र.रा. संहिता मौजा-कम्हेडा, बसेडा-।। व दुहेली 1- जनेश्वर प्रसाद पुत्र खड़क सिंह 2-अशोक कुमार 3-आदेश कुमार पुत्रगण रमेश चन्द व अन्य समस्त नि.गण ग्राम कम्हेडा परगना पुरछपार, तहसील सदर जिला- मुजफ्फरनगर। **बनाम** 4- पवन पुत्र रमेश निवासी ग्राम कम्हेंडा, परगना पुरछपार, तहसील सदर जिला- मुजफ्फरनगर। वादीगण ने आपके नाम नालिश बाबत वाद वास्ते खाता तकसीम हेतू दायर की, में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख के जो दिनाक 20-03-2026 ई. को 10.00 बजे दिन में असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर अहम मुत्तालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बस्वत मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख 6 माह 3 सन् 2026 ई. जारी किया गया।

**उप जिलाधिकारी सदर मुजफ्फरनगर द्वारा पेशकार**

# खतौली में कैंडल मार्च निकालकर की तरुण बुटोलिया हत्याकांड के आरोपियों को फांसी देने की मांग

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** दिल्ली के उत्तम नगर में होली के दौरान हुए विवाद में 26 वर्षीय युवक तरुण बुटोलिया की पीट-पीटकर हत्या के विरोध में शुक्रवार को खतौली में खटीक समाज व सर्व हिंदू समाज के लोगों ने कैंडल मार्च निकाला।

आक्रोशित लोगों ने हत्यारों को फांसी देने और कड़ी कार्रवाई की मांग की।

घंटाघर स्थित अंबर पैलेस से सैकड़ों लोगों ने कैंडल मार्च शुरू किया। प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते हुए कोतवाली खतौली पहुंचे, जहां भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर मोमबत्तियां जलाकर दो मिनट का मौन रखकर श्र)ांजलि दी गई। प्रदर्शन के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष परवीन ठकराल ने कहा कि होली के दिन एक मामूली विवाद के बाद तरुण बुटोलिया की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई, जो बेहद निंदनीय है। उन्होंने कहा कि दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए और उन्हें फांसी दी जानी चाहिए।

उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक पीड़ित परिवार को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक समाज का आंदोलन जारी रहेगा।

बताया गया कि होली के दिन एक बच्ची से गलती से पानी का गुब्बारा एक महिला पर गिर गया था, जिसके बाद विवाद बढ़ गया और बाद में युवक की पिटाई कर हत्या कर दी गई।

कैंडल मार्च में प्रताप राणा, परवीन ठकराल, सुधीश पुंडीर, मोर्ा. हत धारीवाल, मदन छाबड़ा, अजय भुर्जी, देवेंद्र बागड़ी समेत सर्व समाज के कई लोग मौजूद रहे।





## श्रीराम कॉलेज प्रबन्धन विभाग में हुआ अतिथि व्याख्यान

**मुजफ्फरनगर।** श्रीराम ग्रुप आफ कालेजेज के प्रबन्धन विभाग में अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें आईआईटी रूडकी के डा रविन्द्र कुमार त्यागी (प्रोफेसर आफ प्रैक्टिस) द्वारा सक्सेस मन्त्रा-ड्रीम टू डिसिप्लिन विषय पर छात्रो को संबोधित किया गया। डा रविन्द्र कुमार त्यागी ने छात्रों को बताया कि सफलता का मूल मंत्र ख्रढ संकल्प, निरन्तर मेहनत, समय प्रबन्धन और सकारात्मक नजरीया है। उन्होने बताया कि अपने लक्ष्यों पर एकाग्रता बनाए रखे तथा अपनी प्रतिभा को पहचाने और असफलता का कारण निकालकर उसका समाधान खोज कर आगे बढे।

इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप आफ कालेजेज, मुजफ्फरनगर के श्रीराम ग्रुप आफ कालेजज के डायरेक्टर डा0 एस एन चौहान तथा डीन डा0 सौरभ मित्तल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिये प्रबन्धन विभाग के सभी शिक्षकों एवं छात्रों की सराहना की एवं बधाई दी।

## शांति समिति की बैठक आयोजित

**रामराज।** थाना रामराज परिसर में आगामी ईद के त्योहार को सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र के विभिन्न समुदायों के गणमान्य व्यक्ति, धर्मगुरु और सामाजिक प्रतिनिधियों ने भाग लेकर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। सभी ने आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का संकल्प लिया।बैठक को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी रवेन्द्र सिंह यादव ने उपस्थित लोगों से अपील की कि ईद का पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया जाए और किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दिया जाए। उन्होंने कहा कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या कोई संदिग्ध गतिविधि आसपास दिखाई दे तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें,

### चुनाव सूचना

दि. चौ छोटूराम कॉलेज मैनेजिंग कमेटी, मुजफ्फरनगर एवं चौ छोटूराम पी.जी कॉलेज, मुजफ्फरगनगर की प्रबन्ध समिति एक ही होती है। उक्त प्रबन्ध समिति में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष, एक सचिव (सेक्रेट्री), एक उप सचिव (ज्वाइंट सेक्रेट्री) व एक कोषाध्यक्ष सहित पाँच पदाधिकारियों के अतिरिक्त 7 कार्यकारिणी सदस्यों (इस प्रकार कुल 12 पदों हेतु) का निर्वाचन संस्था की पंजीकृत नियमावली के अनुसार होगा। साधारण सभा के सभी मान्य सदस्यों को संस्था व महाविद्यालय के त्रिवार्षिक निर्वाचन हेतु निम्न कार्यक्रम की सूचना दी जाती है।

**चुनाव कार्यक्रम**

| क्र.स. | विवरण | दिन व दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1 | मतदाता सूची का प्रकाशन। | रविवार, 22.03.2026 | प्रातः 10 बजे |
| 2 | मतदाता सूची पर आपत्ति एवं निस्तारण (यदि कोई हो) | सोमवार, 23.03.2026 | प्रातः 10 बजे से मध्याहन 12 बजे तक |
| 3 | अन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन | सोमवार, 23.03 2026 | दोपहर 4 बजे |
| 4 | प्रबन्ध समिति के 05 पदाधिकारी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष तथा सात अन्य सदस्यों के लिए नामांकन प्रस्तुत किया जाना। | बुधवार, 25.03.2026 | प्रातः 10 बजे से अपराह्न 1 बजे तक |
| 5 | नामांकन पत्रों की जाँच | बुधवार 25.03.2026 | अपराह्न 1 बजे से अपराह्न 2 बजे तक |
| 6 | नामांकन पत्रों की वापसी | बुधवार,25.03.2026 | अपराह्न 2 बजे सेअपराह्न 3 बजे तक |
| 7 | प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन एवं चुनाव चिह्न का आबंटन, यदि आवश्यक हुआ | बृहस्पतिवार, 26.03.2026 | प्रातः 10 बजे से मध्याहन 12 बजे तक |
| 8 | आमसभा | रविवार, 29.03.2026 | प्रातः 10 बजे से प्रातः 11 बजे तक |
| 9 | मतदान (यदि आवश्यक हुआ तो) | रविवार,29.03.2026 | प्रातः 11 बजे से सांय 3 बजे तक |
| 10 | मतगणना | रविवार, 29.03.2026 | साय 3 बजे से मतगणना समाप्ति तक |
| 11 | चुनाव परिणाम की घोषणा | रविवार, 29.03.2026 | मतगणना की समाप्ति पर |

नोट : 1. उपरोक्त सभी चुनाव कार्यक्रम चौधरी छोटूराम पी.जी. कॉलेज सरकुलर रोड़ दक्षिणी सिविल लाईन मुजफ्फरनगर के परिसर में सम्पन्न होंगें।
2. नामांकन पत्र के साथ आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. नामांकन, आमसभा एवं मतदान के दिन इस सूचना पत्र के साथ पहचान-पत्र लाना आवश्यक है।
4. चुनाव में चुनाव अधिकारी का निर्णय अंतिम होगा।

**विजेन्द्र प्रताप (एडवोकेट)**
चुनाव अधिकारी
दि चौ० छोटूराम कॉलेज मैनेजिंग कमेटी (रजि०) एवं चौ० छोटूराम पी०जी० कॉलेज मु० नगर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुजफ्फरनगर

पंत्राक 2093 /E-Tender/P.W.D./NPP/2025-26 दिनांक-13/03/2026

### अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद के निर्माण विभाग के समस्त पंजीकृत/वर्ष 2025-26 में नवीनीकृत/किसी भी शासकीय विभाग में निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित 12 निर्माण कार्यो हेतु दिनांक 30.03.2026 को अपराहन 3:00 बजे तक ई-निविदायें आमन्त्रित की जाती है। वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर निविदा फार्म ऑनलाईन दिनांक 16.03.2026 की प्रातः 10 से दिनांक 30.03.2026 की अपराहन 3:00 बजे तक डाउनलोड तथा अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई-निविदाओं को दिनाक 30-03-2026 की अपराहन 4.00 बजे अधिशासी अधिकारी महोदया के समक्ष खोला जायेगा। उक्त कार्य **राज्य वित्त आयोग** के अन्तर्गत स्वीकृत है। निविदा सूचना की सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त किये जाने हेतु नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के निर्माण विभाग कार्यालय में आकर प्राप्त कर सकते हैं।

**सहायक अभियंता (निर्माण) नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर** | **अधिशासी अधिकार नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर** | **अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर**

## किसानों ने वैज्ञानिकों से कृषि समस्याओं पर किया संवाद

**मीरापुर।** ग्राम कुतुबपुर में बसंतकालीन गन्ने में मूंग व उर्द सहफसली अभियान तथा इन सीटू फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन किया गया।इस अवसर पर केंद्र के प्रभारी अधिकारी डॉ. यशपाल सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि गन्ने के साथ मूंग या उर्द की सहफसल लेने से भूमि की उर्वरता में सुधार होता है और किसानों की अतिरिक्त आय भी बढ़ती है। उन्होंने बताया कि दलहनी फसलों से मिटी में नाइट्रोजन की मात्रा बढ़ती है, जिससे गन्ने की फसल को भी लाभ मिलता है। कार्यक्रम के दौरान केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. रीना ने इन सीटू फसल अवशेष प्रबंधन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि फसल अवशेषों को खेत में ही प्रबंधित करने से मिटी की संरचना में सुधार होता है, जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ती है और पर्यावरण प्रदूषण भी कम होता है। प्रक्षेत्र दिवस के दौरान किसानों को गेहूं के खेत में फसल अवशेष प्रबंधन से जुड़े प्रदर्शनों का प्रत्यक्ष अवलोकन कराया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता सुभाष चंद्र ने की। इस अवसर पर डा. रवि शर्मा, विपिन शर्मा, नवाब सिंह, ;षिपाल, मनोज कुमार, आबिद, कपिल कुमार, अभिनव शर्मा, सचिन शर्मा, अभिषेक शर्मा, साजिद अली, पारुल, आकृति शर्मा, रितु शर्मा, पूजा, ज्योति, शाहीन और सरोज देवी सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री मोनिका पत्नी पहल सिंह निवासी धूम्मनपुरी थाना पुरकाज़ी मुजफ्फरनगर के पुत्र मोहित जो मेरा धेवता है जो कभी कभी मेरे गाव रेत्तानगल मे मेरे घर आता था मोहित के गलत आचरण व चाल चलन के कारण मुझे अपमानित होना पड़ता हैं इस लिए मै अपने धेवते मोहित पुत्र पहल सिंह से सब रिश्ते समाप्त करके संबंध विच्छेद करता हूँ मोहित से मेरा व मेरे परिवार का कोई रिश्ता नही है वह अपने अच्छे बुरे कार्य का स्वम जिम्मेदार होगा।

**मांगे राम पुत्र कालेराम निवासी रेत्तानगला थाना छपार जनपद मुजफ्फरनगर**

### सम्बन्ध विच्छेद सूचना

में समशेर पुत्र अक्तर निवासी ग्राम राजपुर छाजपुर थाना और तहसील बुढाना जिला मुजफ्फरनगर का निवासी हूं। मेरी 18 वर्षीया पुत्री राशीदा असामाजिक कार्यो में संलिप्त है। वह मेरे और मेरे परिवार के कहने सुनने मे नही है। आये दिन मुझसे व मेरे परिवार संग मारपीट करती है। झूठे केस मे फंसाने की धमकी देती है। घर से कई कई दिन गायब रहती है। में और मेरा परिवार उससे तंग है। मै 12 मार्च 2026 से अपनी पुत्री राशीदा को उसकी गलत हरकतों से तंग आकर अपनी कुल चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। अब मेरा व मेरे परिवार का राशीदा से कोई वास्ता नही है। किसी भी गलत कृत्य की खुद जिम्मेदार होगी। मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नही होगी यदि कोई राशीदा से लेन देन रखता है तो खुद जिम्मेदार होगा।

समन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब( आर्डर 5 कायदा 1 व 5) **न्यायालय श्रीमान् अपर उपजिलाधिकारी महोदय, तहसील सदर, मुजफरनगर** वाद सं- .... सन् ... **रिजवानुल हक बनाम मोईनुल हक आदि** अ. धारा-116 उ.प्र.रा. संहिता मौजा-बघरा-द्वितीय रिजवानुल हक पुत्र अहसानुल हक निवासी ग्राम बघरा, परगना बघरा, तहसील सदर जिला-मुजफ्फरनगर। बनाम 1-मोईनुल हक 2-फईमुल हक 3-मन्सूरउल हक पुत्रगण अहसानुल हक 4-इसरानुल हक पुत्र इनामुल हक नि.गण ग्राम बघरा, परगना बघरा, तहसील व जिला-मुजफ्फरनगर वादीगण ने आपके नाम नालिश बाबत वाद वास्ते खाता तकसीम हेतू दायर की, में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख के जो दिनाकं 16-03-2026 ई. को 10.00 बजे दिन में असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर अहम मुत्तालिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगें तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बस्वत मेरे दस्तखत और मोहर अदालत के आज बतारीख ...माह ... सन् 2026 ई. जारी किया गया।

**अपर उपजिलाधिकारी सदर मुजफ्फरनगर**

समन वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब( आर्डर 5, कायदा 1 व 5) **न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय, तहसील खतौली, मु. नगर** वाद सं. T202509550603744 सन 2025 **राकेश कुमार** पुत्र श्री रामेश्वर दयाल निवासी ग्राम दिनकरपुर, परगना शिकारपुर तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर।...**प्राथी/वादी बनाम** 1. योगेश कुमार 2. विजयपाल 3. सुभाष चन्द त्यागी पुत्रगण श्री रामेश्वर दयाल 4. दिनेश कुमार पुत्र श्री बालेश्वर 5. अनमोल पुत्र श्री जगमोहन 6. श्रीमती संगीता पत्नी श्री जगमोहन 7. ब्रजभूषण पुत्र श्री जनेश्वर प्रसाद 8.श्रीमती सुचित्रा पत्नी श्री ब्रजभूषण निवासीगण ग्राम दिनकरपुर परगना शिकारपुर तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। 9. गांव सभा दिनकरपुर द्वारा प्रधान ग्राम दिनकरपुर परगना शिकारपुर तहसील खतौली जनपद मु. नगर। .... **प्रतिवादीगण** अन्तर्गत धारा-116 उ0प्र0रा0सं0 2006 ग्राम- दिनकरपुर परगना खतौली तहसील खतौली जनपद मुजफ्फरनगर हरगाह मिनजानिब वादी ने आपके नाम नालिस बाबत के दायर की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख 24.03.2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबी देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 10/03/2026 जारी किया गया।

**उप जिलाधिकारी खतौली**

समन वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब( आर्डर 5, कायदा 1 व 5) **न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय, तहसील खतौली, मु. नगर** वाद सं. T202509550604279 सन 2025 राकेश कुमार पुत्र श्री रामेश्वर दयाल निवासी ग्राम दिनकरपुर, परगना शिकारपुर तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। ....**प्राथी/वादी बनाम** 1. देविन्द्र कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह नि. ग्राम काकडा तहसील बुढाना (मु. नगर) 2. योगेश कुमार 3. विजयपाल 4 सुभाष चन्द त्यागी पुत्रगण श्री रामेश्वर दयाल 5. दिनेश कुमार पुत्र श्री बालेश्वर निवासीगण ग्राम दिनकरपुर परगना शिकारपुर तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। 6. श्रीमती सरिता पत्नी श्री राजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम काकडा तहसील बुढाना (मु.नगर) 7. गांव सभा दिनकरपुर द्वारा प्रधान ग्राम दिनकरपुर परगना शिकारपुर तहसील खतौली जनपद मु. नगर। ..... **प्रतिवादीगण** अन्तर्गत धारा-116 उ0प्र0रा0सं0 2006 ग्राम- दिनकरपुर परगना खतौली तहसील खतौली जनपद मुजफ्फरनगर हरगाह मिनजानिब वादी ने आपके नाम नालिस बाबत के दायर की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख 19.03.2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबी देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 10/03/2026 जारी किया गया।

**उप जिलाधिकारी खतौली**

समन वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब( आर्डर 5, कायदा 1 व 5) **न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय, तहसील खतौली, मु. नगर** वाद सं. T202509550603738 सन 2025 राकेश कुमार पुत्र श्री रामेश्वर दयाल निवासी ग्राम दिनकरपुर, परगना शिकारपुर तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। ...**प्राथी/वादी बनाम** 1. अनमोल पुत्र श्री जगमोहन 2. श्रीमती संगीता पत्नी श्री जगमोहन 3. दिनेश कुमार 4. योगेश कुमार 5. विजयपाल 6. सुभाष चन्द त्यागी पुत्रगण श्री रामेश्वर दयाल निवासीगण ग्राम दिनकरपुर परगना शिकारपुर तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। 7. गांव सभा दिनकरपुर द्वारा प्रधान ग्राम दिनकरपुर परगना शिकारपुर तहसील खतौली जनपद मु. नगर। ...**प्रतिवादीगण** अन्तर्गत धारा-116 उ0प्र0रा0सं0 2006 ग्राम- दिनकरपुर परगना खतौली तहसील खतौली जनपद मुजफ्फरनगर हरगाह मिनजानिब वादी ने आपके नाम नालिस बाबत के दायर की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख 24.03.2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबी देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 10/03/2026 जारी किया गया।

**उप जिलाधिकारी खतौली**

समन वास्ते करार वाद उमूर तनकीह तलब( आर्डर 5, कायदा 1 व 5) **न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय, तहसील खतौली, मु. नगर** वाद सं. T202509550603733 सन 2025 राकेश कुमार पुत्र श्री रामेश्वर दयाल निवासी ग्राम दिनकरपुर, परगना शिकारपुर तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। ...**प्राथी/वादी बनाम** 1. श्रीमती संगीता पत्नी श्री जगमोहन 2. अनमोल पुत्र श्री जगमोहन 3. सुभाष चन्द त्यागी 4. यागेश कुमार 5. विजयपाल पुत्रगण श्री रामेश्वर दयाल 6. दिनेश कुमार पुत्र श्री बालेश्वर 7. गौरव कान्त त्यागी 8. रविकान्त पुत्रगण श्री दिनेश कुमार निवासीगण ग्राम दिनकरपुर परगना शिकारपुर तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर। 9. गांव सभा दिनकरपुर द्वारा प्रधान ग्राम दिनकरपुर परगना शिकारपुर तहसील खतौली जनपद मु.नगर। ...**प्रतिवादीगण** अन्तर्गत धारा-116 उ0प्र0रा0सं0 2006 ग्राम- दिनकरपुर परगना खतौली तहसील खतौली जनपद मुजफ्फरनगर हरगाह मिनजानिब वादी ने आपके नाम नालिस बाबत के दायर की में लिहाजा आपको हुक्म होता है आप बतारीख 24.03.2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतम या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमूर तहम मुताल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्स हो जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर और जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जमला गवाही को जिसकी शाहदत पर निजी तमाम दस्तावेजों को जिस पर अपनी जवाबी देही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे अगर बरोज मगर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मसमूह फैसला होगा। बरवक्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख 10/03/2026 जारी किया गया।

**उप जिलाधिकारी खतौली**

# 23वें रोजे पर चौथे जुमे की नमाज शांतिपूर्ण हुई अदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** यहां मुस्लिम समुदाय ने रमजान के 23वें दिन चौथे जुमे की नमाज अदा की और रोजा रखा। कस्बा बुढ़ाना के मौहल्ला मिर्दगान में स्थित कुबा मस्जिद के पेश इमाम मुफ्ती आस मौहम्मद कासमी ने बताया कि रमजान गरीबों की मदद का भी महीना है।

रोजेदारों ने नमाज के साथ अकीदत से रोजा रखा और अल्लाह से दुआ की कि उनकी इबादतें कुबूल हों। रमजान का पर्व मुस्लिम समुदाय के लोगों के लिए पवित्र पर्व होता है। रमजान रहमत, इबादत और नेकी का मुकद्दस महीना होता है। माह-ए रमजान में गरीबों की मदद जकात व फितरा के रूप में भी किया जाता है। जकात फर्ज है तो फितरा वाजिब है। सबसे पहले आसपास के लोगों का ख्याल रखें। अगर आपके समाज में कोई गरीब या जरुरतमंद है तो सबसे पहले उसकी मदद करें। रोजा व नमाज के साथ आसपास के लोगों का ख्याल रखना भी सवाब है। वहीं एक माह तक चलने वाले इस पर्व को छोटे बच्चों सहित बड़े बुजुर्गों भी कर रहे हैं। इस्लाम धर्म के समुदाय ने पूरे विधि-विधान के साथ नमाज पढ़कर पूरे दिनभर अकीदत के साथ रोजा रखा व नमाज तथा कुरान पढ़कर दिन बिताया। रोजा के नमाज के महत्व की जानकारी दी गई। रोजेदारों ने बताया कि माह-ए-रमजान अब रुखसत होने को है। अल्लाह इस आखिरी दौर में हमारी तमाम इबादतों और रोजों को अपनी बारगाह में कुबूल फरमाए। वहीं बुढ़ाना दूसरी और स्थानीय पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट रहा।

# दहेज में बाइक व दो लाख रुपये की नकदी की मांग

**बुढ़ाना।** गांव सराय निवासी एक महिला को पति व ससुराल वालों ने दहेज में बाइक व दो लाख रूपये की नकदी की मांग पूरी न करने पर मारपीट कर अबोध बेटे के साथ घर से निकाल दिया। घटना की तहरीर देने के बाद भी फुगाना पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नही की गई। परेशान पीडित महिला ने मुख्यमंत्री को घशिकायती पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की है। गांव सराय निवासी बिजेंद्र की बेटी पायल का विवाह शामली जनपद के थाना झिंझाना के गांव आनन्दपुर निवासी नितिन के साथ 20 फरवरी 2024 को हुआ था। आरोप है कि शादी के बाद से ही उसका पति व ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज में बाइक व दो लाख रूपये की नकदी की मांग करते आ रहे है। मांग पूरी न होने पर पति व ससुराल वालों ने पायल के साथ मारपीट कर उसके एक वर्ष के अबोध बेटे के साध्थ घर से निकाल दिया। महिला ने बताया कि घटना की तहरीर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा थाना फुगाना में दी गई है। फुगाना पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नही की। पीडित महिला ने बताया कि उसे व उसके बेटे को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीडित महिला ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को घशिकायती पत्र भेज कर कार्रवाई की मांग की है।

# पड़ोसियों ने मां बेटी को पीटकर किया घायल

**बुढ़ाना।** पड़ोसियों ने मां बेटी को मारपीट कर घायल कर दिया। गांव सावटू निवासी एक महिला ने भौरांकला पुलिस को बताया कि बीते 2 मार्च को वो और उसकी नाबालिग पुत्री अपने घर के आंगन में बैठे सिंवई तोड रहे थे। उसके पडौसी जुनैद व मनव्वर ने अपनी छत से सिंवई पर सीमेन्ट का मसाला डाल दिया। जिस पर उसने जुनैद व मनव्वर के बड़े भाई गुल सनव्वर से इस बारे में शिकायत की तो उल्टे ही वह नाराज हो गया और उसके साथ गाली गलौच की। तब जुनैद व गुल सनव्वर पुत्रगण बारू, उनकी मां ताहिरा व इरशाद पुत्र गेन्दा व आस मौहम्मद पुत्र इरशाद एकराय होकर अपने हाथों में लाठी डंडे, पंच व बलकटी लेकर उसके घर का दरवाजा तोडकर घर में घुस आये और उसे गंदी गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए अपने हाथों में लिये हथियारों से हत्या की नीयत से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। उसकी नाबालिग लडकी ने उसे बचाना चाहा तो जुनैद व आस मौहम्मद ने उसके साथ गाली गलौच कर अश्लील हरकतें की और बदनीयती से उसके कपडे फाड दिये। जब उसने व उसकी लड़की ने शोर मचाया तो ये लोग हत्या की धमकी देकर भाग गये। उसकी लडकी ने 112 नंबर पर पुलिस को फोन किया तो पुलिसकर्मी मौके पर आये और लोगों की मदद से उसे थाने ले गये और उसका मेडिकल कराया जहां उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया। हस्पताल से आने पर अब महिला ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी है।

# वांछित को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर हमला

**मोरना।** गांव छछरौली में मोरना- भोकरहेड़ी मार्ग पर स्थित गन्ना कोल्हू के पास स्थित बस्ती में वांछित आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर आरोपियों और उनके साथियों द्वारा हमला करने का मामला सामने प्रकाश में आया है। पुलिस ने 9 नामजद व डेढ़ कि दर्जन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थाना भोपा की मोरना चौकी प्रभारी पिंटू कुमार ने बताया कि थाना बुढ़ाना में दर्ज मुकदमें के तहत वांछित आरोपी सरगम पुत्र बुजपाल निवासी छछरौली के खिलाफ न्यायालय द्वारा गैर जमानती वारंट जारी किया गया था। वारंट की तामील के लिए थाना बुढ़ाना व भोपा पुलिस टीम गुरुवार को गांव छछरौली पहुंची।

पुलिस टीम ने आरोपी को हिरासत में लेने का प्रयास किया तो मौके पर मौजूद सरगम के भाई पंकज और अन्य परिजनों ने विरोध करते हुए पुलिस टीम के साथ धक्का-मुक्की और हाथापाई शुरू कर दी और पुलिस कार्रवाई में बाधा डालते हुए पुलिस पर ईंट पत्थर से पथराव कर हमला किया। पुलिस ने आरोपी बिजा उर्फ ब्रजपाल,पंकज, सरगम, श्यामवती, रुचि, सलोनी ,सिया रूबी ,राजेश सहित डेढ़ दर्जन अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है और गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

# पिता और पुत्रियों को मारपीट कर किया घायल

**बुढ़ाना।** गांव के ही दो युवकों ने अकारण ही एक ग्रामीण और उसकी दो पुत्रियों को लात, घूसों और मुक्कों से मारपीट कर घायल कर दिया। बुढ़ाना पुलिस ने तीनों घायलों की डाक्टरी कराने के बाद दोनों आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार अमरेश पुत्र राजवीर निवासी ग्राम नगवा बीती 8 मार्च की देर सायं गांव नगवा मे ही अपने धेवते को चाऊमीन दिलवाने जा रहा था। चाऊमीन वाले की दुकान पर पहले से ही गांव के ही अमरीश पुत्र महेन्द्र और राहुल पुत्र सुरेन्द्र खड़े हुए थे। जो उसके साथ गाली गलौच करने लगे। उसने गाली गलौच करने से मना किया तो दोनों एकजुट होकर उसके साथ लात मुक्कों और घुस्सों से मारपीट करने लगे। जिसमे उसको काफी चोटे आयी। उसकी चीख पुकार सुनकर उसकी पुत्री भारती और प्रीती उसको बचाने आयी तो दोनों ने उसकी पुत्रियों के साथ भी लात मुक्कों और घुस्सो से मारपीट करते हुए अभद्रता की। शोर शराबा सुनकर उसका भाई सहदेव जयसिंह व अन्य पडौस के काफी लोग मौके पर आ गये और दोनों तीनों पिता पुत्रियों की जान बचाई। घायल अमरेश ने तुरंत डायलघ नंबर 112 को फोन किया तो मौके पर पुलिस को देखकर आरोपी उसको ऐलानिया हत्या की धमकी देकर फरार हो गये। फरार दोनों आरोपी झगड़ालू बताए गये हैं। उधर बुढ़ाना पुलिस ने पीड़ित घायल ग्रामीण की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के बाद दोनों की तलाश शुरु कर दी

# पांच लोगों ने युवक को मारपीट कर किया बेहोश

**बुढ़ाना।** घर के बाहर खड़े लोगों को आपस में गाली गलौज करते देख युवक ने उनको कहीं और पर जाने को कहा तो बस इसी बात पर पांचों आरोपी आपस में गाली गलौज करना छोडकर विरोध करने वाले युवक पर टूट पड़े और मार पीटकर अधमरा करके फरार हो गये। उधर बुढ़ाना पुलिस ने घायल युवक के भाई की तहरीर पर पांचो आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार सतीश पुत्र जय सिंह निवासी ग्राम बसी खुर्द के घर के बाहर बीती 04 मार्च को गांव के ही सोनू पुत्र सूरजभान, विक्रांत और कन्हैय्या पुत्रगण चंद्रपाल, मनोज पुत्र रामकुमार और अवि पुत्र महीपाल किसी बात पर आपस में जोर जोर से गाली गलौज कर रहे थे और सतीश परिवार सहित किसी काम से अपनी दुकान पर गया हुआ था। घर पर सिर्फ सतीश का भाई कुलदीप अकेला ही मौजूद था। जब कुलदीप ने घर के बाहर खड़े इन पांचों को गाली गलौज करने से रोका तो पांचों कुलदीप को पकड़ लिया और घर के अंदर ले जाकर उसकी पिटाई करनी शुरू कर दी। तब वह मार खाकर जमीन पर गिर पड़ा। आरोपी उसको मृत समझकर मौके से भाग गए। कुछ देर बाद किसी व्यक्ति की सूचना पर घायल कुलदीप के परिजन मौके पर पहुंचे तो देखा कुलदीप खून से लथपथ था। तब परिजन घायल कुलदीप को लेकर बुढ़ाना कोतवाली पहुंचे। जहां पुलिस ने घायल कुलदीप का मेडिकल कराकर पांचों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## खतौली में गैस संकट गहराया:

# 920 का सिलेंडर 1500 तक ब्लैक, एजेंसियों पर अव्यवस्था के आरोप

**ईद के कारण गैस सिलेण्डर को लेकर मुस्लिमों में बेचैनी**

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** कस्बे में इन दिनों रसोई गैस की कमी से लोगों की परेशानियां बढ़ती जा रही हैं। गैस एजेंसियों और गोदामों पर सुबह से ही उपभोक्ताओं की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। हालात यह हैं कि 920 रुपये का घरेलू एलपीजी सिलेंडर खुलेआम 1400 से 1500 रुपये तक में ब्लैक में बेचा जा रहा है, जिससे आम उपभोक्ताओं की रसोई पर सीधा असर पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार पिछले कुछ वर्षों में एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में लगातार वृ) हुई है। मार्च 2014 में घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत करीब 410.50 रुपये थी, जो वर्ष 2020 में बढ़कर लगभग 644 रुपये हो गई थी। वहीं वर्ष 2026 में इसकी कीमत लगभग 920 रुपये तक पहुंच चुकी है। बढ़ती कीमतों को लेकर राजनीतिक बयानबाजी भी तेज हो गई है और विपक्ष केंद्र सरकार पर लगातार सवाल उठा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि 2014 से पहले गैस की कमी और लंबी कतारें आम बात थीं, लेकिन बाद में कुछ वर्षों तक स्थिति सामान्य रही। अब एक बार फिर से गैस संकट जैसे हालात बनने लगे हैं। लोगों के बीच यह चर्चा भी है कि हालिया अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों, खासकर ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के कारण गैस सप्लाई प्रभावित हो सकती है। कस्बे में इस बार उपभोक्ताओं के सामने सबसे बड़ी समस्या अक्नलाइन बुकिंग न हो पाना और केवाईसी की अनिवार्यता बन गई है। कई उपभोक्ता केवाईसी पूरी न होने के कारण गैस बुक नहीं करा पा रहे हैं। कुछ लोगों का यह भी आरोप है कि एजेंसी संचालक केवाईसी के नाम पर गैस पाइप और अन्य सामान खरीदने का दबाव बना रहे हैं।

जनप्रतिनिधियों ने उठाई आवाज

गैस वितरण में कथित अव्यवस्था और होम डिलीवरी बंद होने के विरोध में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी मोर्चा खोल दिया है। भाजपा सभासद प्राची वर्मा के नेतृत्व में कई सभासदों ने जिलाधिकारी उमेश कुमार मिश्रा के नाम एक ज्ञापन एसडीएम निकिता शर्मा को देते हुय जांच पड़ताल कर मामले में कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि एजेंसियां उपभोक्ताओं को घर पर सिलेंडर देने के बजाय गोदाम पर बुलाकर वितरण कर रही हैं, जिससे विशेष रूप से महिलाओं को भारी परेशानी हो रही है।

**एसडीएम को दिया ज्ञापन**

वार्डों के उपभोक्ताओं की शिकायतों को लेकर सभासदों ने तहसील पहुंचकर एसडीएम निकिता शर्मा को जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में गैस एजेंसियों की कार्यप्रणाली की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई है। ज्ञापन देने वालों में सभासद प्राची वर्मा द्धवार्ड-13ऋ, पुष्पा रानी द्धवार्ड-1ऋ, सौरभ जैन और अहतेशाम सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल रहे। सभासदों का कहना है कि कस्बे में कुछ कंपनियों संदीप गैस एजेंसी की गैस सप्लाई सामान्य रूप से घर-घर पहुंच रही है, जबकि इंडेन गैस सेवा को लेकर लगातार शिकायतें सामने आ रही हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि गैस वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जाए, होम डिलीवरी सुनिश्चित की जाए और कालाबाजारी पर तुरंत रोक लगाई जाए।

# आज भी तहसील में पहुंचे नवाजुद्दीन सिद्दीकी

## रजिस्ट्रार के समक्ष कागजों पर किए हस्ताक्षर

**( नसीम कुरैशी/महक कुरैशी )**

**बुढ़ाना।** शुक्रवार को दूसरे दिन भी मशहूर फिल्म एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी अपने मंझले भाई फिल्म प्रोडड्सर फैजुद्दीन सिद्दीकी और माजुद्दीन सिद्दीकी के साथ बुढ़ाना तहसील परिसर में स्थित सब रजिस्ट्रार कार्यालय में पहुंचे। जहां पर फिल्म एक्टर नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने कृषि भूमि खरीद संबंधी कई कागजों पर होने वाले हस्ताक्षरों की जरुरी प्रक्रिया सब रजिस्ट्रार पंकज कुमार जैन के समक्ष पूरी की। बीते कल कुछ कागजात तैयार नहीं हुए थे तो प्रकिया अधूरी रह गयी थी जो आज पूरी की गयी। इस दौरान यहां पर उनके युवा अधिवक्ता प्रशांत शर्मा और संदीप बालियान के अलावा हरबीर सिंह, शाहिद असलम, अनिल कोरी, एडवोकेट



फिरोज मंसूरी व एडवोकेट नूर अहमद मंसूरी भी मौजूद रहे। बीते कल भी नवाजुद्दीन सिद्दीकी यहां आए थे। उन्होंने कस्बे के कुछ लोगों से उनकी कृषि भूमि खरीदी है। वे इस भूमि पर क्या बनाएंगे या खेती होगी यह तो भविष्य के गर्भ में है लेकिन इतना जरुर है कि नवाजुद्दीन जब भी अपने पैतृक कस्बा बुढ़ाना आते हैं तो वे अपनी अन्य कृषि भूमि पर चुपचाप पहुंचकर फावड़ा या खुरपा चलाते हुए जरुर दिखते हैं।

# नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने पत्रकारों से की बातचीत

**बुढ़ाना।** तहसील में आए नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए कहा कि वे यहां पर जमीन के एक मामले में आए थे। जो अच्छे से हो गया। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मैंने अभी गदर टू मूवी नहीं देखी। में तो यहां अपने गांव आया हूं। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि मेरी जल्दी ही चार पांच फिल्में आने वाली हैं। कब रिलीज होगी पता नहीं। जब उनसे एक मीडियाकर्मी द्वारा पूछा गया कि आपको अपने गांवघ बुढ़ाना में आने पर कैसा लगता है तो उन्होंने बताया कि जब भी यहां पर आता हूं तो बहुत अच्छा लगता है। मुझे यहां के लोग बहुत ही प्यार देते हैं। मेरे कुछ दोस्त हैं जो अब बड़े हो गये हैं उनको देखता हूं तो पहचान नहीं पाता लेकिनघ बाद में बातचीत के दौरान समझ जाता हूं कि ये कौन हैं। ये बात मुझे बहुत अच्छी लगती है। प्रेस वार्ता के दौरान शाहिद असलम भी मौजूद रहे।

# जनगणना-2027 को लेकर प्रशासन सक्रिय

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** प्रस्तावित जनगणना-2027 की तैयारियों को लेकर प्रशासनिक स्तर पर गतिविधियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में तहसील खतौली के ग्राम खानजहांपुर में फील्ड ट्रेनरों के लिए अभ्यास एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) एवं जिला जनगणना अधिकारी गजेंद्र कुमार के पर्यवेक्षण में किया गया। इस दौरान जनगणना निदेशालय के दिशा-निर्देशों के अनुसार फील्ड ट्रेनरों को होम मैपिंग और हाउस लिस्टिंग की प्रक्रिया का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य आगामी जनगणना कार्य को व्यवस्थित, पारदर्शी और त्रुटिरहित तरीके से पूरा करना है।

अपर जिलाधिकारी गजेंद्र कुमार ने स्वयं मौके पर पहुंचकर अभ्यास कार्य का निरीक्षण किया और फील्ड ट्रेनरों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनगणना देश का एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम है, जिसके माध्यम से जनसंख्या के साथ-साथ सामाजिक व आर्थिक स्थिति से जुड़े महत्वपूर्ण आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। इन आंकड़ों के आधार पर सरकार विकास योजनाओं और नीतियों का निर्धारण करती है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जनगणना कार्य को पूरी जिम्मेदारी और सावधानी के साथ किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि की संभावना न रहे। उन्होंने बताया कि होम मैपिंग के माध्यम से हर घर, भवन और परिवार की सटीक पहचान सुनिश्चित की जाती है, जो जनगणना के आगामी चरणों के लिए आधार तैयार करती है। अभ्यास के दौरान फील्ड ट्रेनरों ने गांव के विभिन्न मोहल्लों में जाकर घरों का



चिन्हांकन किया, मानचित्र तैयार किए और आवश्यक विवरण दर्ज करने की प्रक्रिया का अभ्यास किया। इसके साथ ही ग्रामीणों को भी आगामी जनगणना के प्रति जागरूक किया गया।इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना-2027 के सफल संचालन के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण और अभ्यास कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे फील्ड कर्मचारियों को पूरी प्रक्रिया की बेहतर जानकारी मिल सके।

# तिगाई में द्वारिकाधीश श्री कृष्ण मंदिर निर्माण को मिला सहयोग, फर्श का कार्य हुआ शुरू

**खतौली।** तहसील क्षेत्र के गांव तिगाई में निर्माणाधीन द्वारिकाधीश श्री कृष्ण मंदिर में शुक्रवार को फर्श डालने का कार्य प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्र)ालु पहुंचे और सेवा भाव से मंदिर निर्माण में सहयोग दिया। मंदिर निर्माण समिति के अनुसार मंदिर का निर्माण कार्य वर्ष 2023 में शुरू हुआ था और अब निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। शुक्रवार को मंदिर परिसर में फर्श के लेंटर का कार्य कराया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंदिर के पुजारी ने बताया कि श्रद्धालुओं के तन, मन और धन से मिल रहे सहयोग के कारण मंदिर निर्माण कार्य निरंतर गति पकड़ रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। बताया गया कि मंदिर निर्माण पूरा होने के बाद भगवान द्वारिकाधीश श्री कृष्ण की प्रतिमा स्थापना के अवसर पर भव्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान मंदिर के महाराज, विकास मोतला सहित सैकड़ों श्र)ालु मौजूद रहे और सभी ने उत्साहपूर्वक सेवा कार्य में भागीदारी

# शाहपुर चेयरमैन ने किया अपर आयुक्त का स्वागत

**शाहपुर।** सहारनपुर अपर मंडल आयुक्त रमेश कुमार यादव ने शुक्रवार को शाहपुर नगर पंचायत कार्यालय तथा खंड विकास कार्यालय का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने दोनों कार्यालयों के कार्यों और अभिलेखों की गहन जांच की तथा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सबसे पहले अपर मंडल आयुक्त दोपहर लगभग 3रू15 बजे नगर पंचायत कार्यालय पहुंचे। वहां शाहपुर नगर पंचायत अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी तथा अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन ने उन्हें बुके देकर स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय के विभिन्न अभिलेखों और कार्यप्रणाली की जांच की।

इसके बाद वह खंड विकास कार्यालय पहुंचे, जहां बीडीओ प्रमोद कुमार, कई वीडीओ तथा बीओ होमगार्ड ने उनका स्वागत किया। यहां भी उन्होंने कार्यालय के रिकॉर्ड और कार्यों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।



स्थानीय शाह टाइम्स पत्रकार भाग्य शर्मा तथा पत्रकार अमन सैनी से वार्ता करते हुए अपर मंडल आयुक्त ने बताया कि उनका यह निरीक्षण पहले से निर्धारित था। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों और योजनाओं का सही ढंग से क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार के निरीक्षण किए जाते हैं, ताकि सरकारी योजनाओं का लाभ सुचारू रूप से आम जनता तक पहुंच सके। उन्होंने यह भी बताया कि निरीक्षण के दौरान उनके पास किसी प्रकार की कोई शिकायत नहीं आई। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ लिपिक सतीश पंवार, सावन कुमार तथा चेयरमैन के पीआरओ वसीम अहमद, अक्षय गोयल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे पुत्र **मौ0 रय्यान (MOHD RAYYAN)** के जन्म प्रमाण पत्र संख्या 11531 (जारी करने की दिनांक 20/10/2021) उक्त में त्रुटि वश पुत्र का नाम **रय्यान (RAYYAN)** हो गया है जबकि सही नाम **मौ0 रय्यान (MOHD RAYYAN)** है तथा भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा। उक्त में त्रुटिवश माता के रूप में नाम **दरकशा (DARAKSHA)** हो गया है जबकि सभी अभिलेखों में नाम **दरकशा खातून (DARAKSHA KHATOON)** अंकित है तथा भविष्य में भी इसी नाम से जाना जाएगा। नाम शुद्धीकरण हेतु शपथ पत्र संबंधित विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

**दरकशा खातून** पत्नी **हसीन**
निवासी 899, कुंगर पट्टी, सूजडू, मुजफ्फरनगर।

# दण्डी आश्रम में मना स्वामी विष्णु आश्रम महाराज का निर्वाण महोत्सव

**मोरना।** शुकतीर्थ स्थित दंडी आश्रम में ब्रह्मलीन स्वामी विष्णु आश्रम महाराज का 22 वां निर्वाण महोत्सव शुक्रवार को श्रद्धा व भक्ति भाव के साथ मनाया गया।इस अवसर साधु संतों ने ब्रह्मलीन सन्त के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला समापन पर भंडारे का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगद्गुरु शंकराचार्य राजराजेश्वर आश्रम महाराज ने कहा स्वामी विष्णु आश्रम महाराज प्रभाव शाली सन्त थे। संत और गुरु की आज्ञा का पालन अवश्य करें। जिसका मन पवित्र होगा उसे ही भक्ति का फल प्राप्त होगा।जीवन में जो भी प्राप्त होगा, वह सब भगवान की ख्रपा से ही होगा। ब्रह्मलीन सन्त के असंख्य शिष्य अनेक स्थानों पर जप तप कर रहे हैं।जो सन्त के आशीर्वाद रूप में हमारे बीच विराजमान हैं। महेश्वर आश्रम के स्वामी महादेव आश्रम ने कहा की कि दुर्लभ संतों का सानिध्य कठिन तप से मिलेगा। साधन सुविधा दे सकते हैं सुख नही देते ईश्वर की भक्ति ही सच्चा सुख देती है।महामंडलेश्वर ब्रह्म स्वरूप महाराज ने कहा संत सत्संग और सेवा मिले तभी भाग्य उदय होगा। सत्संग मानव जीवन को बदल देता है। बिठूर से पधारे कथा व्यास वेद प्रकाश शुक्ल ने कहा जिसकी दृष्टि ब्रह्मलीन हो गई वह सभी अवगुणों से दूर रहेंगे ।ईश्वर ,गुरु, आत्मा तीनों व्यापक हैं। एक रोटी में से आधी रोटी दान करें वह ही असली दानी। समर्थ होते हुए भी क्षमा कर देना व्यक्तित्व का बड़प्पन होगा। प्रेम शंकर मिश्रा ने कहा संत कृपा से जीवन सुधर जाता है तीर्थ में रहकर संत चरण समागम अवश्य करें। श्र)ांजलि सभा में महामंडलेश्वर केशवानंद महाराज, महाराज गिरीश आश्रम महाराज स्वामी प्रबोध आश्रम, राम मूर्ति,विज्ञानन्द महाराज आदि ने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन आचार्य



राजीव मिश्र व अध्यक्षता ब्रह्मचारी जनार्दन स्वरूप महाराज ने की। राजकुमार राज, पूनम राज ने मुख्य यज्ञमान की भूमिका निभाई। मनोहर शर्मा, गोपाल , विनोद शर्मा आदि ने व्यवस्था बनाने में लगे रहे।संत महात्माओं के बीच भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धांजलि सभा में दिल्ली नोएडा बुलंदशहर देहरादून मेरठ बिजनौर सहारनपुर आदि से आए सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भाग लिया।कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ.वीरपाल निर्वाल ने भी भाग लिया।

# शाहपुर में पांच अवैध पैथोलॉजी लैब सील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहपुर** जनपद में अवैध रूप से संचालित पैथोलाजी लैब, एक्स-रे सेंटर तथा झोलाछाप क्लीनिकों के विरुद्ध स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुनील तेवतिया के निर्देशन में शुक्रवार को कस्बा शाहपुर में एक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विपिन कुमार द्वारा किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग की टीम ने क्षेत्र में संचालित विभिन्न चिकित्सा संस्थानों का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान टीम ने शाहपुर कस्बे में संचालित कई पैथोलाजी लैब, एक्स-रे यूनिट एवं क्लीनिकों की गहन जांच की। जांच के दौरान कई संस्थान बिना वैध अनुमति अथवा निर्धारित मानकों के विपरीत संचालित पाए गए। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने 5 अवैध पैथोलाजी लैब एवं एक्स-रे सेंटरों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया।

सील किए गए संस्थानों में कुमार पैथोलाजी लैब (बुढ़ाना रोड, शाहपुर), गौरी पैथोलाजी लैब सर्विस (बस्सी रोड, शाहपुर), सिंगल पैथोलाजी लैब की लैबोरेट्री यूनिट, कृष्ण फिजियोथैरेपी क्लिनिक शाहपुर में संचालित एक्स-रे केंद्र तथा न्यू जीवन क्लिनिक इलेक्ट्रोपैथी सेंटर शाहपुर में स्थित एक्स-रे मशीन कक्ष शामिल हैं। इसके अतिरिक्त निरीक्षण के दौरान कई अन्य चिकित्सा संस्थानों में अनियमितताएं एवं अभिलेखीय कमियां पाए जाने पर उनके संचालकों को नोटिस जारी करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जिन संस्थानों को नोटिस जारी किए गए उनमें न्यू हेल्थ केयर डायग्नोस्टिक, अहमद हॉस्पिटल शाहपुर, रायल पैथोलाजी लैब (बस्सी रोड, शाहपुर) तथा लाइफ लाइन हास्पिटल (बस्सी रोड, शाहपुर) शामिल हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम के शाहपुर कस्बे में पहुंचते ही अवैध रूप से संचालित कई लैब एवं क्लीनिक संचालकों में हड़कंप मच गया और कुछ संचालकों ने अपने प्रतिष्ठानों के शटर बंद कर दिए। इसके बावजूद टीम ने संदिग्ध चिकित्सा केंद्रों की क्रमबद्ध तरीके से जांच करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की। इस अभियान में शाहपुर के चिकित्सा अधीक्षक डा. ओ.पी. जायसवाल का विशेष सहयोग रहा। निरीक्षण टीम में पाकेश कुमार (स्टेनो) भी उपस्थित रहे। इस संबंध में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विपिन कुमार ने बताया कि जनपद में बिना वैध अनुमति या निर्धारित मानकों के विपरीत संचालित होने वाले किसी भी चिकित्सा संस्थान को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि अवैध चिकित्सा संस्थानों के विरु) स्वास्थ्य विभाग की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी, ताकि आमजन को सुरक्षित एवं मानकानुसार स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

# उकावली में आयोजित हुई किसान गोष्ठी

**बुढ़ाना।** शुक्रवार के दिन बुढ़ाना ब्लाक क्षेत्र के उकावली गांव में एक स्थान पर गन्ना विकास परिषद एवं बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल लिमिटेड भैंसाना के तत्वाधान में बसंतकालीन गन्ना बुवाई वर्ष 2025- 26 वास्ते वर्ष 2026- 27 के अंतर्गत कृषक गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र बघरा मुजफ्फरनगर से डॉक्टर हंसराज, डॉक्टर रविंद्र मलिक व सरदार वल्लभभाई पटेल यूनिवर्सिटी मेरठ से डॉक्टर गजे सिंह द्वारा मिटी जांच, बीज गन्ने का चयन, गन्ना बुवाई की विधि तथा संतुलित उर्वरक के प्रयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। गन्ना विकास परिषद बुढ़ाना से अरुण कुमार एवं चीनी मिल बुढ़ाना से डॉक्टर डीएस सिरोही के द्वारा चीनी मिल क्षेत्र के कृषकों को उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की बुवाई करने एवं चीनी मिल द्वारा उन्नतशील प्रजाति की उपलब्धता तथा गन्ना बीज व मृदा उपचार के बारे में जानकारी दी गई। यहां ट्राईकोडर्मा के उपयोग के बारे मे भी जानकारी दी गई



एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक बुढ़ाना संजय कुमार सिंह ने विभाग में संचालित योजनाओं एवं बसंतकालीन बुवाई के लिए उन्नतशील गन्ना प्रजातियों की बुवाई बीज शोधन व ट्राईकोडर्मा के प्रयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एग्री स्टार कंपनी की जनरल मैनेजर राजनंदनी ने गन्ने की फसल को जानवरों से बचाव एवं ड्रोन से दवाई छिड़काव की जानकारी दी। गोष्ठी में उपस्थित समस्त अतिथि व ख्रषकों का आभार व्यक्त किया। जिसमें गन्ना विकास परिषद बुढ़ाना एवं चीनी मिल के कर्मचारी मौजूद थे। यहां प्रगतिशील किसान वकील राणा मंदवाडा, संजीव कुमार, राकेश कुमार, मनोज कुमार सुपरवाइजर, संजीव कुमार, इरफान अली, विपिन कुमार, राहुल कुमार, मिल स्टाफ में अनिल कुमार, ठाकुर गौरव प्रताप सिंह, कमल कुमार, कामदार अजीत पुंडीर व अकरम अली आदि मोजूद रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# थायरॉयड जांच को लेकर सीएमओ कार्यालय में हंगामा

## डॉक्टरों ने अभद्रता का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिले की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) में गर्भवती महिलाओं की थायरॉयड जांच न होने के मुद्दे को लेकर शुक्रवार को सीएमओ कार्यालय में जमकर हंगामा हुआ। सीएचसी शामली के चिकित्सा अधीक्षक और महिला रोग विशेषज्ञ ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) पर अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया। साथ ही सीएमओ पर नियमों के विरुद्ध गाड़ी पर लाल बत्ती लगाने और अवैध वसूली करने के भी गंभीर आरोप लगाए गए हैं।

बताया जा रहा है कि सीएचसी शामली में तैनात महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. विजेन्द्र कुमार ने गुरुवार को जिले की सभी सीएचसी में गर्भवती महिलाओं की थायरॉयड जांच न होने का मुद्दा उठाया था। उनका कहना था कि गर्भावस्था के दौरान थायरॉयड की जांच बेहद जरूरी होती है। यदि समय पर जांच और उपचार न हो तो इससे मां और गर्भस्थ शिशु दोनों को गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। शुक्रवार को इसी मांग को लेकर सीएचसी शामली के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. दीपक चौधरी और महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. विजेन्द्र कुमार मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अनिल कुमार से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे थे। आरोप है कि जब उन्होंने गर्भवती महिलाओं की थायरॉयड जांच की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की, तो सीएमओ ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और उन्हें कार्यालय से बाहर जाने के लिए कह दिया। इससे नाराज होकर दोनों चिकित्सकों ने सीएमओ कार्यालय में विरोध जताते हुए हंगामा किया। उनका कहना था कि वे जनहित के महत्वपूर्ण मुद्दे को लेकर अधिकारियों से मिलने आए थे, लेकिन उनकी बात सुनने के बजाय उनके साथ अभद्रता की गई। डॉ. विजेन्द्र कुमार ने यह भी आरोप लगाया कि सीएमओ नियमों के विप. रीत अपनी गाड़ी पर लाल बत्ती लगाकर जिले में घूमते हैं और अवैध वसूली करते हैं, जिससे स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है।

उन्होंने यह भी कहा कि सीएमओ द्वारा एक समाचार पत्र में यह सूचना प्रकाशित कराई गई कि जिले में थायरॉयड की जांच की सुविधा उपलब्ध है, जबकि हकीकत में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं है। इससे मरीजों को भ्रम की स्थिति में परेशानी उठानी पड़ रही है। घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग में इस मुद्दे को लेकर चर्चा का माहौल बना हुआ है।

### 33 हजार लाइन का टूटा बिजली पोल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** झिंझाना क्षेत्र में 33 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन का टूटा हुआ पोल हादसे को न्योता दे रहा है, लेकिन विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते पूरे दिन तक इसकी कोई सुध नहीं ली गई। झिंझाना गाड़ी वाले बिजली घर से 33 हजार की विद्युत लाइन वेदखेड़ी(मंसूरा मार्ग होते हुए मंसूरा बिजली घर तक जाती है। बताया जा रहा है कि रोटन गांव के पास देर रात किसी अज्ञात वाहन ने 33 हजार वोल्ट के बिजली के पोल में टक्कर मार दी, जिससे पोल बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर टूट गया। हैरानी की बात यह रही कि पोल टूटने के बावजूद भी उसी लाइन से पूरे दिन विद्युत आपूर्ति चालू रही। इससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी रही। मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों और ग्रामीणों में भी डर का माहौल बना रहा। ग्रामीणों नाजिम मेहरबान हाजी रुस्तम आदि का कहना है कि इतनी बड़ी लाइन का पोल टूटने के बाद भी विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने समय पर मौके पर पहुंचकर उसे ठीक कराने की जहमत नहीं उठाई। यदि समय रहते पोल को ठीक नहीं कराया गया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# एलपीजी गैस की कृत्रिम कमी दिखाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के सहारनपुर मंडल अध्यक्ष अंकित जैन ने शहर की कुछ गैस एजेंसियों पर ईरान-इजराइल युद्ध का हवाला देकर एलपीजी गैस की कृत्रिम कमी दिखाने और उपभोक्ताओं को परेशान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने प्रशासन से मामले की जांच कर दोषी एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

अंकित जैन ने प्रेस नोट जारी करते हुए कहा कि शहर की कुछ गैस एजेंसियां वर्तमान में चल रहे ईरान-इजराइल युद्ध का हवाला देकर एलपीजी गैस की कमी बता रही हैं। इसके कारण उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर प्राप्त करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई जगहों पर गैस बुकिंग के लिए दिए गए नंबर बंद कर दिए गए हैं, जिससे उपभोक्ता अपनी शिकायत भी दर्ज नहीं करा पा रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक ओर जहां एजेंसियां गैस की कमी का हवाला दे रही हैं, वहीं दूसरी ओर बाजार में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। इससे यह संदेह पैदा हो रहा है कि कुछ लोग जानबूझकर गैस की कृत्रिम कमी दिखाकर अवैध तरीके से अधिक कीमत पर सिलेंडर बेच रहे हैं। अंकित जैन का कहना है कि गैस एजेंसियों की इस मनमानी से आम उपभोक्ताओं के साथ-साथ छोटे व्यापारियों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। होटल, ढाबा और छोटे खाद्य व्यवसाय करने वाले लोग एलपीजी गैस पर ही निर्भर रहते हैं।

यदि गैस की आपूर्ति बाधित होती है तो उनके कामकाज पर भी सीधा असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मुस्लिम समुदाय का पवित्र महीना चल रहा है और आने वाले दिनों में ईद का त्योहार भी मनाया जाएगा। इस दौरान घरों में भोजन पकाने और अन्य तैयारियों के कारण एलपीजी गैस की मांग सामान्य दिनों की तुलना में अधिक बढ़ जाती है। ऐसे समय में यदि गैस की कृत्रिम कमी पैदा कर कालाबा. जारी की जा रही है तो इससे आम जनता की परेशानियां और भी बढ़ सकती हैं।

अंकित जैन ने प्रशासन से मांग की है कि गैस एजेंसियों की जांच कराई जाए और यदि किसी एजेंसी द्वारा नियमों का उल्लंघन या कालाबाजारी की जा रही है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो व्यापारी डीएम कार्यालय का घेराव करने के लिए मजबूर होंगे।

# सीडीओ ने प्रचार वाहन को दिखाई हरी झंडी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत जिला सेवा योजना कार्यालय शामली की ओर से आगामी 17 मार्च को वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।




शुक्रवार को विकास भवन में सीडीओ की अध्यक्षता में जिला सेवा योजना विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में जिला सेवा योजना अधिकारी अजय कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन के अंतर्गत राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और कौशल विकास मिशन के सहयोग से जिला सेवा योजना कार्यालय शामली द्वारा इस रोजगार मेले का आयोजन कराया जा रहा है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि यह वृहद रोजगार मेला 17 मार्च को शहर के दिल्ली रोड स्थित सिटी ग्रीन बारातघर में आयोजित किया जाएगा। मेला सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चलेगा। इसमें जिले और आसपास की कई प्रतिष्ठित कंपनियां भाग लेंगी और युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएंगी। जिला सेवा योजना अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यता आठवीं, दसवीं और बारहवीं पास के साथ-साथ आईटीआई, डिप्लोमा, ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट, बीबीए, बीसीए, एमसीए, बीटेक, डी-फार्मा और बी-फार्मा आदि निर्धारित की गई है। अभ्यर्थियों का पंजीकरण पूरी तरह निशुल्क रहेगा। मेले में भाग लेने वाले युवाओं की आयु सीमा 18 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को विभिन्न कंपनियों में उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार दिया जाएगा, जिसमें वेतन लगभग 10 हजार रुपये से लेकर 40 हजार रुपये प्रतिमाह तक हो सकता है। इस अवसर पर सीडीओ विनय कुमार तिवारी ने कहा कि रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को अपने जिले में ही रोजगार पाने का अच्छा अवसर मिलेगा। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ रोजगार मेले में पहुंचकर इस अवसर का लाभ उठाएं। कार्यक्रम के दौरान नोडल प्रधानाचार्य ऋषिपाल सिंह, अनुराग शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# टोल प्लाजा पर गांव का नाम लिखने को लेकर दो गांवों में विवाद

## करौदा हाथी के ग्रामीणों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के मुजफ्फरनगर रोड स्थित टोल प्लाजा पर गांव का नाम दर्ज कराने को लेकर दो गांवों के ग्रामीणों के बीच विवाद की स्थिति बनी हुई है। पहले गांव बंतीखेड़ा के ग्रामीणों ने इस मामले में विरोध दर्ज कराया था, वहीं अब शुक्रवार को ग्राम करौदा हाथी के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर टोल प्लाजा पर अपने गांव का नाम अंकित कराने की मांग की है।

मुजफ्फरनगर हाईवे पर बने टोल प्लाजा पर पहले (हाथी करौदा) नाम अंकित किया गया था, जिसका बंतीखेड़ा गांव के ग्रामीणों ने विरोध किया था। इसके बाद से दोनों गांवों के ग्रामीण अपने-अपने गांव का नाम टोल प्लाजा पर लिखवाने की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। कुछ दिन पहले बंतीखेड़ा के ग्रामीणों ने ट्रैक्टर मार्च निकालकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा था और टोल प्लाजा पर अपने गांव का नाम दर्ज कराने की मांग की थी। इसी क्रम में शुक्रवार को ग्राम करौदा हाथी के ग्रामीणों ने भी जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अपनी बात रखी। ग्रामीणों ने बताया कि उनके गांव के पास से दिल्ली(देहरादून एक्सप्रेसवे गुजर रहा है तथा पानीपत-खटीमा मार्ग की दक्षिण दिशा में संबंधित टोल प्लाजा स्थापित किया गया है। उनका कहना है कि इस टोल प्लाजा के निर्माण के लिए ग्राम करौदा हाथी के किसानों की जमीन का अधिग्रहण किया गया था। इसके बावजूद टोल प्लाजा पर लगे बोर्ड पर बंतीखेड़ा गांव का नाम लिखा हुआ है, जिसे ग्रामीण गलत और अनुचित बता रहे हैं। ग्रामीणों के अनुसार बंतीखेड़ा गांव टोल प्लाजा से लगभग दो किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जबकि ग्राम करौदा हाथी की दूरी मात्र करीब 500 मीटर है और यह पानीपत-खटीमा मार्ग की उत्तर दिशा में स्थित है। उनका कहना है कि जब टोल प्लाजा के निर्माण के लिए उनके गांव की जमीन ली गई है और



वह स्थल उनके गांव के अधिक निकट है, तो वहां पर ग्राम करौदा हाथी का नाम ही अंकित किया जाना चाहिए। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि गलत नाम लिखे जाने से गांव के किसानों और ग्रामीणों के सम्मान पर भी असर पड़ रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर टोल प्लाजा पर सही गांव का नाम अंकित कराया जाए, ताकि विवाद समाप्त हो सके। इस अवसर पर बाबा रविन्द्र सिंह, बाबा श्याम सिंह, प्रभात मलिक, भूरा प्रधान, सरवीर प्रधान, रविन्द्र मलिक, सुंदर लाल मौजूद रहे।

## बच्चों को पिस्टल लेकर धमकाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के रेलपार निवासी किसान धर्मशाला के निकट रहने वाले दिनेश कुमार निर्वाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 4 मार्च को सुबह करीब 11 बजे वह अपने घर के कार्यालय में बैठकर काम कर रहे थे। तभी बाहर से शोर-शराबे की आवाज सुनाई दी। जब वह बाहर सड़क पर पहुंचे तो देखा कि दो अज्ञात व्यक्ति हाथ में पिस्टल लिए बच्चों को डरा रहे थे। दिनेश कुमार ने जब इसका विरोध किया तो आरोप है कि दोनों व्यक्तियों ने उन पर पिस्टल तान दी और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद उनकी जान बच सकी। आरोप है कि दोनों व्यक्ति खुद को गांव सिम्भालका का गैंगस्टर बता रहे थे। इसके बाद वे आगे जाकर परिवार के अन्य लोगों से भी उलझ पड़े। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# थानाभवन में 70 नवदम्पतियों को परिणय सूत्र में बांधा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद शामली में वंदना गार्डन, थानाभवन में विकासखंड थानाभवन के 62, नगर पंचायत थानाभवन के 05, जलालाबाद के 03, अर्थात कुल 70 जोडो का विवाह/निकाह पूर्ण विधि-विधान के साथ सकुशल सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अथितिगण मोहित बेनीवाल सदस्य, विधान परिषद, उ0प्र0 एवं अशरफ अली खान, विधायक थानाभवन के साथ-साथ ब्लॉक प्रमुख पति थानाभवन दीपक कोरी, प्रेमचंद, परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण/खण्ड विकास अधिकारी थानाभवन, रीतू रस्तोगी,जिला समाज कल्याण अधिकारी, अशोक, पूर्व प्रधान आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।




सर्वप्रथम जिला प्रशासन द्वारा जनप्रतिनिधियों का सम्मान करते हुए स्मृति चिन्ह, बुके, शॉल आदि भेंट किये गये। श्री मोहित बेनीवाल जी द्वारा उपस्थित नव दम्पत्तियों को आर्शिवाद देते हुए उनके सुखमय दाम्पत्य जीवन की कामना की गयी। उन्होने बताया कि चालू वर्ष में इस योजना में वर्तमान में सरकार द्वारा धन. राशि की वृद्धि करते हुए 01.00 लाख प्रति जोडे हेतु निर्धारित किये गये है, जिनमें से 60,000/- की धन. राशि कन्या के बैंक खाते में समाज कल्याण विभाग द्वारा भेजी जायेगी, 25,000 की धनराशि में शासन द्वारा निर्धारित वैवाहिक उपहार सामग्री, चांदी की पायल, बिछिया, वस्त्र आदि वर-वधू को दिये जायेंगे एवं 15000/- की सीमा के अन्दर मैरिज हॉल, टेण्ट, भोजन, सस्कार, शादी/निकाह आदि की समूचित हेतु व्यय किये जाने का प्राविधान है। मोि. हत बेनीवाल ने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को विवाह के आयोजन से राहत देना तथा सामा. जिक समानता एवं भाईचारे को बढावा देना है। मा0 सदस्य, विधान परिषद उ0प्र0 एवं मा0 विधायक जी द्वारा नवदम्पत्ति जोडो को विवाह प्रमाण पत्र वितरित किये गये। उनके द्वारा बताया गया कि वर्तमान सरकार द्वारा कोई भेद-भाव न करते हुए सभी वर्गो अथवा धर्म के पात्र व्यक्तियों को ही लाभार्थीपरक योजना में लाभ दिलाये जाने का कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर परियोजना निद. ेशक द्वारा कहा गया कि सरकार की मंशानुसार प्रशासन द्वारा समाज के सबसे निर्धन एवं जरूरतमंद पात्र व्यक्ति को ही सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। इस वर्ष से प्रश्नगत योजना में बायोमैट्रिक/फेसियल उपस्थिति के उपरान्त ही जोडो का विवाह/निकाह सम्पन्न कराया जा रहा है। तदोपरान्त उनके द्वारा वर-वधू को लडू एवं ड्राईफ्रूट्स की टोकरियां वितरित की गयी।

जिला समाज कल्याण अधिक. ारी द्वारा बताया गया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए रू0 3.00 लाख की वार्षिक सीमा तक के पात्र व्यक्तियों द्वारा ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। जिला समाज कल्याण अधिकारी शामली द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन कराते हुए कहा गया कि बिटियां की शादी करना सौभाग्य का कार्य है। आज के समारोह में 52 हिन्दू एवं 18 मुस्लिम जोडों का विवाह सम्पन्न कराया गया। अंत में वर-वधू को देय निर्धारित सामग्री का वितरण करते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा सभी का धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया।

## समाधि भूमि को लेकर आक्रोश

कांधला। विकास खंड क्षेत्र के गांव सुन्ना में जोगी समाज की प्राचीन समाधि भूमि को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। समाज के लोगों का आरोप है कि वर्षों से पूर्वजों की बनी समाधियों वाली भूमि को प्रशासन समाज की जमीन मानने से इंकार कर रहा है, जिससे लोगों में रोष है।ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल जमीन का नहीं बल्कि आस्था और परंपरा से जुड़ा मामला है। समाज के प्रतिनिधि कई बार राजस्व अभिलेखों के साथ अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। जोगी समाज के लोगों ने प्रशासन से भूमि का सीमांकन कर निष्पक्ष जांच कराने और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने चेता. वनी दी कि जल्द समाधान न होने पर आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान श्रीपाल सिंह जोगी, राजेंद्र जोगी, बिजेंद्र, वीरेंद्र, रवि हुढा,अभय हुड्डा सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

# एक दर्जन दबंगों ने युवक पर किया जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** जनपद शामली के थाना झिंझाना क्षेत्र की चौकी चौसाना के गांव शामला में देर शाम उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक युवक पर करीब एक दर्जन हथियारबंद हमलावरों ने अचानक जानलेवा हमला कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार गांव शामला निवासी सरजून (20) पुत्र प्रमोद अपने भाई की इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान पर बैठा हुआ था। बताया जाता है कि इसी दौरान अचानक करीब एक दर्जन अज्ञात हमलावर हथियारों से लैस होकर दुकान पर पहुंच गए और युवक पर हमला बोल





दिया। हमलावरों ने पहले युवक के साथ जमकर मारपीट की और उसके बाद उस पर धारदार हथियारों से कई वार कर दिए। अचानक हुए इस हमले से युवक गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। घटना के दौरान दुकान के आसपास मौजूद लोगों ने जब शोर-शराबा सुना तो ग्रामीण मौके की ओर दौड़ पड़े। ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख हमलावर घबरा गए और मौके से फरार हो गए। बताया जा रहा है कि जल्दबाजी में भागते समय हमलावर अपनी दो बाइक मौके पर ही छोड़कर फरार हो गए। ग्रामीणों के अनुसार हमलावरों द्वारा छोड़ी गई बाइकों की तलाशी लेने पर उनमें से अवैध हथियार और चाकू भी बरामद हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही चौसाना चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तुरंत उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मौके से बरामद दोनों बाइकों और हथियारों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि हमलावरों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है और आसपास के क्षेत्रों में उनकी तलाश के लिए दबिश दी जा रही है।

वहीं घायल युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना के बाद गांव में भारी तनाव और दहशत का माहौल है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

## श्रद्धालुओं को भगवान की भक्ति का महत्व बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के दूसरे दिन कथावाचक आचार्य विशाला नंद सरस्वती व्यास महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान की भक्ति का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि संसार में प्रभु से बढ़कर कोई सुख, संपत्ति या सम्पदा नहीं है। मनुष्य यदि सच्चे मन से भगवान की भक्ति करता है तो उसे जीवन में वास्तविक सुख और शांति की प्राप्ति होती है। गांव में आयोजित कथा के दूसरे दिन आचार्य विशाला नंद सरस्वती व्यास महाराज ने अमर कथा शुकदेव जी महाराज के प्रसंग और भागवत महिमा का विस्तारपूर्वक वर्णन किया। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि जीवन को सही दिशा देने का माध्यम है। कथा श्रवण से मनुष्य के भीतर भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का संचार होता है। कथावाचक ने कहा कि आप सभी श्रद्धालुओं पर ठाकुर जी की विशेष कृपा है कि आप श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कर रहे हैं। भगवान मनुष्य को उतना ही देते हैं जितना उसके भाग्य और कर्म में होता है लेकिन सच्ची श्रद्धा और भक्ति से प्रभु की कृपा अवश्य प्राप्त होती है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कहा कि यदि कथा में कुछ प्राप्त करना है तो प्यासे बनकर आएं सीखने की भावना लेकर आएं। यदि मन में प्रभु को पाने की इच्छा और श्रद्धा होगी तो भागवत कथा जीवन में बहुत कुछ देने वाली सिद्ध होगी।

# जनपद स्तरीय रसोइया पाककला प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जनपद शामली के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बनत में जनपद स्तरीय रसोईया पाककला प्रतियोगिता 2025-26 का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यालयों में मध्याह्न भोजन तैयार करने वाली रसोइयों की पाक कला, स्वच्छता और पोषण संबंधी समझ को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में जनपद के पाँचों विकासखंडों से चयनित कुल 30 रसोइयों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी उत्कृष्ट पाक कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य विकास अधिकारी शामली श्री विनय कुमार तिवारी रहे। उन्होंने प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा सभी रसोइयों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को पौष्टिक और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने में रसोइयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। निर्णायक मंडल द्वारा घोषित परिणामों के अनुसार, कांधला विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय लिसाड़ नंबर-1 की श्रीमती अंजू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। शामली



विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय सेहटा की कविता ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि कैराना विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय कसेरवा खुर्द-2 की श्रीमती शकुंतला ने तृतीय स्थान हासिल कर जनपद का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली रसोईया को 3500, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली को 2500 तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली को 1500 की नकद पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाली अन्य सभी रसोइयों को प्रोत्साहन स्वरूप 600-600 की धनराशि उनके बैंक खातों में उपलब्ध कराई जाएगी। प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक मंडल ने भोजन पकाने की विधि, स्वच्छता, सुरक्षा मानकों, पौष्टिक तत्वों की उपलब्धता तथा रसोइयों के व्यवहार जैसे विभिन्न पहलुओं का बारीकी से मूल्यांकन किया। निर्णायक समिति में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लता राठौड़, खंड शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिंह, प्रवक्ता श्रीमती अलका सिंह, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. निशु मौर्य तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनंत कुमार शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला समन्वयक (एमडीएम) जित. ेंद्र कुमार और एसआरजी सचिन कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर राहुल कुमार मौजूद रहे।

# दुकान पर युवक से लाठी-डंडों व बेल्ट से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** मोहल्ला इस्लामनगर निवासी बासिद पुत्र रियासत ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि उसका भतीजा फैसल पुत्र साबिर कस्बे के मोहल्ला गुम्बद स्थित एमबीए रेडीमेड की दुकान पर रहता है। आरोप है कि 11 मार्च को करीब दो बजे मुसारिक पुत्र फैय्याज निवासी इस्लामनगर और दानिश पुत्र मारूफ निवासी मोहल्ला आलकलां वहां पहुंचे। दोनों के हाथों में लाठी-डंडे, बेल्ट व पंच थे। आरोप है कि दोनों ने आते ही गाली-गलौज करते हुए फैसल के साथ मारपीट शुरू कर दी और उसे दुकान से बाहर घसीटकर पीटा शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और किसी तरह बीच-बचाव कर युवक को बचाया। मारपीट में फैसल को चोटें आई हैं। पीड़ित पक्ष का यह भी आरोप है कि जाते समय आरोपियों ने कानूनी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी। तहरीर में यह भी बताया गया है कि एक दिन पूर्व भी दोनों पक्षों के बीच कहासुनी और मारपीट हुई थी, जिस पर मोहल्ले के लोगों ने समझौता करा दिया था, लेकिन इसके बावजूद दोबारा घटना हो गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दिया है।

**सूचना**

शामली जनपद में समाचार व विज्ञापन के लिए संपर्क करें

**सुनील वर्मा**

( जिला प्रभारी/ब्यूरो चीफ )

मो. 8630354443

कार्यालय पताः- ऊपरी मंजिल ओम प्लाजा मार्केट, इलाहाबाद बैंक, धीमानपुरा, शामली






# चौथा जुमाः विश्व में अमनो-अमान के लिए एक साथ उठे लाखों हाथ

## डीएम व एसपी ने कैराना में पहुंचकर किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पवित्र रमजान के चौथे जुमे की नमाज को लेकर शुक्रवार को जिलेभर में पुलिस और प्रशासन अलर्ट मोड पर रहा। जिले की प्रमुख मस्जिदों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए और नमाज के दौरान शांति बनाए रखने के लिए पुलिस तैनात रही। मुस्लिम समुदाय ने आपसी सौहार्द के साथ नमाज अदा की और खुदा से देश में अमन-चौन कायम रखने तथा देश की तरक्की की दुआएं मांगी।

प्रशासन की ओर से जुमे की नमाज के दौरान संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। शहर और ग्रामीण इलाकों की प्रमुख मस्जिदों जैसे जामा मस्जिद, कलंदरशाह मस्जिद, नूरानी मस्जिद, फतेहपुरी मस्जिद, चांद मस्जिद, गढ़ीवाली मस्जिद और कुरैशियान मस्जिद में पुलिस बल तैनात किया गया। इसके अलावा अधिकारी भी क्षेत्र में गश्त करते रहे ताकि नमाज के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। मस्जिदों की कमेटियों ने भी सुबह से ही जुमे की नमाज की तैयारियां पूरी कर ली थी। नमाजियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मस्जिदों में साफ-सफाई, वजूखानों की व्यवस्था और नमाज अदा करने के स्थानों की सुव्यवस्था सुनिश्चित की गई। दोपहर करीब एक बजे से नमाज अदा कराई गई। शहर की शाही जामा मस्जिद में मौलाना शौकीन ने नमाज अदा कराई और अपने बयान में कहा कि रमजान और ईद के मौके पर हर प्रकार की बुराई से बचा जाना चाहिए। उन्होंने नमाजियों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और एक-दूसरे की मदद करने की अपील की। साथ ही जकात और फितरा अदा करने का संदेश भी दिया, ताकि समाज में सहयोग और भाईचारे की भावना बनी रहे।

**थानाभवन संवाददाता के अनुसार** कस्बे में रमजान के पवित्र महीने के अलविदा जुमे की नमाज पूरी श्रद्धा और अकीदत के साथ अदा की गई। नगर की जामा मस्जिद, नुरानी मस्जिद रोगनग्रान, एक मीनार मस्जिद, अशरफिया मदरसा बस स्टैंड, खानका मदरसा आदि मे जुमे की नमाज अदा की गई। इस अवसर पर देश व क्षेत्र में अमन चौन तरक्की और भाईचारे की दुआए मांगी स अलविदा जुम्मे को लेकर प्रशासन की ओर से सफाई एवं सुरक्षा के इंतजाम किए गए स प्रमुख मस्जिदों के आसपास पुलिस फोर्स तैनात रही ताकि नमाज के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे।

**चौसाना संवाददाता के अनुसार** जुमे की नमाज़ से पहले उलमा-ए-किराम ने अपने खुत्बों में रमज़ान के पाक महीने की फजीलत और अहमियत पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि रमज़ान रहमत, मगफिरत और जहन्नम से निजात का महीना है। इस महीने में अल्लाह तआला अपने बंदों पर खास रहमतें नाजिल करता है और उनकी दुआओं को कुबूल फरमाता है। इसलिए मुसलमानों को इस महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत, तिलावत, रोज़ा और नेक अमल करने चाहिए। नमाज़ के दौरान रोज़ेदारों ने सजदे में झुककर अपने गुनाहों की माफी मांगी और अल्लाह से मुल्क, कौम और पूरी इंसानियत की सलामती के लिए दुआ की। नमाज़ के बाद खास तौर पर देश में अमन-चौन, भाईचारे और तरक्की के लिए दुआ मांगी गई। इस दौरान कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था भी पूरी तरह मुस्तैद रही। चौसाना चौकी पुलिस अपनी टीम के साथ क्षेत्र में लगातार गश्त करती नजर आई। मस्जिदों और मुख्य मार्गों पर पुलिस बल की तैनाती रही, जिससे नमाज़ियों ने शांतिपूर्ण माहौल में इबादत अदा की। रमज़ान के इस पवित्र मौके पर कस्बे में धार्मिक सौहार्द और भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। चौथे जुमे की नमाज़ के दौरान उमड़ी नमाज़ियों की भीड़ ने यह साबित कर दिया कि रमज़ान का महीना लोगों के दिलों में इबादत के साथ-साथ इंसानियत और आपसी मोहब्बत की भावना को भी मजबूत करता है।

**कैराना संवाददाता के अनुसार** माहे रमज़ान के चौथे जुमे की नमाज़ से पूर्व दोनों आला अधिकारी डीएम अरविंद चौहान व पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह मस्जिदों के निरीक्षण को पहुँचे,निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने क्षेत्र की प्रमुख मस्जिदों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने नमाज अदा करने आने वाले लोगों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। डीएम और एसपी ने भीड़भाड़ वाले बाजारों तथा संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त कर सुरक्षा इंतजामों का भी निरीक्षण किया। डड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्क रहकर अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा अधिकारियों ने यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने तथा आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।दौरान निरीक्षण स्थानीय संभ्रांत लोगों और नागरिकों से संवाद करते हुए दोनों अधिकारियों ने आपसी भाईचारा, सौहार्द और शांति बनाए रखने की अपील की। पुलिस प्रशासन के अनुसार जुमे के अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है और संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।

**कांधला संवाददाता के अनुसार** जुमे की नमाज़ से पहले उलमा-ए-किराम ने अपने खुत्बों में रमज़ान के पाक महीने की फजीलत और अहमियत पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि रमज़ान का महीना रहमत, मगफिरत और जहन्नम से निजात का महीना है। इस महीने में अल्लाह तआला अपने बंदों पर खास रहमतें नाजिल करता है और बंदों की दुआओं को कुबूल फरमाता है। इसलिए इस महीने में ज्यादा से ज्यादा इबादत, तिलावत, रोज़ा और नेक अमल करने चाहिए। नमाज़ के दौरान रोज़ेदारों ने सजदे में झुककर अपने गुनाहों की माफी मांगी और अल्लाह से अपने मुल्क, कौम और पूरी इंसानियत की सलामती के लिए दुआएं मांगीं।

मस्जिदों में नमाज़ के बाद खास तौर पर देश में अमन-चौन, भाईचारे और तरक्की के लिए दुआ की गई। नमाज़ियों ने अल्लाह से दुआ की कि देश में मोहब्बत, आपसी सौहार्द और भाईचारा कायम रहे तथा मुल्क तरक्की की राह पर निरंतर आगे बढ़ता रहे। साथ ही समाज में इंसानियत, भाईचारा और एकता का पैगाम भी दिया गया। सुरक्षा व्यवस्था भी पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त नजर आई। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार अपनी पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में लगातार गश्त करते दिखाई दिए।मस्जिदों और मुख्य मार्गों पर पुलिस बल की मुस्तैद तैनाती रही।

## मखमूलपुर ग्रामीणों ने डीएम से लगाई गुहार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** क्षेत्र के ग्राम मखमूलपुर उर्फ ख्वासपुर के ग्रामीणों ने मोहल्ले के नाले का रास्ता अवरुद्ध किए जाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार उनके मोहल्ले में करीब 80 घर हैं, जिनका घरेलू तथा वर्षा का पानी कई वर्षों से बने एक पुराने नाले के माध्यम से बाहर निकलता रहा है। यह नाला ग्राम शाहपुर क्षेत्र से होकर गुजरता है और लगभग 100 वर्षों से पानी की निकासी का प्रमुख माध्यम रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही एक व्यक्ति रामपाल ने कुछ समय पहले नाले के रास्ते को मिट्टी डालकर बंद कर दिया है, जिसके कारण पानी की निकासी पूरी तरह रुक गई है। नाले के बंद होने से गंदा पानी घरों के सामने और गलियों में भर रहा है। इससे आसपास गंदगी और दुर्गंध फैल रही है तथा मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि गंदे पानी के कारण संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। इसके अलावा पानी भरने से लोगों को आवागमन में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि नाले के पास ही प्राथमिक विद्यालय संख्या-2 स्थित है और गंदा पानी विद्यालय परिसर तक पहुंच चुका है। इससे विद्यालय के संचालन और बच्चों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस समस्या के संबंध में पहले लेखपाल को भी सूचना दी गई थी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद 21 फरवरी को ब्लॉक स्तर पर शिकायत की गई, जिस पर ग्राम सचिव ने मौके पर पहुंचकर नाला खुलवा दिया था। हालांकि, ग्रामीणों का कहना है कि इसके कुछ समय बाद ही संबंधित व्यक्ति ने जेसीबी मशीन से दोबारा मिट्टी डलवाकर नाले को फिर से बंद कर दिया। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि अधिकारियों को मौके पर भेजकर स्थल निरीक्षण कराया जाए और नाले को स्थायी रूप से खुलवाकर समस्या का समाधान कराया जाए। इस अवसर पर ओमबीर सिंह, राजीव मलिक, अनिल, पंकज कुमार, सुभाष मलिक, विपिन मलिक, ओमकार, जितेंद्र, ओमपाल सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## पालिका का अपरायुक्त ने किया औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** नगर पालिका परिषद का अपर आयुक्त ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिशासी अधिकारी पूर्णिमा सिंह के साथ पालिका के विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अभिलेख कक्ष में रिकॉर्ड के रखरखाव की खराब स्थिति देखकर उन्होंने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित कर्मचारियों को व्यवस्था तुरंत सुधारने के निर्देश दिए।

शुक्रवार को अपर आयुक्त भानु प्रताप यादव नगर पालिका परिषद पहुंचे और सबसे पहले अधिशासी अधिकारी के साथ अभिलेख कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने फाइलों व दस्तावेजों के रखरखाव की स्थिति को बारीकी से परखा। अभिलेखों के रख रखाव में अव्यवस्था और लापरवाही देखकर उन्होंने कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए रिकॉर्ड को व्यवस्थित रखने तथा भविष्य में ऐसी स्थिति न होने देने के निर्देश दिए।




निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त ने संपत्ति के लंबित नामांतरण मामलों की भी समीक्षा की। जांच में कई नामांतरण प्रक्रियाएं लंबित मिलीं, जिस पर उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इन मामलों का शीघ्र निस्तारण किया जाए, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। जन्म और मृत्यु पंजीकरण कक्ष का निरीक्षण करने पर उन्हें व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं। इस विभाग में कार्य की स्थिति बेहतर पाए जाने पर उन्होंने संबंधित कर्मचारियों की सराहना करते हुए इसी तरह नियमित रूप से कार्य करने की सलाह दी।निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त भानु प्रताप यादव ने पालिका के समग्र विकास की योजनाओं पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि नगर क्षेत्र में पारदर्शिता और विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से स्वकर प्रणाली लागू की गई है। इस व्यवस्था के तहत नागरिक स्वयं अपने कर का निर्धारण कर सकते हैं, जिससे राजस्व संग्रह में सुधार होगा और विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित टैक्स स्लैब को लेकर लोगों को होने वाली दिक्कतों के समाधान के लिए विशेष कार्यशालाएं आयोजित की जाएंगी। प्रत्येक वार्ड के नागरिकों को स्वकर प्रणाली के लाभ और कर निर्धारण की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी, जिससे लोगों की शंकाओं का समाधान हो सके और व्यवस्था सुचारू रूप से लागू हो सके।

अपर आयुक्त ने बताया कि शासन के निर्देश पर प्रदेश की नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों का निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद का निरीक्षण किया गया है। निरीक्षण के दौरान जहां खामियां मिली हैं, वहां संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए गए हैं।

## लड़की से छेड़छाड़ और अपहरण के मामले में लगाए पुलिस पर भ्रष्टाचार के आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव जाफरपुर का है। जहां पर एक व्यक्ति ने गांव के ही रहने वाले बाबू पुत्र तख्त सिंह,नथलु पुत्र बाबू,बबलू पुत्र पटवारी आदि तीन लोगो पर घर में घुसकर मारपीट करने और नाबालिग लड़की का अपहरण करने का प्रयास के बारे में सूचना दी थी। पीड़ित ने थाने में घटना के तुरंत बाद सूचना देकर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की थी लेकिन थाना भवन पुलिस ने आरोपियों को बढ़ावा देने के चलते उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जिस कारण पीड़ित ने शामली एसपी एनपी सिंह को शिकायत की और इस मामले में अवगत कराते हुए बताया कि गांव के ही रहने वाले तीन लोगों ने 25 फरवरी की रात घर में घुसकर उनकी नाबालिक बेटी को उठाया जिसका विरोध करने पर उनके साथ मारपीट की। घटना को अंजाम दिया स पीड़ित ने बताया कि उक्त आरोपियों में से आरोपी बाबू हत्या के मामले में जेल काट चुका है। जिस पर अपने बहू की हत्या का आरोप है जो मामला कोर्ट में विचाराधीन है। अब पीड़ित को अपनी जान माल का डर है पीड़ित ने आरोप लगाया है कि थाना भवन पुलिस ने उनकी नाबालिग बेटी के साथ हुई घटना और उनके परिवार के लोगों के साथ ही मारपीट में समय रहते कोई कार्रवाई नहीं की। पीड़ित ने आरोप लगाया कि एसपी शामली के आदेश के बाद भी थानाध्यक्ष ने धारा 170 बी एन एस के तहत कार्रवाई की है। जोकि घटना को देखते हुए मामूली कानूनी कार्यवाही की है।

## तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार दंपति गंभीर घायल, मेरठ रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कांधला की रेल मंडी निवासी कविता पत्नी शेखर चंद सैनी ने शहर कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 7 मार्च को वह अपने पति के साथ बुलेट बाइक से कांधला से शामली आ रही थीं। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे जब वे शहर में रेड लाइट के पास पहुंचे, तभी एक कार चालक ने तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाते हुए रेड लाइट होने के बावजूद सिग्नल पार कर दिया और उनकी बाइक में बाईं ओर से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दंपति सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत दोनों को जिला अस्पताल शामली पहुंचाया। पीड़िता के अनुसार हादसे में उसके पति के पैर में मल्टीपल फैक्चर, सिर में गंभीर चोट और कान की हढी में फैक्चर हो गया, जबकि शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोटें आई हैं। वहीं कविता को भी काफी चोटें लगी हैं। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को मेरठ रेफर कर दिया, जहां उनका इलाज कैलाश अस्पताल में चल रहा है। पीड़िता ने बताया कि उसके पति की अब तक दो सर्जरी हो चुकी हैं। इलाज में व्यस्त होने के कारण वह समय पर थाने नहीं पहुंच सकी। फिलहाल पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सर्वर डाउन होने से कैराना में गैस वितरण ठप्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नगर के शामली रोड स्थित विनायक इण्डेन गैस एजेंसी पर सर्वर डाउन होने से एलपीजी गैस सिलेंडरों का वितरण प्रभावित हो गया। मोबाइल से बुकिंग और वेबसाइट सेवा बंद होने के कारण उपभोक्ताओं को सिलेंडर लेने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

शुक्रवार को बड़ी संख्या में उपभोक्ता गैस एजेंसी पर पहुंचे, लेकिन बुकिंग न होने और पर्ची न निकलने के कारण उन्हें गैस सिलेंडर नहीं मिल सका। कई लोग सुबह से एजेंसी के बाहर लाइन में लगे रहे, लेकिन शाम तक भी सिलेंडर न मिलने से उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा। उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसी द्वारा दिए गए नंबरों पर गैस बुकिंग नहीं हो पा रही है और बिना पर्ची के सिलेंडर भी नहीं दिया जा रहा है। ऐसे में लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इन दिनों रमजान का महीना चल रहा है, जिसके चलते घरों में गैस सिलेंडर की मांग बढ़ गई है। उपभोक्ता अनीस और महबूब ने बताया कि सहरी और इफ्तार के लिए खाना बनाने में दिक्कतें आ रही हैं। गैस न मिलने से रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि एजेंसी की ओर से गोदाम में पर्याप्त गैस सिलेंडर होने की बात कही जा रही है, लेकिन बुकिंग और पर्ची न मिलने के कारण सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। एजेंसी कार्यालय में कार्यरत मोहम्मद हामिद हुसैन ने बताया कि कंपनी का एसडीएमएस सर्वर डाउन होने के कारण उपभोक्ताओं की पर्ची नहीं निकल पा रही है। सुबह से लगातार सर्वर चालू होने का इंतजार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गोदाम में गैस सिलेंडरों की पर्याप्त उपलब्धता है, लेकिन सर्वर की समस्या के कारण वितरण बाधित हो रहा है।

## गैस गोदाम पर उमड़ी उपभोक्ताओं की भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

कांधला। कस्बे में गैस गोदाम पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। गैस सिलेंडर लेने के लिए लोग सुबह से ही गोदाम के बाहर लंबी-लंबी कतारों में खड़े नजर आए। भीड़ अधिक होने के कारण गोदाम परिसर में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। कई उपभोक्ताओं को घंटों लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा।उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्होंने कई दिन पहले गैस सिलेंडर की बुकिंग कराई थी, लेकिन इसके बावजूद भी समय पर उनके घर तक सिलेंडर की डिलीवरी नहीं हो सकी। इस कारण मजबूर होकर उन्हें स्वयं गैस गोदाम पर पहुंचकर सिलेंडर लेना पड़ रहा है। कस्बा निवासी ओवैस मलिक ने बताया कि उन्होंने करीब एक सप्ताह पहले गैस सिलेंडर बुक कराया था, लेकिन अब तक सिलेंडर की होम डिलीवरी नहीं हो सकी। कई दिन इंतजार करने के बाद उन्हें खुद गोदाम पर पहुंचना पड़ा, जहां पहले से ही बड़ी संख्या में लोग लाइन में लगे हुए थे। उनका कहना है कि समय पर गैस की सप्लाई न मिलने से उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव जसाला निवासी सतीश कुमार ने बताया कि शुक्रवार सुबह समय पर गैस वितरण शुरू नहीं हो सका, जिसके कारण उपभोक्ताओं की भीड़ बढ़ती चली गई। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी गैस की सप्लाई समय पर नहीं पहुंच रही है।

## पांच लीटर कच्ची शराब सहित तस्कर दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** थाना झिंझाना पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पांच लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। ग्राम डेरा भगीरथ निवासी पवन पुत्र राजकुमार को अवैध शराब की तस्करी करते हुए पकड़ा गया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक अजयपाल सिंह के नेतृत्व में कांस्टेबल योगेंद्र कुमार और कांस्टेबल अनुज कुमार शामिल रहे। उन्होंने बताया कि थाना झिंझाना पुलिस लगातार शराब की अवैध बिक्री और तस्करी पर नजर रखे हुए है। पुलिस ने कहा कि ऐसे अभियानों का मुख्य उद्देश्य न केवल अवैध शराब की बिक्री रोकना है, बल्कि लोगों को इससे होने वाले स्वास्थ्य और सामाजिक नुकसान से भी अवगत कराना है।

## वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक डा. तीरथ पाल पवार का हुआ आकस्मिक निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक डा. तीरथपाल पवार (उम्र 77 वर्ष) का निधन हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। डा. पवार आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में लंबे समय से अपनी सेवाएं दे रहे थे। छोटे बटे विजय उर्फ कपिल ने बताया कि बुधवार रात हृदय आघात के कारण करनाल जाते समय रास्ते में उनका निधन हो गया। वह मूल रूप से निकट के गांव होशंग पुर निवासी हैं। कस्बा झिंझाना में अपना नर्सिंग होम चला रहे हैं। बृहस्पतिवार में उनके पैतृक गांव में ही उनका अंतिम संस्कार किया गया। बड़े बेटे अजय पवार ने शव को मुखाग्नि दी। वह समाज में एक सम्मानित चिकित्सक के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी से



आयुर्वेदिक मेडिसिन और सर्जरी की डिग्री प्राप्त की थी। कस्बा झिंझाना में निजी नर्सिंग होम स्थापित कर लोगों की सेवा करते रहे। उनके निधन की खबर से परिजनों, मित्रों, मरीजों और क्षेत्र के लोगों में गहरा दुख है। वह स्पष्ट स्वभाव और सेवा भाव जैसे व्यक्तित्व के धनी रहे। सैकड़ो लोग उनकी अंतिम यात्रा में शामिल हुए और श्रद्धांजलि दी।

## तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक ई-रिक्शा पलट गया, जिसमें चालक सहित करीब आधा दर्जन सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों और राहगीरों ने घायलों को तुरंत जिला अस्पताल पहुंचाया, जबकि दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया।

थाना आदर्शमंडी क्षेत्र के गांव बधेव निवासी ई-रिक्शा चालक राजू पुत्र ईश्वर सिंह शुक्रवार सुबह अपने ई-रिक्शा में गांव से करीब आधा दर्जन सवारियों को बैठाकर शामली की ओर आ रहा था। बताया जाता है कि सुबह करीब आठ बजे जब वह बधेव बाईपास के पास पहुंचा, तभी सामने से तेज गति से आ रही एक कार अचानक अनियंत्रित हो गई और उसने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए। हादसे की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर तुरंत मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घायलों को ई-रिक्शा से बाहर निकाला और निजी वाहनों की मदद से शामली के जिला अस्पताल पहुंचाया। दुर्घटना के बाद कार चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घायलों में गांव बधेव निवासी छोटू पुत्र सोहनपाल, बेदु पुत्र धर्मबीर और अनित पुत्र राजपाल सिंह को गंभीर चोटें आई हैं। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति पर नजर रखी हुई है। अन्य घायलों को भी उपचार दिया गया। घटना के बाद पीड़ितों ने जिला अस्पताल में अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाना आदर्शमंडी पुलिस को तहरीर देकर आरोपी कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है और फरार कार चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि घटना के संबंध में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है, ताकि वाहन और चालक की पहचान कर जल्द कार्रवाई की जा सके।

## शामली के बाजारों में दिल्ली रमजान की रौनक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** किराना दुकानों पर रोजमर्रा के सामान की खरीदारी के लिए लोग सुबह से शाम तक लगातार आते रहे। इसके अलावा रेडीमेड कपड़ों, बर्तन और कॉस्मेटिक की दुकानों पर भी ग्राहकों की अच्छी खासी संख्या रही। दुकानदारों ने बताया कि रमजान के दिनों में बाजार में ग्राहक बढ़ जाते हैं, जिससे कारोबार में भी तेजी आती है। व्यापारियों का कहना है कि ईद उल फितर नजदीक आने के कारण लोग अभी से कपड़े, बर्तन और अन्य आवश्यक सामान की खरीदारी कर रहे हैं। इसके साथ ही मिठाइयों और खाने-पीने की चीजों की भी मांग बढ़ गई है। बाजार में रौनक के कारण माहौल त्योहार जैसा बन गया है। ग्राहकों का कहना है कि रमजान में खरीदारी करना उनके लिए खास होता है, क्योंकि इस दौरान परिवार के लिए जरूरी सामान आसानी से उपलब्ध होता है और त्योहार की तैयारी भी शुरू हो जाती है। व्यापारी भी ग्राहकों की संख्या बढ़ने से खुश हैं और उन्होंने कहा कि इस समय बाजार की अच्छी बिक्री होने की संभावना रहती है। विशेषकर शाम के समय बाजार की व्यस्तता चरम पर रहती है, और लोग परिवार के साथ खरीदारी करने आते हैं। शहर के प्रमुख बाजारों में साफ-सफाई और सुरक्षा की भी व्यवस्था की गई है, ताकि खरीदारी के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो। इस तरह रमजान के अवसर पर शामली के बाजारों में खरीदारी का उत्साह और रौनक देखने लायक बनी हुई है।


## शाह टाइम्स शामली में कार्यरत संवाददाताओं की सूची

**शाह टाइम्स समाचार पत्र में विज्ञापन, विज्ञप्ति, सूचना या समाचार आदि के लिए सम्पर्क करे।**

**shahtimesshamli441985@gmail.com**

| क्र.सं. | नाम | स्थान (पद) | मोबाइल नंबर |
|---|---|---|---|
| 1 | सुनील वर्मा | जिला प्रभारी शामली | 8630354443<br>9897943340 |
| 2 | मोहसीन रहमानी | संवाददाता कांधला | 7900300510 |
| 3 | हरेन्द्र मलिक | संवाददाता झिंझाना | 9758552640 |
| 4 | इनशाद राणा | संवाददाता चौसाना | 9756562666 |
| 5 | जयवीर सिंह (बब्लू) | संवाददाता थानाभवन | 8218012821 |
| 6 | समीउल्लाह खान | संवाददाता जलालाबाद | 9719215832 |
| 7 | सादिक चौधरी | संवाददाता बिडौली | 9719049885 |
| 8 | सालिम अंसारी | संवाददाता कैराना | 9557779014 |

जनपद शामली के नगर शामली व कस्बा एलम, गढ़ीपुख्ता, बनत, ऊन, बाबरी में संवाददाताओं की आवश्यकता है। अनुभवी को वरीयता दी जाएगी।

**जिला कार्यालय**

**पता- ओम प्लाजा मार्कीट, प्रथम तल निकट इलाहाबाद बैंक धीमानपुरा शामली**


## दबंगों ने बंद किया सरकारी नाला, पानी निकासी बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव हसनपुर लुहारी में कुछ लोगों द्वारा सरकारी नाला बंद किए जाने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मामले में ग्रामीणों ने एडीओ पंचायत थानाभवन को प्रार्थना पत्र देकर समस्या के समाधान की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार गांव में शिव मंदिर बस स्टैंड से लेकर मोहल्ला बरखापुरी तक सड़क के दोनों ओर सरकारी नाला बना हुआ है जिससे आसपास के घरों का गंदा पानी निकलता है। आरोप है कि कवरपाल नामक व्यक्ति ने अपने बेटों के साथ मिलकर नाले को बंद कर दिया है। इतना ही नहीं सड़क पर शौचालय के लिए गड्डे का निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया गया। बताया जा रहा है कि कवरपाल का वहां एक मकान है जिसे उन्होंने किराए पर दे रखा है। वर्तमान में उस भवन में एक नर्सिंग होम संचालित हो रहा है। नाला बंद होने के कारण पानी की निकासी पूरी तरह ठप हो गई है जिससे आसपास के घरों में गंदा पानी भर रहा है साथ ही मकानों में सीलन की आशंका भी बढ़ गई है। इससे स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस समस्या की जानकारी ग्राम प्रधान को भी दी जा चुकी है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मजबूर होकर ग्रामीणों ने एडीओ पंचायत थानाभवन को प्रार्थना पत्र देकर नाला खुलवाने और समस्या का शीघ्र समाधान कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का शीघ्र ही नाले को खुलवाकर पानी निकासी की व्यवस्था नहीं कराई गई तो उन्हें वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। वही बीडीओ पंचायत दिनेश कुमार ने बताया कि वह मेडिकल छुट्टी पर है। कार्य देख रहे प्रमोद कुमार ने बताया अगर इस तरीके की कोई घटना हुई है तो उसका समाधान किया जाएगा और आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रैक्टर ट्राली दो कारों को चपेट में लेते हुए सड़क किनारे पलटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** रोंग साइड चल रही ट्रैक्टर ट्राली दो कारों को अपनी चपेट में लेते हुए सडक किनारे पलट गई। दुर्घटना में एक कार चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए देवबंद सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

गुरुवार की देर रात करीब दस बजे हाईवे पर घलौली चौक पोस्ट के निकट रोंग साइड चल रही ट्रैक्टर ट्राली अचानक अनियंत्रित हो गई और एक के बाद एक दो कारों को अपनी चपेट में लेते हुए सडक किनारे पलट गई। दुर्घटना में एक कार में सवार गांव सालहापुर निवासी मोनू पुत्र यशपाल गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि दूसरी कार में सवार लोगों को भी मामूली चोटें आई। सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची और घायल मोनू को सरक.ारी अस्पताल में भर्ती कराया।



वही, ट्रैक्टर ट्राली चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। सडक किनारे ट्राली पलटने से काफी देर तक यातायात भी बाधित रहा। बाद में पुलिस ने वाहनों को सडक से हटवाते हुए मार्ग सुचारू कराया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरपाल शर्मा ने बताया कि मामला संज्ञान में है। लेकिन अभी तक किसी भी पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर मिलने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# अकीदतमंदों ने अलविदा जुमा पढ़कर मांगी दुआएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** मुकद्दस रमजान के चौथे एवं अलविदा जुमा की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज के बाद अकीदतमंदो ने अल्लाह की बारगाह में हाथ उठाकर देश व दुनिया में अमन सुकून और समृद्धि के लिए दुआएं की। प्रमुख मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए भारी संख्या में ग्रामीण क्षेत्रों से लोग देवबंद पहुंचे जिसके चलते पूरे दिन नगर गुलजार बना रहा। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल मुस्तैद रहा।

देश में दूसरे ताल के नाम से मशहूर दारुल उलूम देवबंद की रशीदिया मस्जिद में प्रख्यात आलिम ए दीन मुफ्ती अफ्फान मंसूरपुरी ने नमाज अदा कराई। छत्ता मस्जिद में जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने जुमा की नमाज पढ़ाने के बाद खिताब किया। मौलाना ने देश व दुनिया के वर्तमान हालात चिंता व्यक्त करते हुए



मुसलमानों से सब्र और तहम्मुल से काम लेने की अपील की। कहा कि जरूरी है कि हम अपने रब को राजी करें जिससे दुश्मनों के षडयंत्र नाकाम हो सके। नगर की मरकजी जामा मस्जिद मुफ्ती जकवान व दारु अत्यबुल मसाजिद में दारुल उलूम वक्फ के मोहतमिम मौलाना सुफियान कासमी ने जुमा की नमाज अदा कराई। इसके अलावा अलावा कदीम मस्जिद, पुरानी जामा मस्जिद, मस्जिद किला समेत नगर व देहात की प्रमुख मस्जिदों में अकीत के साथ अलविदा जुमा पढ़ा गया। देहात क्षेत्र से आए हजारों लोगों ने नमाज के बाद ईद के लिए खरीदारी की जिसके चलते नगर के बाजार गुलजार बने रहे। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर प्रमुख मस्जिदों व चौक चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा।

**रशीदिया मस्जिद में जुमा की नमाज के बाद कुछ युवकों ने नारा ए तकबीर अल्लाहू अकबर की सदाएं बुलंद की। जिससे पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया। हालांकि मस्जिद के भीतर ही अन्य लोगों ने उक्त युवकों को खामौश करा दिया जिसके बाद सभी लोग शांति के साथ अपने घरों को चले गए। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभितेष सिंह का कहना है कि सडक पर ऐसी कोई घटना नहीं हुई है।**

# डिप्टी सीएम का पंडित सतेंद्र शर्मा ने किया अभिनंदन

**देवबन्द।** श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित सतेंद्र शर्मा ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मुलाकात कर उन्हें क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया। डिप्टी सीएम ने उन्हें शीघ्र ही समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी सेवा ट्रस्ट के चेयरमैन पं. सतेंद्र शर्मा ने लखनऊ में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रशस्ति पत्र भेंटकर और शाल ओढ़ाकर डिप्टी सीएम का अभिनंदन किया। उन्होंने उपमुख्यमंत्री को समस्या बताई और सहारनपुर मुजफ्फरनगर स्टेट हाइवे पर नगर आबादी क्षेत्र में स्थित फ्लाइओवर के नीचे हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सडक का मानकों के अनुरूप चौड़ीकरण कराए जाने, फ्लाइओवर के ऊपर और नीचे पथ प्रकाश की व्यवस्था कराए जाने और आपराधिक व संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए नगर के चौक चोराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने की मांग की। पंडित सतेंद्र शर्मा ने बताया कि डिप्टी सीएम ने



समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया है। इस दौरान उनके साथ सुशील चौधरी, रजत शर्मा, डा. विशाल, डा. गगन और धनंजय शर्मा आदि शामिल रहे।

# छात्राओं ने गायन व भाषण प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ठा. कृपाल सिंह मैमोरियल डिग्री कालेज का राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय शिविर संपन्न हुआ। अंतिम दिन स्वयं सेवकों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया।

रणखंडी गांव स्थित ठा. कृपाल सिंह मैमोरियल डिग्री कालेज प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम के दौरान गायन प्रतियोगिता में छात्रों ने राष्ट्रभक्ति गीत गाए। साथ ही भाषण की प्रस्तुति देकर एनएसएस शिविर का महत्व बताया। कार्यक्रम अधिकारी डा. शीबा परवीन ने कहा कि सामुदायिक सेवा के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व का विकास करना ही एनएसएस इकाई का मुख्य उद्देश्य है। प्राचार्य डा. अनिल कुमार ने कहा कि ऐसे शिविर छात्रों में समाज सेवा की भावना का विकास करते है।



उन्होंने शिविर में दिए गए प्रशिक्षण को जीवन में अपनाते हुए एक जिम्मेदार नागरिक बनने का आह्वान किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं समेत स्कूल का समस्त स्टाफ शामिल रहा।

# पालिकाध्यक्ष ने ईदगाह का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** ईद उल फितर के त्योहार के मद्देनजर पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने ईदगाह का निरीक्षण किया। उन्होंने पालिका अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त रखने के लिए निर्देशित किया।

शुक्रवार को सभासदों की टीम के साथ पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ईदगाह पहुंचे। उन्होंने साफ सफाई की उचित व्यवस्था करने के साथ ही सडकों व ईदगाह के आसपास चूने आदि डलवाने, नालियों की सफाई करने और उसमें दवा का छिडकाव कराने के निर्देश पालिका के अधिकारियों को दिए। नमाजी वजू कर सके इसके लिए जलापूर्ति सुचारू रखने के निर्देश पालिका के जलकल विभाग को दिए गए। पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने ईदगाह कमेटी व



सभासदों को आश्वस्त किया कि ईदगाह से पूर्व सभी व्यवस्थाएं चुस्त दुरुस्त कर दी जाएंगी। किसी भी नमाजी को किसी तरह की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। इस मौके पर सभासद सैयद हारिस, डा. वाजिद मलिक, मोहम्मद असलम आदि शामिल रहे।

## शासन-प्रशासन से जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें: रिहान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विश्व प्रसिद्ध दारुल उलूम देवबंद ने ईद उल फितर के त्योहार पर शासन प्रशासन द्वारा जारी गाइडलाइन का पूरी तरह पालन करने और ईद की नमाज सडकों पर अदा नहीं करने की अपील की है।

दारुल उलूम की ओर से संस्था के प्रशासनिक अधिकारी मुफ्ती रिहान ने जारी अपने बयान में कहा कि ईद उल फितर पर नमाज अदा करते समय शासन एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पूरी तरह पालन करें। अकीदतमंद मस्जिदों के अंदर और ईदगाह परिसरों में ही ईद की नमाज अदा करें। सडक, चौराहों एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर नमाज अदा न की जाए, जिससे कि आवागमन सुचारू रहे और लोगों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने आह्वान किया कि प्रशासन द्वारा निर्धारित व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान करें तथा त्योहार को शांति, सौहार्द के साथ मनाएं। शांति व्यवस्था बनाए रखने में सभी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं।

# ग्रामीणों ने सडक निर्माण को लेकर रेल मंत्री व जिलाधिकारी को भेजा पत्र

**देवबन्द।** रेलवे विभाग द्वारा बनाया गया अंडरपास मार्ग बनने के एक साल के बाद ही टूटने लगा है। ग्रामीणों ने सडक निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किए जाने का आरोप लगाते हुए जांच कर कार्रवाई की मांग रेलवे विभाग व प्रशासन से की है।

खटौली अंडरपास के आसपास के कई गांवों के ग्रामीणों ने रेल मंत्री और जिलाधिकारी को भेजे पत्र में कहा है कि रेलवे विभाग की ओर से एक वर्ष पूर्व अंडरपास का निर्माण कराया गया था। जिसमें बेहद घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया। यही वजह है कि अभी इस मार्ग के निर्माण को एक वर्ष ही हुआ है और सडक टूटने लगी है। बजरी व रेत के साथ ही निर्माण के समय सडक में डाला गया



लोहे के सरियों का जाल भी बाहर आ गया है। इसके कारण यहां हादसे होना आम हो गया है। इस मामले में जांच कर कार्रवाई की जानी चाहिए और टूट चुके मार्ग का पुनर्निमाण होना चाहिए। मांग करने वालों में रजनीश, नरेंद्र त्यागी, मनोज चौधरी, प्रशांत, प्रमोद कुमार, बिजेंद्र त्यागी, सचिन त्यागी, राहुल, कुशलपाल, गिरीश आदि शामिल है।

## छात्राओं ने किया प्रेमधाम आश्रम का भ्रमण



**बिजनौर।** कृष्णा कालेज के गृह विज्ञान विभाग की एम.एस.सी. गृह विज्ञान हयूमन डेवलपमेंट व बी.एस.सी. गृह विज्ञान तृतीय वर्ष की छात्रओं ने प्रेमधाम आश्रम का भ्रमण किया। कसलेज संस्थापक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, लॉ प्राचार्य डा. परवेज अहमद खां, साइंस प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने प्राध्यापकों व छात्राओं के समूह को प्रेमधाम आश्रम के लिए रवाना किया। गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने प्रेमााम आश्रम में दिव्यांग एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ बच्चों का हाल जाना और यहां के डा. थामस व विजय कुमार तथा अन्य कर्मचारीगणों के द्वारा गृह विज्ञान विभाग की विभागधयक्ष डा. शालिनी शर्मा व सहायक प्रवक्ता प्रीति चौहान, मुक्ता चौधरी, ज्योति चौहान व सायमा खानम का स्वागत किया गया। गृह विज्ञान विभाग के समस्त विद्यार्थियों ने समस्त दिव्यांगो और मानसिक रुप से अस्वस्थ बच्चों के लिए आश्रम प्रबंधन द्वारा दी गई व्यवस्थाओं को जाना। विजय कुमार ने जानक.ारी दी कि बच्चों के मेडिकल की सुविधा आश्रम में होने के साथ-साथ फिजियोथेरेपी एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने बच्चों को पढ़ाने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए जानकारी दी तथा उन्होंने बताया कि यहां पर बच्चों को योग, खेलकूद, संगीत और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलता है, जिससे आत्मविश्वास बढ़ता है।

# गोवर्धनपुर नंगली में अवैध शराब का धंधा

## पुलिस पर मिलीभगत के गंभीर आरोप, ग्रामीणों में आक्रोश

**हल्दौर।** थाना क्षेत्र के ग्राम गोवर्धनपुर नंगली में इन दिनों अवैध शराब का कारोबार खुलेआम फल-फूल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में करीब चार स्थानों पर धड़ल्ले से शराब बेची जा रही है, जिससे क्षेत्र का माहौल लगातार बिगड़ता जा रहा है और युवाओं पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि गांव में लंबे समय से अवैध शराब की बिक्री का धंधा चल रहा है। आरोप है कि कुछ लोग अपने घरों और गुप्त ठिकानों से शराब बेच रहे हैं। शाम होते ही इन ठिकानों पर शराब खरीदने वालों की भीड़ लग जाती है। जिससे आसपास रहने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शराबी अक्सर गांव की गलियों में हंगामा और गाली-गलौज भी करते हैं। जिससे ग्रामीणों में भय और असुरक्षा का माहौल बना रहता है। ग्रामीणों ने मामले में पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि अवैध शराब की बिक्री की जानकारी स्थानीय पुलिस को होने के बावजूद अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस की मिलीभगत से ही गांव में अवैध कारोबार खुलेआम चल रहा है। उनका कहना है यदि पुलिस चाहे तो एक ही दिन में इस अवैध धंधे पर पूरी तरह रोक लगाई जा सकती है, लेकिन कार्रवाई न होना कई तरह के सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों ने बताया कि कई बार हल्का इंचार्ज से भी शिकायत की गई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला और स्थिति जस की तस बनी हुई है। इससे ग्रामीणों में पुलिस के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध शराब की वजह से गांव का माहौल लगातार खराब हो रहा है। नशे के कारण आए दिन झगड़े-फसाद की स्थिति बन जाती है, जिससे महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। कई परिवारों में घरेलू कलह और आर्थिक समस्याएं भी बढ़ रही हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि पुलिस ने जल्द ही इस अवैध कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की, तो वे इस मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से करेंगे। उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि गांव में चल रहे अवैध शराब के कारोबार की निष्पक्ष जांच कराई जाए और इसमें शामिल लोगों के साथ-साथ लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाए।

**सार्वजनिक सूचना**

मेरा पुत्र **फरमान** और पुत्रवधू **साहिबा** मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। उक्त दोनों को मैं अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर उनसे संबंध विच्छेद करता हूं। भविष्य में उक्त दोनों के द्वारा किए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होंगे।

**जमील पुत्र श्री मखदूम**
निवासी: सुल्तानपुर, थाना कोतवाली देहात जिला सहारनपुर।

# लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल एकेडमी को 12वीं तक की मान्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गागलहेड़ी (सहारनपुर)।** लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल एकेडमी, दिनारपुर गागलहेड़ी को आई सी एस सी बोर्ड के अंतर्गत कक्षा 12वीं तक की मान्यता प्राप्त होने पर कस्बे व क्षेत्रवासियों ने हर्ष जताया। प्रधानाचार्या प्रतिभा यादव ने जानक.ारी देते हुए बताया कि लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल एकेडमी, दिनारपुर को ष्ठैस्ठ बोर्ड के अंतर्गत कक्षा 12वीं तक की मान्यता प्राप्त हो गई है। सहारनपुर जनपद में यह उपलब्धि हासिल करने वाला हमारा विद्यालय मात्र तीसरा है,जो शिक्षा के क्षेत्र में हमारी गुणवत्ता और समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने बताया कि आईसीएससी बोर्ड की मान्यता से बच्चों को वैश्विक स्तर का पाठ्ऽक्रम व बच्चों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा घर के पास ही मिलेगी। इसका पाठ्यक्रम प्रतियोगी परीक्षाओं जेईई, एनईईटी



और यूपीएससी जैसी परीक्षाओं के लिए एक मजबूत आधार तैयार करता है साथ ही रटने के बजाय व्यावहा.रिक ज्ञान और अंग्रेजी भाषा पर विशेष पकड़ उपलब्ध करता हैं । प्रतिभा यादव ने बताया कि एकेडमी इसी सत्र से खेलो को बढ़ावा देने के लिए डे नाइट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स का शुभारंभ भी किया जा रहा है।

# गुलदार की दहशत: वन विभाग ने मटौरामान में पिंजरा लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** ग्राम मटौरा मान में मादा गुलदार की सक्रियता से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। गन्ने के खेत में गुलदार के तीन शावक मिलने के बाद मादा गुलदार को भी इलाके में बार-बार देखा जा रहा है। ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए वन विभाग ने पिंजरा लगा दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार गुरुवार को गांव के हितेश्वर सिंह के गन्ने के खेत में गुलदार के तीन शावक मिले थे। जिससे ग्रामीणों में भय व्याप्त हो गया था। शावकों की तलाश में मादा गुलदार की लगातार मौजूदगी के कारण ग्रामीणों का खेतों में जाना मुश्किल हो गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, वन विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई की। आज प्रभावित क्षेत्र में एक पिंजरा स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य मादा गुलदार को सुरक्षित रूप से पकड़ना है।

पिंजरा लगाने के साथ ही वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ एक बैठक की। इस दौरान उन्हें सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई और कई सावधानियां बरतने की सलाह दी गई। अधिकारियों ने ग्रामीणों को अकेले खेतों में न जाने, बल्कि हमेशा समूह में जाने की सलाह दी। उन्हें खेतों में काम करते समय तेज आवाज में गाने चलाने या आपस में बात करते रहने को कहा गया, ताकि जानवरों को आहट से दूर भगाया जा सके। बच्चों को किसी भी स्थिति में अकेले घर से बाहर या खेतों के पास न जाने देने की हिदायत दी गई। आत्मरक्षा के लिए हमेशा एक मजबूत लाठी साथ रखने को कहा गया।

डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। मादा गुलदार अपने शावकों की वजह से अधिक आक्रामक हो सकती है, इसलिए पिंजरा लगा दिया गया है और टीम लगातार क्षेत्र में निगरानी कर रही है।

# गैस की किल्लत की अफवाह पर प्रशासन सख्त

**धामपुर।** क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर की कमी को लेकर फैल रही अफवाहों के बीच प्रशासन ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा है कि क्षेत्र में गैस की पर्याप्त उपलब्धता है। उपभोक्ताओं को नियमित रूप से सिलेंडर की आपूर्ति की जा रही है। साथ ही जमाखोरी और कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। प्राप्त समाचार के अनुसार तहसील सभागार में एसडीएम एवं ज्वाइंट मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में गैस एजेंसी संचालकों और आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्र की सभी गैस एजेंसियों के स्टॉक की समीक्षा की गई, जिसमें यह सामने आया कि एजेंसियों के पास पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं।



बैठक के दौरान प्रशासन ने गैस एजेंसी संचालकों को निर्देशित किया कि वे उपभोक्ताओं को समय से गैस सिलेंडर की डिलीवरी सुनिश्चित करें और किसी भी स्थिति में जमाखोरी या अनियमितता न होने दें। यदि किसी एजेंसी या व्यक्ति द्वारा गैस सिलेंडर की कालाबाजारी या जमाखोरी की शिकायत मिलती है, तो उसके विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन ने एजेंसी संच.ालकों से यह भी कहा कि वे अपने उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी कराएं। इसके लिए एजेंसियों पर विशेष काउंटर खोलकर उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी कराई जाएगी, ताकि भविष्य में गैस वितरण में किसी प्रकार की समस्या न आए। इसी दौरान आपूर्ति विभाग की टीम द्वारा नगर क्षेत्र में कई पेट्रोल पंप और अन्य स्थानों पर निरीक्षण भी किया गया। निरीक्षण के दौरान एक स्थान पर घरेलू गैस सिलेंडर पाए जाने पर संबंधित व्यक्ति को कड़ी चेतावनी दी गई और भविष्य में ऐसी स्थिति मिलने पर सख्त कार्रवाई की बात कही गई। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे गैस की कमी को लेकर किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। गैस की पर्याप्त उपलब्धता है और बुकिंग के दो से तीन दिनों के भीतर उपभोक्ताओं को सिलेंडर की डिलीवरी सुनिश्चित की जा रही है।

## हाथों पर पट्टी बांधकर आतंकवाद का विरोध

**कोतवाली देहात।** शिया समुदाय द्वारा जुमे की नमाज के बाद यौमे कुद्स दिवस के मौके पर आतंकवाद का विरोध किया गया। शिया समुदाय के लोगों हाथों पर काली पट्टी बांधकर विरोध जताया तथा राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम नगीना को भेजा। जुमे की नमाज के बाद शिया समुदाय लोग मौहल्ला सादात स्थित शिया जामा मस्जिद में एकत्र हुए। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि इस वक्त दुनिया के ज्यादातर देश किसी न किसी तरह के आतंकवाद से पीड़ित है। फिलिस्तीन पर अमेरिका व इजरायल द्वारा बमबारी की जा रही है तथा मस्जिदे अलअक्सा पर भी अत्याचार किया जा रहा है।

संक्षिप्त खेला समाचार

## जुलाई में गोवा में होगा अल्टीमेट टेटे सीजन -7

**नई दिल्ली, वार्ता।** गोवा का सूरज, रेत और शानदार नजारा जल्द ही अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के लिए मंच तैयार करेगा, क्योंकि भारत की प्रमुख फेंचाइजी-आधारित टेबल टेनिस लीग अपने सातवें ऐतिहासिक सीजन के लिए इस तट पर आ रही है। शहर-आधारित फेंचाइजियां और दुनिया के कुछ बेहतरीन पैडलर गोवा के तटों पर उतरेंगे, और जुलाई 2026 से श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम को स्मैश, स्पिन और विश्व-स्तरीय मुक.ाबले के एक जीवंत अखाड़े में बदल देंगे। टेबल टेनिस फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीटीएफआई) के तत्वावधान में छ्स्पोर्ट्स प्रा लिमि द्वारा आयोजित, अल्टीमेट टेबल टेनिस 2017 में अपनी शुरुआत के बाद से देश की सबसे प्रमुख खेल संपत्तियों में से एक बन गया है। सीजन 7 में भारत के सर्वश्रेष्ठ पैडलरों के साथ-साथ दुनिया की बेहतरीन प्रतिभाओं का एक और शानदार प्रदर्शन देखने को मिलेगा।

## मैं सिर्फ टाइमिंग पर ध्यान देती हूं, मेडल्स पर नहीं : प्रीति पाल

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रीति पाल, जो पैरालंपिक खेलों में ट्रैक एंड फील्ड इवेंट्स में दो मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट हैं, ने अपनी सफलता का राज बताया है। उनका कहना है कि वह सिर्फ अपनी टाइमिग बेहतर करने पर ध्यान देती हैं और मेडल जीतने के बारे में सोचकर खुद पर दबाव नहीं डालतीं। प्रीति ने 2024 पेरिस पैरालंपिक्स में दो ब्रॉन्ज मेडल जीते थे। एक महिलाओं की 100मी रेस में और दूसरा 200मी टी35 रेस इवेंट में। बुधवार को चल रहे वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में महिलाओं की 100मी टी35/टी37 रेस में गोल्ड मेडल जीतने के बाद यूनीवार्ता से बात करते हुए प्रीति ने कहा कि यह वह मुकाबला है जहां हर कोई अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की

# रोहित शर्मा इस समय सबसे फिट सबसे मजबूत खिलाड़ी : आकाश



● **कहा : तर्क के हिसाब से अगर आप फिट हैं, जो आपको पूरा मैच खेलना चाहिए, न कि सब्स्टियूट होना चाहिए**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा है कि रोहित शर्मा इस समय सबसे फिट, सबसे तेज और शायद सबसे मजबूत खिलाड़ी हैं।

जियो स्टार के 'गेम प्लान -नो योर टीम' शो पर बोलते हुए, जियो स्टार के एक्सपर्ट आकाश चोपड़ा ने कहा कि तर्क के हिसाब से, अगर आप फिट हैं, तो आपको पूरा मैच खेलना चाहिए, न कि सब्स्टिट्यूट होना चाहिए। खासकर तब, जब आप दूसरी पारी में बैटिंग कर रहे हों, आपको 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर मैदान पर नहीं उतरना चाहिए। एक ओप.नर को डगआउट में बैठकर 20 ओवर का मैच देखने की आदत नहीं होती। ओपनिंग बैट्समैन मैदान पर रहने, उसी हिंसाब से तैयारी करने और फिर तुरंत एक्शन में आने के आदी होते हैं। रोहित शर्मा इस समय सबसे फिट, सबसे तेज और शायद सबसे मजबूत खिलाड़ी हैं।

इसलिए उन्हें पूरे 40 ओवर मैदान पर रहना चाहिए। असल में, इसी तरह मुंबई इंडियंस रोहित शर्मा का पूरा फायदा उठा पाएगी। पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने एमआई के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा से गुजारिश की कि उन्हें 'इम्पैक्ट प्लेयर' के तौर पर सब्स्टिट्यूट न किया जाए। उन्होंने कहा कि रोहित शर्मा का इस्तेमाल 12वें खिलाड़ी के तौर पर किया गया है, जो सिर्फ बैटिंग करता है। लेकिन मुझे लगता है कि जिस तरह के लीडर वह रहे हैं, उनके जैसा खिलाड़ी मैदान पर होना चाहिए। मुश्किल मैचों में, जब आपको कुछ अहम फैसले लेने होते हैं।

# सुमित अंतिल ने जीता स्वर्ण पदक



● **कहा : कि वह 75 मी. आंकड़ा पार करने की दिशा में काम कर रहे हैं, यह दूरी किसी एथलीट ने पार नही की**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के दो बार के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल ने कहा है कि वह 75 मीटर का आंकड़ा पार करने की दिशा में काम कर रहे हैं।

यह एक ऐसी दूरी है जिसे उनकी श्रेणी के किसी भी एथलीट ने अब तक हासिल नहीं किया है। बुधवार को चल रहे वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में पुरुषों की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने के बाद यूनीवार्ता से बात करते हुए, इस पैरा जैवलिन थ्रोअर ने इस मील के पत्थर को पार करने का अपना दृढ़ संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं अभी तक अभ्यास में भी 75 मीटर तक नहीं पहुंच पाया हूं। लेकिन हम धीरे-धीरे अपनी तकनीक और ताकत को बेहतर बनाने पर काम कर रहे हैं।

देखते हैं आगे क्या होता है। टोक्यो पैरालंपिक चैंपियन ने 69-25 मीटर का विजई थ्रो किया, जिससे पोडियम पर पूरी तरह से भारतीयों का ही दबदबा रहा। पुष्पेंद्र सिंह ने 56-91 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता, जबकि पूनम राम ने 49-48 मीटर के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। अंतिल ने स्वीकार किया कि उनका यह थ्रो उनकी उम्मीदों से कहीं बेहतर था, क्योंकि उन्हें प्रतियोगिता के दौरान थोड़ा कम स्कोर रहने की उम्मीद थी। उन्होंने कहा कि इस बार हमारे कई टूर्नामेंट कतार में हैं। यह मेरे लिए ऑफ-सीजन का 'लोडिंग फेज' (तैयारी का चरण) है। मुझे इतने अच्छे थ्रो की उम्मीद नहीं थी, मुझे लगभग 67-68 मीटर के आसपास रहने की उम्मीद थी, लेकिन आज 69-25 मीटर का थ्रो काफी अच्छा रहा। इसलिए मैं खुश हूं, और मेरी टीम भी खुश है। वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री 11 से 13 मार्च तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें आठ देशों के एथलीट हिस्सा ले रहे हैं। सोनीपत के रहने वाले इस खिलाड़ी ने बताया कि कैसे शांत रहने की क्षमता उन्हें प्रतियोगिता के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि मुझे प्रतियोगिताओं का काफी अनुभव है। मुझे पता होता है कि मुझे कब पदक मिलेगा और कब नहीं। मैं बस शांत रहना चाहता था। मैं अपनी ऊर्जा को जितना हो सके बचाकर रखना चाहता था, ताकि थ्रो करते समय उस ऊर्जा का पूरा इस्तेमाल कर सकूं। अंतिल ने कहा कि हालांकि वह 75 मीटर का आंकड़ा पार करने का लक्ष्य बना रहे हैं, फिर भी वह अपनी तकनीक में कोई बड़ा बदलाव नहीं कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि उनका प्रशिक्षण कार्यक्रम (ट्रेनिंग प्रोग्राम) बिल्कुल सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। सुमित अंतिल भारत के सबसे ज्यादा मेडल जीतने वाले पैरा एथलीटों में से एक हैं। उन्होंने 2020 और 2024 के पैरालंपिक खेलों में पुरुषों की जैवलिन थ्रो स्पर्धा में गोल्ड मेडल जीता था।

# डुप्लांटिस ने 3.31 मी. के साथ अपना 15वां पोल वॉल्ट विश्व रिकॉर्ड बनाया

● **पोल वॉल्ट ने 6.31 मी. की ऊंचाई पार करके जीत हासिल की**

**स्टॉकहोम, वार्ता।** स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस ने अपने ही पोल वॉल्ट विश्व रिकॉर्ड में एक और सेंटीमीटर जोड़ते हुए, गुरुवार को उप्साला में आयोजित 'मोंडो क्लासिक' (जो कि वर्ल्ड एथलेटिक्स इंडोर टूर सिल्वर मीटिग का हिस्सा है) में 6.31 मीटर की ऊंचाई पार करके जीत हासिल की।

26 वर्षीय मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन ने 5.65 मीटर की ऊंचाई से शुरुआत की, और फिर 5.90 मीटर और 6.08 मीटर की ऊंचाई भी अपने पहले ही प्रयास में पार करके जीत पक्की कर ली। इसके बाद उन्होंने बार (बाधा) को 6.31 मीटर तक ऊपर उठाया और उसे भी पहले ही प्रयास में पार कर लिया। नॉर्वे के सोंड्रे गुटोरमसेन 6-00 मीटर की ऊंचाई के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि अमेरिकी खिलाड़ी जैचरी ब्रैडफोर्ड 5.90 मीटर के साथ तीसरे स्थान पर रहे। डुप्लांटिस ने कहा कि अगर आप मुझसे मुक.ाबला करने के लिए स्वीडन आते हैं, तो मुझे हराना और भी मुश्किल होगा। उन्होंने आगे कहा कि इस समय मेरे मन में कई तरह की भावनाएं उमड़ रही हैं। मुझ पर थोड़ा अतिरिक्त दबाव भी था, क्योंकि मैं कुछ अलग ही अंदाज में प्रदर्शन करना चाहता था।

# पंत ने युवराज के साथ की ट्रेनिंग



● **दोनों ने ब्रेबॉर्न स्टेडियम में लगभग चार दिन बिताए इस दौरान उन्होंने दिन और रात, दोनों समय बैटिंग सेशन किए**

**मुंबई, वार्ता।** ऋषभ पंत ने पिछले हफ्ते मुंबई में युवराज सिंह के साथ ट्रेनिंग की। यह उनकी आईपीएल 2026 की तैयारियों का हिस्सा था। दोनों ने ब्रेबॉर्न स्टेडियम में लगभग चार दिन बिताए। इस दौरान उन्होंने दिन और रात, दोनों समय बैटिंग सेशन किए और व्हाइट-बॉल क्रिकेट के अलग-अलग तरह के शॉट्स पर अभ्यास किया।

28 साल के पंत का पिछला सीजन कुछ खास नहीं रहा था। इसलिए, इस बार वे अपने प्रदर्शन से सबको प्रभावित करने के लिए बेताब हैं। उनके करीबी एक सूत्र ने बताया कि युवराज के साथ उनके निजी संबंध काफी अच्छे हैं। दोनों ने कुछ दिनों तक साथ मिलकर ट्रेनिंग करने की संभावना पर चर्चा की थी। पिछले हफ्ते यह योजना साकार हो गई।

भारतीय क्रिकेट के व्हाइट-बॉल फॉर्मेट के दिग्गज खिलाड़ी युवराज सिंह ने अब एक मेंटर (मार्गदर्शक) के तौर पर भी अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने अभिषेक शर्मा, शुभमन गिल और प्रभसिमरन सिंह जैसे कई खिलाड़ियों के साथ काम किया है। खासकर अभिषेक शर्मा, जो अब दुनिया के सबसे खतरनाक टी-20 बल्लेबाजों में से एक बन गए हैं। उनकी इस सफलता में युवराज सिंह की अहम भूमिका मानी जाती है। युवराज सिंह के साथ ट्रेनिंग करने से पंत के व्हाइट-बॉल करियर को भी नई जान मिल सकती है। अगस्त 2024 के बाद से उन्होंने भारत के लिए व्हाइट-बॉल फॉर्मेट के किसी भी मैच में हिस्सा नहीं लिया है। युवराज सिंह के साथ ट्रेनिंग पूरी करने के बाद पंत चेन्नई रवाना हो गए। चेन्नई में लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम 'कोचिग बियॉन्ड' मैदान पर अपना तैयारी शिविर (कैंप) लगा रही है। इस शिविर की देखरेख बॉलिग कोच भरत अरुण और बैटिंग कोच लांस क्लूजनर कर रहे हैं।

# लक्ष्मी ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में शॉट पुट में जीता सोना

● **लक्ष्मी ने अपनी उपलब्धि का श्रेय सालों की कड़ी मेहनत व लगातार ट्रेनिंग को दिया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** क्लासरूम से लेकर थ्रोइंग सर्कल तक, एक टीचर लक्ष्मी ने एक यादगार पल रचा, जब उन्होंने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में महिलाओं के शॉट पुट एफ36/एफ37/एफ40 इवेंट में गोल्ड मेडल जीता।

उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय सालों की कड़ी मेहनत और लगातार ट्रेनिंग को दिया। जीत के बाद 'यूनीवार्ता' से बात करते हुए लक्ष्मी ने कहा कि यह मेडल लंबे समय के समर्पण और रोजाना के अभ्यास का नतीजा है। उन्होंने कहा कि मैं अब बहुत खुश हूं कि मैं शॉट पुट में गोल्ड मेडलिस्ट बन गई हूं। मैं और मेडल जीतने के लिए कड़ी मेहनत और अभ्यास करती रहूंगी। लक्ष्मी ने 7.76 मीटर के थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि भारत की अकुताई सीताराम उल्भगत 5.49 मीटर के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। भूटान की चिमी डेमा ने 5.27 मीटर के थ्रो के साथ कांस्य पदक जीता। एथलेटिक्स में अपनी यात्रा के बारे में बताते हुए लक्ष्मी ने कहा कि यह प्रगति सालों से लगातार प्रयासों और प्रदर्शन में सुधार के जरिए धीरे-धीरे हुई है। उन्होंने कहा कि अभ्यास में हमेशा चुनौतियां आती हैं, लेकिन हर साल सुधार होता है। पहले मेरे थ्रो लगभग छह मीटर के होते थे, और अब मैंने सात मीटर का आंकड़ा पार कर लिया है।

# एआईएफएफ के पूर्व महासचिव का निधन



● **ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन ने अपने पूर्व महासचिव कुशल दान के निधन पर शोक व्यक्त किया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (एआईएफएफ) ने अपने पूर्व महासचिव कुशल दास के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। दास ने 2010 से 2022 तक एआईएफएफ के महासचिव के रूप में सेवा दी थी। उनका निधन शुक्रवार, को 66 वर्ष की आयु में हुआ। उनके परिवार में पत्नी और दो पुत्र हैं।

पेशे से चार्टर्ड अकाउंटेंट कुशल दास भारतीय फुटबॉल में खेल प्रबंधन और प्रशासन का व्यापक अनुभव लेकर आए थे। अपने पेशेवर जीवन की शुरुआत में उन्होंने पीडब्ल्यूसी, और शेल जैसी अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के साथ काम किया।

1996 में जब वैश्विक खेल विपणन और टेलीविजन प्रोडक्शन कंपनी आईएमजी भारतीय बाजार में आई, तब वे उसके मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) के रूप में जुड़े। बाद में उन्होंने दुबई में इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के मुख्य वित्तीय अधिकारी के रूप में भी कार्य किया, जिससे अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रशासन में उनकी पहचान और मजबूत हुई।

नवम्बर 2010 में उन्होंने ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के महासचिव का पद संभाला, जिसे उन्होंने एक दशक से अधिक समय तक निभाया। अपने कार्यकाल के दौरान दास ने कई महत्वपूर्ण आयोजनों और संरचनात्मक बदलावों की देखरेख की, जिनसे भारत में फुटबॉल की पहचान को नई ऊंचाई मिली। उनके नेतृत्व में भारत ने 2017 फीफा अंडर-17 विश्व कप की सफल मेजबानी की। महिला फुटबॉल में भी इस दौरान महत्वपूर्ण प्रगति हुई और 2017 में इंडियन विमेंस लीग की शुरुआत की गई।

उनके कार्यकाल के अंतिम चरण में भारत ने 2022 एएफसी महिला एशियन कप जैसे बड़े अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों की सफल मेजबानी भी की। एआईएफएफ अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा कि कुशल दास ने एआईएफएफ के महासचिव के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान भारतीय फुटबॉल के प्रशासन और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय फुटबॉल के लिए उनके प्रयास हमेशा याद किए जाएंगे। भारतीय फुटबॉल समुदाय की ओर से मैं उनके परिवार और प्रियजनों के प्रति इस कठिन समय में अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करे।

## राजस्थान रॉयल्स का कैंप जयपुर में 17 मार्च से शुरु

**जयपुर।** आरआर ने घोषणा की है कि उनका पहला प्री-सीजन ट्रेनिंग कैंप 17 मार्च से जयपुर में शुरू होगा। रॉयल्स की टीम 'पिक सिटी' में इकठा होगी और सवाई मानसिंह स्टेडियम में ट्रेनिंग, फटिनेस और नेट्स सेशन के साथ कैंप की शुरुआत करेगी। रॉयल्स ने यह जानकारी देते हुए कहा कि हेड कोच और क्रिकेट डायरेक्टर कुमार संगकारा के मार्गदर्शन में, इस कैंप का फोकस टीम बॉन्डिग को मजबूत करने, जोरदार ट्रेनिंग और प्लानिग के साथ-साथ स्ट्रेंथ और ट्रेनिंग सेशन पर रहेगा। इससे पहले, रवि बिश्नोई, वैभव, संदीप शर्मा और हाल ही में रविंद्र जडेजा सहित खिलाड़ियों के एक छोटे ग्रुप ने नागपुर में फ्रेंचाइजी के 'हाई परफॉर्मेंस सेंटर' में एक छोटे कैंप और फटिनेस असेसमेंट सेशन में हिस्सा लिया था। रॉयल्स इस सीजन का अपना पहला मैच 30 मार्च को सीएसके से खेलेंगे।

# अल्काराज लगातार 5वीं बार सेमीफाइनल में




● **कार्लोस अल्काराज ने कैमरन नॉरी के खिलाफ 6-3, 6-4 से जीत हासिल की**

**इंडियन वेल्स, वार्ता।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने अपनी जीत का सिलसिला 16 मैचों तक बढ़ाया और गुरुवार को बीएनपी परीबा ओपन में लगातार पांचवें इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में पहुंचे। टॉप सीड खिलाड़ी ने कैमरन नॉरी के खिलाफ 6-3, 6-4 से जीत हासिल की, जिससे उन्होंने ब्रिटेन के खिलाड़ी से बदला ले लिया, जिसने उन्हें पिछले नवम्बर में पेरिस में हराया था। अल्काराज ने कोर्ट पर अपने इंटरव्यू में नॉरी के बारे में कहा कि मुझे उनके स्टाइल से बहुत दिक्कत होती है। हर बार जब मैं उनके खिलाफ खेलता हूं तो यह मेरे लिए हमेशा बहुत मुश्किल होता है। उनके स्टाइल, उनके (हैवी) टॉपस्पिन फोरहैंड, सुपर हाई के साथ यह थोड़ा कन्फ्यूजिग है। और फिर बैकहैंड, बहुत फ्लैट और बहुत लो। कभी-कभी उनके खिलाफ खेलना मुश्किल होता है। मुझे सही शॉट मिल रहा है। मैंने अच्छा खेला। मैंने सॉलिड खेला। जब भी हो सका, मैंने एग्रेसिव खेला। मैं इस लेवल पर खेलकर खुश हूं। अल्काराज और नॉरी ने पूरे मैच में मोमेंटम बदला, लेकिन स्पेन के खिलाड़ी ने ज्यादातर अपना पलड़ा भारी रखा। पहला सेट आखिरी चार गेम में तीन बार सर्व ब्रेक के साथ खत्म हुआ। इसके बाद नॉरी ने दूसरे सेट में 2-0 की बढ़त बना ली, जिसके बाद अल्काराज ने लगातार चार गेम जीतकर जवाब दिया। 22 साल के खिलाड़ी ने 10 ब्रेक के मौके बनाए, जिनमें से चार को भुनाया। तेज बेसलाइन हिटिग, हल्के ड्रॉप शॉट और शानदार नेट प्ले का मिक्स दिखाते हुए, दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी ने एक घंटे 33 मिनट में जीत हासिल की। अल्काराज ने कहा कि टेनिस लगभग आधे सेकंड में सही शॉट चुनने के बारे में है,ष जिन्होंने 19 फोरहैंड विनर के साथ गेम खत्म किया। कभी-कभी मैं शॉट मिस कर देता हूं क्योंकि मैंने सही वाला नहीं चुना होता। मेरे दिमाग में, मेरे पास सात, पांच ऑप्शन होते हैं, कभी-कभी मेरे लिए सही वाला चुनना मुश्किल होता है। अपनी जीत के साथ, अल्काराज लगातार पांच इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में पहुंचने वाले तीसरे व्यक्ति बन गए, उनके हमवतन राफेल नडाल (2006-13) और विरोधी नोवाक जोकोविच (2011-16) ही उनसे आगे हैं। अल्काराज हेड2हेड सीरीज में नॉरी से 6-3 से आगे हैं। 26 बार के टूर-लेवल टाइटलिस्ट सेमीफाइनल में दानिल मेदवेदेव के खिलाफ अपने 6-2 के रिकॉर्ड को बेहतर करना चाहेंगे। अल्काराज ने मेदवेदेव के साथ अपने पिछले चार मुकाबले जीते हैं। अल्काराज ने 2023 और 2024 में इंडियन वेल्स का खिताब जीता, दोनों फाइनल में मेदवेदेव को हराया।

## रोंची और ओरम पीएसएल में कोचिग देंगे

**वेलिंग्टन, वार्ता।** न्यूजीलैंड की पुरुष टीम के असिस्टेंट कोच, ल्यूक रोंची और जैकब ओरम, आने वाले पीएसएल 2026 में इस्लामाबाद यूनाइटेड के कोच के तौर पर काम करेंगे। भले ही यह मार्च में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ न्यूजीलैंड की घरेलू टी20 सीरीज और अप्रैल में बांग्लादेश के लिमिटेड-ओवर्स दौरे से टकरा रहा हो। जहां रोंची न्यूजीलैंड के बैटिंग कोच हैं, वहीं ओरम टीम के बॉलिग कोच हैं। जनवरी में, रोंची-जिन्होंने 2017-18 में टूर्नामेंट में डेब्यू करने के बाद इस्लामाबाद यूनाइटेड के लिए तीन सीजन खेले थे-को टीम का हेड कोच बनाया गया था। ओरम, रोंची के असिस्टेंट में से एक के तौर पर टीम से जुड़ेंगे। न्यूजीलैंड के परफॉर्मेंस मैनेजर माइक सैंडल ने कहा कि यह ल्यूक और जेक के लिए अपने कोचिग अनुभव को और बढ़ाने और न्यूजीलैंड क्रिकेट के माहौल से बाहर अपने कौशल को निखारने का एक शानदार मौका है। ष्ठीक हमारे खिलाड़ियों की तरह, हमारे कोचों की भी दुनिया भर में काफी मांग है। हमारा मानना है कि ल्यूक और जेक को पीएसएल में बिताए समय से न

# हंड्रेड की नीलामी में सनराइजर्स लीड्स ने अबरार अहमद को खरीदा



**लंदन, वार्ता।** लंदन में आयोजित पुरुष हंड्रेड की नीलामी में सनराइजर्स लीड्स ने पाकिस्तान के मिस्ट्री स्पिनर अबरार अहमद को 1 लाख 90 हजार पाउंड (दो लाख 55 हजार अमेरिकी डॉलर) में खरीद लिया। अबरार इस टूर्नामेंट में भारतीय स्वामित्व वाली टीम द्वारा खरीदे जाने वाले पहले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

भारतीय मीडिया समूह सन टीवी ने पिछले साल नॉर्दर्न सुपरचार्जर्स के नाम से जानी जाने वाली फेंचाइजी का पूर्ण अधिग्रहण कर लिया था, जिसमें उन्होंने ईसीबी से 49 फीसदी हिस्सेदारी और शेष 51 फीसदी हिस्सेदारी यॉर्कशायर से लगभग 100 मिलियन पाउंड में खरीदी थी। इसके अलावा तीन अन्य हंड्रेड टीमों की भी हिस्सेदारी उन निवेशकों को बेची गई थी जो कि आईपीएल फ्रेंचाइजी के मालिक हैं। सनराइजर्स जिनकी सहयोगी फेंचाइजी सनराइजर्स हैदराबाद और एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने किसी भी सक्रिय पाकिस्तानी खिलाड़ी को अपने साथ नहीं जोड़ा था, लंच से ठीक पहले अबरार के लिए ट्रेंट रॉकेट्स के खिलाफ नीलामी जीत ली। उस्मान तारिक के बाद अबरार गुरुवार सुबह नीलामी में खरीदे गए दूसरे पाकिस्तानी खिलाड़ी थे। तारिक को बर्मिंघम फीनिक्स ने 1 लाख 40 हजार पाउंड में खरीदा। कई पाकिस्तानी खिलाड़ी पहले भी आईपीएल के स्वामित्व या आंशिक स्वामित्व वाली वैश्विक टी20 टीमों के लिए खेल चुके हैं लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से चल रहे भू-राजनीतिक तनाव के चलते 2008 के बाद से कोई भी सक्रिय पाकिस्तानी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी आईपीएल में नहीं खेला है।

# सिनर ने टीएन को हराया, सेमीफाइनल में ज्वेरेव से भिड़ेंगे

● **जैनिक सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टिएन के खिलाफ 6-1, 6-2 से जीत हासिल की**

**इंडियन वेल्स, वार्ता।** जैनिक सिनर ने गुरुवार को बीएनपी परीबा ओपन में लर्नर टीएन को जोरदार अंदाज में हराने के लिए अपने स्पीड स्केट्स पहने। एटीपी रैंकिग में नंबर 2 खिलाड़ी ने फर्स्ट-स्ट्राइक टेनिस से भरपूर शानदार प्रदर्शन करते हुए मौजूदा नेक्स्ट जेन एटीपी फाइनल्स चैंपियन टिएन के खिलाफ 6-1, 6-2 से जीत हासिल की। सिनर, जिन्होंने चौथे राउंड में जोआओ फोंसेका को दो टाई-ब्रेक सेट में हराया था, एक और मुकाबले में नहीं फंसने के लिए पक्के इरादे वाले दिखे और उनका आक्रामक रवैया उनके 20 साल के विरोधी के लिए बहुत मुश्किल साबित हुआ।

पिछले अक्टूबर में बीजिग फाइनल में भी टिएन को सीधे सेटों में हराने वाले सिनर ने कहा कि मुझे लगता है कि मैचअप का अनुभव आपकी थोड़ी मदद करता है। दूसरी तरफ, हमने खुद को सबसे अच्छे तरीके से तैयार करने की कोशिश की। वह बहुत टैलेंटेड खिलाड़ी है। वह यहां कई बार आएगा, लेकिन मैं खुश हूं कि मैंने कैसे रिएक्ट किया। मुझे लगता है कि वह बहुत आक्रामक था, खासकर शुरुआत में, इसलिए मैंने खुद को रोकने की कोशिश की। बेशक यह मेरे लिए एक जरूरी मैच था। सिनर के खिलाफ टिएन की कोशिश तब शुरू में ही कमजोर पड़ गई जब अमेरिकी लेफ्टी ने दूसरे गेम में डबल फॉल्ट करके सिनर को ब्रेक दे दिया। सिनर ने इसके बाद मुश्किल से पीछे मुड़कर देखा और 66 मिनट में अपनी जीत पक्की कर ली, उन्होंने अपने कमाए पांच में से चार ब्रेक पॉइंट को कन्वर्ट किया। 24 साल के इटैलियन खिलाड़ी अपने पहले बीएनपी परीबा ओपन चैंपियनशिप मैच में जगह बनाने के लिए चौथी सीड वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव से भिड़ेंगे।

बेन शेल्टन और एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना के खिलाफ लगातार तीन सेट जीतकर अपने पहले एटीपी मास्टर्स 1000 क्वार्टर-फाइनल में पहुंचने के बाद, गुरुवार के मुकाबले के दूसरे सेट में टिएन फिजिकली स्ट्रगल करते दिखे। अमेरिकन खिलाड़ी सिनर के ग्राउंडस्ट्रोक्स की लगातार ताकत और सटीकता का मुकाबला नहीं कर पाए, और इटैलियन खिलाड़ी लगातार नौवें मास्टर्स 1000 मैच जीतने के अपने रास्ते पर शायद ही कभी परेशान दिखे। जब सिनर से पूछा गया कि इंडियन वेल्स में गर्म हालात का उन्होंने इतने अच्छे से सामना कैसे किया, तो उन्होंने कहा कि हम यहां बहुत जल्दी आ गए थे। टूर्नामेंट से एक हफ्ते पहले बहुत गर्मी थी, इसलिए हमने शरीर को इसकी आदत डालने के लिए लंबे ट्रेनिंग सेशन किए। आज मुझे कोर्ट पर बहुत अच्छा लगा। यह निश्चित रूप से एक ऐसा एरिया है जहां मैं ऑस्ट्रेलिया में हुई दिक्कतों को देखते हुए सुधार करने की कोशिश कर रहा हूं। मेरा मानना है कि ए पॉजिटिव चीजें हैं, छोटे डिपार्टमेंट जहां हमें सुधार करना है। मैं खुश हूं कि हमने मैचों के लिए कैसे तैयारी की है और बेशक अगला मैच मुश्किल होने वाला है। 'टेनिस पैराडाइज' में आखिरी चार में सिनर का मुकाबला चौथी सीड ज्वेरेव से होगा, जिन्होंने पहले आर्थर फिल्स को 6-2, 6-3 से आसानी से हराया था। 28 साल के जेवरेव, जो 30वीं सीड फिल्स को हराकर सभी नौ मास्टर्स 1000 इवेंट्स में सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सिर्फ पांचवें खिलाड़ी बने, शनिवार के सेमीफाइनल में सिनर के खलिाफ लगातार पांच मैच हारने का सिलसिला तोड़ने की कोशिश करेंगे।



# रमजान माह के चौथे जुमे की नमाज में दुआ को उठे हजारों हाथ

**रमजान मुबारक**



**पच्चीसवां रोजा**

| | | |
|---|---|---|
| सहरी | सुन्नी | 5.07 |
| | शिया | 5.00 |
| इफ्तार | सुन्नी | 6.28 |
| | शिया | 6.42 |

मोमिन को शुक्र-सब्र और यकीन पर कायम रहना चाहिए।जो अल्लाह ने दिया है उस पर अल्लाह का शुक्र अदा करना चाहिए।हो सकता है बहुत से लोग उससे महरूम हों।जो नहीं है उस सब्र करना चाहिए कि इसमें भी अल्लाह की कुछ बहतराई हो सकती है।

कुरआन करीम















**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मुकद्दस रमजान माह के चौथे जुमे की नमाज शुक्रवार को सहारनपुर में शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। इस दौरान नमाजियों ने देश में अमन-चौन, भाईचारा और खुशहाली के लिए दुआएं मांगी। नमाज के दौरान शहर में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

नगर की प्रमुख जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में नमाजी नमाज अदा करने पहुंचे। नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मस्जिद परिसर और आसपास के क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात रहा। सुरक्षा व्यवस्था की कमान नगर मजिस्ट्रेट कुलदीप सिंह और पुलिस अधीक्षक नगर व्योम बिंदल ने संभाली। दोपहर करीब 1 बजे जामा मस्जिद के इमाम कारी अरशद गोरा की अगुवाई में नमाज अदा की गई। नमाज के बाद इमाम कारी अरशद गोरा ने रमजान माह का महत्व बताते हुए कहा कि रमजान इबादत और रहमत का महीना है। इस पवित्र माह में अल्लाह की इबादत करने से इंसान के गुनाह माफ होते हैं। उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक रोजे रखने, जरूरतमंदों की मदद करने और जकात, फितरा व सदका निकालने की अपील की। अलविदा जुमे के अवसर पर शहर की अन्य मस्जिदों में भी नमाज अदा की गई। नमाज के बाद बाजारों में लोगों ने जमकर खरीदारी भी की, क्योंकि ईद-उल-फितर का त्यौहार नजदीक है। इस मौके पर वरिष्ठ सपा नेता एवं पार्षद अभिषेक 'टिंकू' अरोड़ा जामा मस्जिद पहुंचे और शाही इमाम सहित नमाज अदा कर बाहर निकल रहे लोगों को गले मिलकर अलविदा जुमे की मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि सहारनपुर बाबा लाल दास जी और हाजी शाह कमाल की पावन धरती है, जहां सभी धर्मों के लोग एक-दूसरे के त्योहार मिलजुल कर मनाते हैं और भाईचारे का संदेश देते हैं। इस दौरान जामा मस्जिद के प्रबंधक मौलवी फरीद, पार्षद नदीम अंसारी, शुभम वर्मा, रवि यादव, ओमपाल पांचाल, सरफराज अहमद सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

**नकुड़।** पवित्र रमजान माह के चौथे जुमे की नमाज कस्बे में बड़ी अकीदत, खशू- ओ- खुज़ू और रूहानियत भरे माहौल में अदा की गई। जामा मस्जिद समेत नगर की विभिन्न मस्जिदों में बड़ी तादाद में रोजेदार और नमाजियों ने एक साथ सज्दा रेज होकर अल्लाह की बारगाह में इबादत की और मुल्क में अमन- ओ- सुकून, खुशहाली और इंसानियत की भलाई के लिए दुआए मांगी। जुमे की नमाज के बाद मस्जिदों में देर तक दुआओं का सिलसिला चलता रहा जहां अकीदतमंदों ने अपने गुनाहों की मगफिरत की दरख्वास्त करते हुए गिड़गिड़ाकर अपने रब से रहमत की दुआ की। मुकद्दस रमजान के जुमे को लेकर कस्बे में नूरानियत का माहौल दिखाई दिया। जामा मस्जिद के अलावा लक्कड़ वाली मस्जिद, पठानों वाली मस्जिद, मरकज मस्जिद बंजारान, ढाप वाली मस्जिद, कलंदर वाली मस्जिद, मदनी मस्जिद, पीर वाली मस्जिद, इमली वाली मस्जिद, उमर मस्जिद और बस स्टैंड वाली मस्जिद सहित नगर की तमाम मस्जिदों में नमाजियों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। नमाज के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने पहले से ही सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए थे। जबकि नगर पालिका प्रशासन द्वारा सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरती गई। जिससे नमाजियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस दौरान समाज के अनेक जिम्मेदार और सम्मानित लोग भी मौजूद रहे, जिनमें पूर्व पालिकाध्यक्ष शाहनवाज खान, सभासद जुनैद असगर, आमिर कुरैशी, अमीर आलम, फरमान निजामी, हसीब निजामी, हाजी दिलशाद कुरैशी, वसीम निजामी, फरहान बंजारा, राव जीशान, दिलदार खान, अर्सलान खान, पूर्व सभासद इरशाद कुरैशी, खादिम- ए-मुतवल्ली इसरार कुरैशी, अफजाल निजामी, नाम निजामी सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे। रमजान के आखरि अशरे की शुरुआत के साथ ही अलविदा जुमे को लेकर भी अकीदतमंदों में खास उत्साह और तैयारी दिखाई दे रही है। मस्जिदों में इबादत और तिलावत का सिलसिला तेज हो गया है और पूरा कस्बा एक रूहानी और नूरानी माहौल में डूबा नजर आ रहा है।

**बेहट।** कस्बे व ग्रामीण इलाके मेंमुकददस रमजान माह के चौथे जुमे की नमाज मुस्लिमों ने अकीदत के साथ अदाकर मुल्क व कौम की तरक्की, खुशहाली और अमनों अमान की दुआएं मांगी। जुमे की नमाज को लेकर सुरक्षा हेतु पुलिस-प्रशासन द्वारा कड़े इंतजाम किये गये। मुकददस रमजान के चौथे जुमे की नमाज कस्बे व ग्रामीण क्षेत्रो में अकीदत के साथ नमाजियों ने अदा की। कस्बे की शाही जामा मस्जिद में इमाम मौलाना राशिद जमाल कासमी ने,जाहिदिया मसीजिद में मुफ्ती मोहम्मद आमिर, मनिहारो वाली मस्जिद में मुफ्ती मोहम्मद शादाब ने, थाने के बराबर वाली मस्जिद में कारी सनाउल्लाह ने, मदरसा कसूरुल उलूम वाली मस्जिद में काजी मोहम्मद साजिद कुरैशी ने अलीशान वाली मस्जिद में कारी मोहम्मद तसलीम ने और बस स्टैंड स्थित शेखों वाली मस्जिद में मुफ्ती असजद, मस्जिद उमर फारूख में कारी उस्मान अंजुम ने अदा कराई।इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र में मिर्जापुर पौल, रायपुर, बादशाही बाग, नौगावा, संसारपुर, मुजफ्फराबाद, कलसिया, सलेमपुर, दबक. ोरा, रीढी ताजपुरा, नगला झंडा आदि ग्रामीणों की जुमे की नमाज अदा की गई नमाज के बाद कौम की सलामती देश में खुशहाली,आपसी भाईचारे व आमनो अमान की दुआए की गई। नमाज से पहले उलेमा-ए-किराम ने रमजान की फजीलत बयान करते हुए कहा कि यह महीना सब्र, रहमत और मगफिरत का है। उन्होंने रोजा, नमाज, तरावीह और कुरआन-ए-पाक की तिलावत की अहमियत पर रोशनी डाली और लोगों को नेक राह पर चलने की नसीहत की। साथ ही समाज में भाईचारा, आपसी मोहब्बत और एकता बनाए रखने की अपील की गई। जुमे की नमाज के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद नजर आया।

**चिलकाना।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में रमजान के चौथे जुमा यानि अलविदा जुमा पर मस्जिदों में अकीदतमंदों की भारी भीड़ दिखाई दी। हजारों नमाजियों ने सजदा कर अपने मुल्क की तरक्की, सलामती अमन चौन व भाईचारे के लिए दुआए मांगी।

गौरतलब है कि रमजान माह के अलविदा जुमा को लेकर अभी भी संशय बरकरार है, क्योंकि अगर अबकी बार रमजान माह में 30 रोजे हुए तो अगले शुक्रवार को अलविदा जुमा की नमाज अदा होगी। वहीं अगर 29 रोजे हुए तब अगले शुक्रवार को ईद उल फितर की नमाज अदा की जायेगी। हालांकि धर्मगुरुओं के कहे अनुसार सभी अकीकतमन्दों ने इस जुमा को ही रमजान का अलविदा जुमा मानकर चल रहे हैं। आज शुक्रवार को पाक माह रमजान के चौथे जुमा पर क्षेत्र की सभी मस्जिदे नमाजियों से भरी हुई नजर आई। सुबह के समय से ही नमाजी लोग इस जुमा को अलविदा जुमा मानकर नमाज की तैयारी करते हुए नजर आए और मस्जिदों की ओर आना शुरू हो गए थे। नन्हे नन्हे बच्चे भी नए नए कपड़े पहनकर घरों से मस्जिदों में जाते दिखाई दिए। जामा मस्जिद इमाम मौलाना मुअव्वज ने अपने बयान में शब ए कदर की रात व मुहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जीवन पर रोशनी डाली। उन्होंने सभी मुस्लिमो से मूहम्मद के बताए गए रास्ते पर चलने को कहा। वहीं मौलाना ने बताया कि ईद उल फितर की नमाज का वक्त मोहल्ला जाकिर हुसैन चिलकाना की ईदगाह में सुबह 9:30 बजे तय किया गया है। उन्होंने सभी मुस्लिमों से ईद उल फितर की नमाज ईदगाह परिसर के अंदर पढ़ने व शांति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने अपील की कि कोई भी व्यक्ति ईद की नमाज सड़क पर हरगिज न पढ़ें तथा कोई भी ऐसा कार्य न करे जिससे कि माहौल खराब हो। नमाज के समय सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से सभी मस्जिदों के बाहर पुलिस के जवानों का पहरा दिखाई दिया। समस्त क्षेत्र की मस्जिदों में जुमा की नमाज शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न रही।

**गंगोह।** मुकद्दस रमजान के चौथे जुमे की नमाज क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई। नमाज के बाद मुल्क व कौम की बेहतरी के लिए दुआ भी की गई। पुलिस प्रशासनिक टीम लगातार गश्त करती नजर आई। इस मुकद्दस माह में मुसलमान बड़े ही अदब-अहतराम के साथ नमाज रोजे में लगे हुए हैं। शुक्रवार को इस पवित्र माह के चौथे जुमे की नमाज विभिन्न मसजिदों मे बड़े ही अकीदत के साथ पढ़ी गई। मदरसा अशरफ उल-उलूम मस्जिद, जामा मस्जिद, बहारली मस्जिद, पठानों वाली मस्जिद, पीठ बाजार, नूरी मस्जिद के अलावा लखनौती, सांगाठेड़ा व कुंडा की अनेक मस्जिदों में नमाज अदा की गई। हजारों लोगों ने नमाज में हिस्सा लिया। नमाज के बाद मुल्क व कौम की बेहतरी के लिए दुआ भी की गई। सभी मस्जिद पर कड़ी सुरक्षा रही। नगर पालिका द्वारा विशेष सफाई व्यवस्था करायी गई। पुलिस प्रशासनिक टीम लगातार गश्त करती नजर आई। पुलिस प्रशासन कहा कि प्रशासन के द्वारा शांति व्यवस्था बनाए रखने में सभी लोग अपना सहयोग दे

## बार कोड स्कैन पर मिलेगी केंद्र की लाइव लोकेशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 2026 को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस ने एक सराहनीय पहल की है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन सिंह के निर्देशन में परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए परीक्षा केंद्रों तक आसानी से पहुंचने के लिए बारकोड आधारित विशेष व्यवस्था शुरू की गई है। इस व्यवस्था के तहत जारी किए गए बारकोड को स्कैन करते ही अभ्यर्थियों को अपने परीक्षा केंद्र का सटीक मार्ग और लोकेशन मोबाइल पर मिल जाएगी। इससे परीक्षा के दिन अभ्यर्थियों को रास्ता खोजने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी और वे समय से अपने केंद्र तक पहुंच सकेंगे। एसएसपी अभिनन्दन सिंह के नेतृत्व में लागू की गई इस पहल का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया को सुगम बनाना है।

# भर्ती परीक्षा के मद्देनजर निषेधात्मक आज्ञा लागू

**■ जिले में आज होगी उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों की परीक्षा**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने कहा कि उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा के आयोजन के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये जाने को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए लोक व्यवस्था कायम रखने हेतु तथा प्रजा तांत्रिक मूल्यों के रक्षण हेतु जनपद में निषेधात्मक आज्ञा लागू की है।

जिला मैजिस्ट्रेट श्री बंसल ने आदेश जारी करते हुए कहा है कि जनपद में 14 एवं 15 मार्च 2026 को उप निरीक्षक नागरिक पुलिस एवं समकक्ष पदों पर सीधी भर्ती-2025 की लिखित परीक्षा आयोजित की जायेगी, जिसके दृष्टिगत परीक्षार्थियों, अभ्यर्थियों एवं परीक्षा कार्य में लगे अधिकारियों तथा कर्मचारियों के अलावा परीक्षा केन्द्र के 100 मीटर की परिधि में चार से अधिक व्यक्ति किसी भी स्थान पर न तो एकत्रित होंगे और नही समूह में विचरण करेंगे। परीक्षा केन्द्रों से न्यूनतम 200 मीटर की परिधि में फोटो कॉपियर एवं स्कैनर का संचालन परीक्षा अवधि में पूर्णत: प्रतिबंधित किया गया है। परीक्षा केन्द्रों के आसपास परीक्षावधि में ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग प्रतिबंधित किया गया है। उन्होंने कहा कि परीक्षा के दृष्टिगत समाज विरोधी तत्वों एवं परीक्षा केन्द्रों के आसपास नकल गति विधियों में संलिप्त बाह्य व्यक्तियों को प्रतिबंधित किया गया है। आदेश का उल्लंघन होने पर विधिक कार्यवाही करते हुए दण्डित किया जाएगा।

परीक्षा केन्द्रों पर तैनात केन्द्र अधीक्षक/सह केन्द्र अधीक्षक व अध्यापक सुनिश्चित करेंगे कि परीक्षा अवधि में किसी व्यक्तिध्व्यक्तियों द्वारा परीक्षा से सम्बद्ध किसी कार्मिकों के प्रति अपराधिकध्धमकी भरे व्यवहार किये जाने पर तत्काल संबंधित मजिस्ट्रेट को सूचित करेंगे। परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा केन्द्र परिसर के अन्दर फोन, पेजर या अन्य कोई इलेक्ट्रानिक वस्तु लाने व ले जाने को प्रतिबंधित किया गया है जब तक कि इस प्रकार की कोई सामग्री परीक्षा केन्द्र के अन्दर लाने की अनुमन्यता न हो। उन्होंने कहा कि आदेश में शर्तों का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

# पार्षद टिंकू अरोड़ा ने रोजेदारों को दी मुबारकबाद



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जामा मस्जिद पर नमाज अदा करने आए सभी मुस्लिमों व शाही इमाम को वरिष्ठ सपा नेता और पार्षद टिंकू अरोड़ा ने स्वागत कर मुबारकबाद दी।

आज वरिष्ठ सपा नेता और पार्षद अभिषेक टिंकू अरोड़ा ने जामा मस्जिद के शाही इमाम को अलविदा जुमे की मुबारकबाद दी और नमाज अदा करके जाने वाले नगर के सम्मानित नागरिकों को गले मिलकर और हाथ मिलाकर अलविदा जुमे की मुबारकबाद दी। टिंकू अरोड़ा ने कहा कि नगर बाबा लाल दास और हाजी शाह कमाल की पावन धरती है यहां सभी वर्ग के लोग एक दूसरे के त्योहारों को मिलजुल कर बनाते हैं और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। टिंकू अरोड़ा ने आने वाले ईद के त्यौहार की और अलविदा जुमे की सभी को मुबारकबाद दी।इस मौके पर जामा मस्जिद के प्रबंधक मौलवी फरीद, पार्षद नदीम अंसारी, शुभम वर्मा, रवि यादव, ओमपाल पांचाल, सरफराज अहमद मौजूद रहे।

# दो महिलाओं समेत तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** थाना बिहारीगढ पुलिस ने शांति एवं कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत सौहार्द्र बिगाड़ने का प्रयास करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

27 फरवरी को सुनील कुमार पुत्र महेंद्र सिंह निवासी ग्राम बंजार. वाला थाना बुग्गावाला जिला हरिद्वार उत्तराखंड ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि दिल्ली-देहरादून हाइवे पर लोहे के पुल के समीप ब्रास बैरियर पर कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने आपत्तिजनक ग्रैफिटी पेंट की हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुक. दमा दर्ज कर मामले की विवेचना उपनिरीक्षक मोहित कुमार को सौंपी गई थी। विवेकचना के क्रम में थाना बिहारीगढ़ पुलिस ने सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का गहनता से विश्लेषण करते हुए तीन आरोपियों जितेंद्र राघव पुत्र शेरसिंह राधव निवासी मानव केंद्र सुभाष नगर देहरादून, शारदा पत्नी संजय राणा निवासी ग्राम भूपखेड़ी मुजाहिदपुर मुजफ्फरनगर व सुलेखा पुत्री राजेंद्र को गिरफ्तार किया है।




## शैक्षिक भ्रमण कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गंगोह।** कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय महंगी व मोहड़ा की बालि. काओं को परियोजना लखनऊ के द्वारा शैक्षिक भ्रमण हेतु 2 बसों के द्वारा दिल्ली भेजा गया।

महंगी विद्यालय की वार्डन दीपिका ने बताया कि भ्रमण के मुख्य स्थान राष्ट्रपति भवन, अमृत उद्यान, लाल किला और इंडिया गेट रहे। बालिकाओं की सुरक्षा हेतु प्रत्येक बस में 3 विद्यालय स्टाफ और 1 महिला पीआरडी जवान साथ में रहे। बालिकाओं के खाने पीने की व्यवस्था जिला स्तर से की गयी थी। विद्यालय स्टाफ भ्रमण में बालिकाओं के साथ मालती शर्मा, सुनीता मान, नैनसी, शहजादी, रजनी व नीतम आदि शिक्षिकाएं साथ रहीं। मोहड़ा के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डन रेणुका राठौर के नेतृत्व बालिकाओं को भ्रमण कराया गया।

# दो दिवसीय राष्ट्रीय गोष्ठी का आयोजन




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** आईआईटी रूडकी सहारनपुर कैंपस की प्रो. मिली पंत ने आर्थिक विकास एवं तकनीकी मजबूती के साथ पर्यावरण सुरक्षा व मूल्यों का संरक्षण भी जरूरी है।

प्रो.मिली ने यह बात जे वी जैन कालेज में स्ववित्त पोषित विभाग द्वारा विकसित भारत 2047 एक राष्ट्र अनंत क्षितिज: हर क्षेत्र को बदलने के लिये अभिसारी विचार विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय गोष्ठी को संबोधित कर रही थी। इससे पूर्व उनहोंने मां शाकम्भरी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.वाई विमला, जे वी जैन कालेज प्रबंध समिति अध्यक्ष डा. आई.सी.जैन, सचिव मोहित जैन, जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के प्रो.मनोज दिवाकर व जैन कालेज प्राचार्य प्रो.वकुल बंसल के साथ गोष्ठी का शुभारंभ किया। प्रो.मिली पंत ने भारत सकरार द्वारा निर्धारित विकसित भारत 2047 के लक्ष्यों, तकनीकी नेतृत्व, हरित विकास व सामाजिक समावेशन पर विस्तारपूर्वक अपने विचार रखे। आयोजन सचिव प्रो.लोकेश कुमार ने संगोष्ठी के महत्व के बारे में बताया। कुलपति प्रो.वाई विमला, प्रो.मनोज दिवाकर ने भी विचार रखे।

इस दौरान प्रो.राजबीर, प्रो.पूनम खरे, श्रीमती सीमा मिश्रा, प्रो.शुभ्रा चर्तुवेदी, प्रो.राकेश चंद्रा, डा.आलोक यादव, प्रो.अशोक शर्मा, डा.संदीप गुप्ता आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। अध्यक्षता प्रो.आभा सैनी व सत्र की उपाध्यक्ष प्रो.वंदना रूहेला रही।

# ग्लोकल यूनिवर्सिटी में लैब टेक्नीशियन दिवस मनाया




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** लैब सेवा लाइव्स नामक थीम के अंर्तगत ग्लोकल यूनिवर्सिटी के पैरामेडिकल कॉलेज में राष्ट्रीय लैब टेक्नीशियन दिवस का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विभाग की छात्रा के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई, जिससे पूरे सभागार में आध्यात्मिक और प्रेरणादायक वातावरण बन गया। स्वागत भाषण में सुश्री आश्रिता दुबे, सहायक प्राध्यापक ने सभी अतिथियों और छात्रों का स्वागत करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में लैब टेक्नीशियनों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। इसके बाद कॉलेज के प्राचार्य एवं आईक्यूएसी निदेशक प्रोफेसर संजय कुमार ने बताया कि लगभग 70 प्रतिशत चिकित्सीय निर्णय प्रयोगशाला रिपोर्टों पर आधारित होते हैं, जिससे लैब टेक्नीशियनों के महत्व का पता चलता है। ग्लोकल विश्वविद्यालय के अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति अकादमिक प्रोफेसर डॉ. ओम कुमार हर्ष तथा अतिरिक्त प्रतिकुलाधिपति सैयद निजामुद्दीन ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रयोगशाला के टेक्नीशियन के योगदान की सराहना की और छात्रों को इस क्षेत्र में कौशल विकास तथा नवाचार के लिए प्रेरित किया। प्रतिकुलपति प्रोफेसर डॉ जॉन फिनबे ने लैब टेक्नीशियनों को स्वास्थ्य सेवाओं के "मौन नायक" बताते हुए उनकी सराहना की। वहीं कुलसचिव प्रोफेसर शिवानी तिवारी ने छात्रों को प्रेरित करते हुए स्वास्थ्य क्षेत्र में कुशल पेशेवरों की आवश्यकता पर बल दिया।

तकनीकी सत्र के दौरान छात्रों द्वारा "लैब सेव लाइव्स" विषय पर एक लघु फिल्म प्रस्तुत की गई। इसके बाद सहायक प्राध्यापक गुरदीप पंवार ने "आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं में मेडिकल लैब टेक्नीशियनों की भूमिका" विषय पर व्याख्यान दिया। साथ ही सुश्री आश्रिता दुबे ने "मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी में फॉरेंसिक की भूमिका", अर्जुन पंवार ने "यूरिन एग्जामिनेशन" तथा सुश्री शबनम ने "ग्लूकोमा" विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

कार्यक्रम के दौरान छात्रों द्वारा लैब मॉडल और पोस्टर प्रस्तुति भी की गई, जिसमें विभिन्न निदान तकनीकों और संक्रमण पहचान प्रक्रियाओं को प्रदर्शित किया गया। साथ ही लैब विज्ञान से संबंधित क्विज प्रतियोगिता और इंटरैक्टिव सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम के अंत में डॉ. अर्चना, सहायक प्राध्यापक द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया।


















Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# पीएम की चुप्पी

ईरान युद्ध का असर हमारी रसोई और चूल्हे तक आ जाएगा, यह आकलन करने में केंद्रीय कैबिनेट ने 11 दिन खपा दिए। अंतत: कैबिनेट की बैठक में प्रधानमंत्री मोदी को ऐसे निर्देश देने पड़े कि सभी मंत्रालय आपस में मिल कर काम करें। संभावित चुनौतियों के लिए तैयार रहें। देशवासियों पर युद्ध का असर कम पड़ना चाहिए। प्रधानमंत्री ने चुनौती की बात स्वीकार की है और चाहिए शब्द का इस्तेमाल कर उपदेश दिया है। यह क्यों नहीं हो सकता कि खुद प्रधानमंत्री मंत्रियों के स्तर पर समन्वय करें। चूंकि वह देश के सर्वोच्च, संवैधानिक कार्यकारी प्रमुख हैं, लिहाजा उन्हें देश को संबोधित कर हकीकत बयां करनी चाहिए। प्रधानमंत्री ने नोटबंदी, कोरोना वैश्विक महामारी, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कई बार राष्ट्र को संबोधित किया है। बहरहाल भारत में करीब 19.5 करोड़ घन मीटर गैस की खपत औसतन हर रोज होती है, जबकि गैस का घरेलू उत्पादन करीब 10 करोड़ घन मीटर ही है, जाहिर है कि भारत को गैस आयात करनी पड़ती है। इसमें रसोई गैस एलपीजी के अलावा, एलएनजी, पीएनजी, सीएनजी भी हमारी जिंदगी की सक्रियता के लिए बेहद अनिवार्य हैं। उनके बिना जिंदगी, समाज और कारोबार का चक्का ही जाम हो जाएगा। पीएनजी पाइपलाइन के जरिए हमारे घरों तक जाती है और 1.62 करोड़ इसके कनेक्शन हैं। एलपीजी के 33 करोड़ से अधिक उपभोक्ता हैं। सीएनजी वाहनों में इस्तेमाल की जाती है। एलएनजी खाद के प्लांट से लेकर औद्योगिक उत्पादन, विनिर्माण की इकाइयों के लिए संजीवनी है। प्रधानमंत्री मोदी देश को संबोधित कर खुलासा कर सकते हैं कि भारत ने अमरीका के साथ 22 लाख टन गैस का सौदा किस आधार पर किया है। इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, नॉर्वे, पश्चिम अफ्रीका, नाइजीरिया, अंगोला और अल्जीरिया सरीखे देशों से पर्याप्त गैस की आपूर्ति का अपडेट क्या है। यह छोटे, पिद्दी से देश भारत जैसे विराट, विशाल देश को गैस सप्लाई कर रहे हैं, लेकिन खुद 78 साल का भारत अपने लिए गैस का पर्याप्त उत्पादन करने में सक्षम क्यों नहीं हो सका। यह वाकई यक्ष-प्रश्न है। गैस की जानकारी देश को देने में गोपनीयता क्या है। कूटनीतिक रणनीति क्या है। आपकी तेल-गैस की सप्लाई को कौन तारपीडो करेगा। यह तो आम भारतवासी की जिंदगी और चूल्हे से जुड़ा संवेदनशील विषय है। आखिर प्रधानमंत्री आपदा या संकट के दौर में देश की जनता, विपक्ष और मीडिया को खुलासा क्यों नहीं करेंगे? ऊर्जा-संकट से ही हमारी खाद्य-सुरक्षा प्रत्यक्ष तौर पर जुड़ी है। ठीक है, केंद्र सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की अधिसू. चना जारी कर उसे लागू कर दिया है, लेकिन आम आदमी सड़क पर उतरने को विवश है। गैस सिलेंडर लेकर लोगों ने उसी तरह कतारें लगाना शुरू कर दिया है, जिस तरह कोरोना महामारी के दौरान ऑक्सीजन सिलेंडर को लेकर हुआ था।


## ...तो कांशीराम उप्र के मुख्यमंत्री होते



केवल राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाने से कोई फायदा नहीं होता, बदलाव तब आता है, जब व्यक्ति यह ठान ले कि जो गलत हो रहा है, उसे वह स्वीकार नहीं करेगा, भाषण देने से पहले वह सोच रहे थे कि बीआर अंबेडकर शिक्षा और संगठन की बात करते थे, आज लोग कांशी राम को याद करते हैं, लेकिन समाज को 15 और 85 में बांट दिया गया है, इसका फायदा केवल 15 प्रतिशत लोगों को मिल रहा है, जबकि बाकी 50 प्रतिशत समाज को अलग-अलग कर दिया गया है, अगर जवाहरलाल नेहरु आज जीवित होते, तो कांशीराम उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री होते, केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी का नाम एपस्टीन फाइल में बताया जा रहा है और उनकी बेटी की कंपनी में जॉर्ज सोरोस की फंडिंग का भी उल्लेख किया गया है।

**-राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# नेपाल की नई सरकार की प्राथमिकता भारत से रिश्ते मजबूत करने की होगी





**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाल में बालेन शाह के नेतृत्व में सत्तारूढ़ होने वाली नई सरकार के कामकाज के तौर तरीकों की प्रतीक्षा में दुनिया के कई देश हैं लेकिन नेपाल के पड़ोसी देशों को खास तौर पर इसकी प्रतीक्षा बेसब्री से है। प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष मतदान के चुनाव की गिनती पूरी हो चुकी है, दोनों चुनाव प्रणाली में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को 175 से अधिक सीटें हासिल हुई है। प्रत्यक्ष प्रणाली के चुनाव में 165 सीटों में से राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को सर्वाधिक 125 सीटें हासिल हुई है जो अबतक किसी भी पार्टी को मिली सीटों से कहीं ज्यादा है। अप्रत्यक्ष चुनाव प्रक्रिया में अभी कुछ आधिकारिक औपचारिकता बाकी है जिस वजह नेपाल में नई सरकार के सत्ता रूढ़ होने में एक सप्ताह का समय लग सकता है। इस बीच यह साफ है कि नई सरकार का गठन बालेन शाह के नेतृत्व में ही होगा।

राजशाही के परंपरागत राजाओं के राजतिलक को छोड़ दें तो दुनिया में इक्का दुक्का उदाहरण ही मिलेंगे जब किसी देश ने 35 वर्षीय एक नौजवान पर भरोसा जताते हुए सत्ता की चाभी सौंप दी हो। काठमांडू के नारा देवी में पैदा हुए बालेन शाह का पैतृक गांव मधेश के महोत्तरी जिले में है। उनके पिता एक आयुर्वेदिक चिकित्सक हैं। बालेन शाह के रैप सांग में मुख्यत: नेपाल की पीड़ा और दुश्वारियों का दर्दनाक वर्णन होता था और यही कारण है कि वे नेपाल के युवाओं में रोल-मॉडल बन गए। काठमांडू के युवाओं ने इन्हें 2023 में पहले काठमांडू का मेयर बनाया और अब नेपाल भर के इन्हीं युवाओं ने नेपाल की सत्ता सौंप दी। बालेन शाह के नेतृत्व में सत्ता रूढ़ होने वाली इस सरकार में अपेक्षाकृत युवाओं की भरमार होगी। राजनीतिक विश्लेषकों के आकलन में इस युवा सरकार को लेकर आशा और उम्मीद तो है लेकिन कुछ भ्रांतियां और संशय भी है जिस पर से पर्दा हटना बाकी है।

वाकई यह हैरत की बात है कि जिस आंदोलन में राजधानी काठमांडू तबाह हुआ हो,उसका इल्जाम युवाओं पर लगा हो और उन्हीं युवाओं में से कुछ राजनीति में आकर चुनाव लड़ रहे हों और जनता इन पर विश्वास जताते हुए सत्ता सौंपने का निर्णय ले रही हो, तो यह महज एक्सीडेंटल नहीं है। सोचिए नेपाल की जनता अपनी ही चुनी हुई सरकारों द्वारा कितना धोखा खाई होगी और कितनी बार ठगी गई होगी तब ऐसा निर्णय लेने को मजबूर होना पड़ा होगा। बालेन शाह के नेतृत्व में बनने वाली नेपाल की अपेक्षाकृत युवा सरकार नेपाल के लोगों की अपेक्षानुरूप काम कर पाएगी, इसका रुझान सत्ता रूढ़ होने के कुछ दिन बाद ही पता चल पाएगा। बालेन शाह का प्रधानमंत्री चुना जाना मधेश क्षेत्र के लोगों के लिए गर्व की बात है क्योंकि पहली बार ऐसा है कि नेपाल की सर्वोच्च सत्ता पर मधेश का कोई शख्स आसीन होने जा रहा है। इस क्षेत्र में पूर्व में नेपाली कांग्रेस का वर्चस्व रहा करता था। मधेश क्षेत्र के सांसद के बदौलत कोइराला परिवार के सदस्य स्व। वीपी कोइ. राला से लेकर गिरिजा प्रसाद कोइराला और सुशील कोइराला तक प्रधानमंत्री होते रहे हैं लेकिन इस परिवार ने प्रधानमंत्री तो दूर मधेश से नेपाली कांग्रेस का सभापति तक के बारे में नहीं सोचा। इस बार काफी संभावना है कि प्रधानमंत्री के साथ नेपाली कांग्रेस के संसदीय दल का नेता भी मधेश से हो। हालांकि अंकगणित के हिसाब से नेपाली कांग्रेस दूसरे नंबर की पार्टी तो है लेकिन प्रमुख विपक्षी के लायक नहीं है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के दो तिहाई से अधिक सदस्य युवा हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जो नई सरकार में गृह मंत्री हो सकते हैं, वे भी युवा हैं और संभावित प्रधानमंत्री बालेन शाह तो महज 35 वर्ष के ही हैं। सुडान गुरूंग जिनकी पहचान जेन जी आंदोलन के नायक के रूप में हैं, वे भी बमुश्किल 30 के ही होंगे। नेपाल में बदलाव का साक्षी बने नेपाल के युवा पावर की चर्चा अब पूरी दुनिया में है। निसंदेह नेपाल की यह युवा सरकार नेपाल में बदलाव के अनुभूति की इबारत लिखने का प्रयास करेगी जो नेपाल के लिए सुखद होगा ही दुनिया के लिए भी एक नजीर होगा, जैसा कि इनमें नेपाल के लिए कुछ कर गुजरने का जुनून दिख रहा है। नेपाल एक ऐसा प्लेटफार्म है जिसपर चीन की नजर है ही, अमेरिका भी यहां अपना पांव पसार रहा है। भारत चूंकि इस नन्हें राष्ट्र का पड़ोसी है और दोनों देशों के बीच दशकों पुरानी संधियों के नाते भारत और नेपाल के बीच के संबंध सबसे अलग और आत्मीय है। नेपाल के नई सरकार से भी भारत के रिश्तों को लेकर कोई कन्फ्यूजन नहीं है।भारत के पीएम मोदी की बालेन शाह और पार्टी अध्यक्ष रवि लामी छाने से वार्ता के बाद नेपाल और भारत से रिश्तों में प्रगाढ़ता के संकेत मिले हैं।

भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने बालेन शाह और रवि लामी छाने को प्रचंड जीत की बधाई दी और नेपाल के नई सरकार के साथ मिलकर काम करने की इच्छा जताई। मोदी से वार्ता के बाद बालेन शाह और रवि लामी छाने का जो बयान आया दर असल भारत के लिए संतोष जनक और उत्साहवर्धक है। संभावित सरकार के दो बड़े हस्तियों ने इस वार्ता को बहुत ही सार्थक बताया और कहा भारत सदैव ही नेपाल का हितैषी राष्ट्र रहा है, आगे भी रहेगा। भारत और नेपाल के बीच चलताऊ रिश्ते तो है नहीं, दोनों देश रोटी बोटी के रिश्ते से लेकर रीति रिवाज, धर्म, सांस्कृतिक और सभ्यता की दृष्टि से बेहद करीब हैं। बालेन शाह और रवि लामी छाने दोनों ने इस संबंधों को और आगे बढ़ाने को लेकर उत्सुकता दिखाई है। हालांकि इसका संकेत तभी मिल गया था जब बीच चुनाव में पार्टी अध्यक्ष रवि लामी छाने ने काठमांडू के एक होटल में भारतीय राजदूत नवीन वास्तव से मुलाकात की थी। नेपाल चुनाव में यह जो परिवर्तन की आंधी चली है,दर असल यह राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी पर भरोसा और जिम्मेदारियों का बोझ है। पहले की सरकारों में पहाड़ और मैदान, पहाड़ी और मधेशी को लेकर भी विभेद रहा है,अब शायद ऐसा न हो। संविधान में कुछ मुद्दों को लेकर मधेश की अनदेखी हुई है। मधेशी नेता इसी मुद्दे को लेकर मधेशी जनता को ठगते रहे हैं। बालेन शाह ने संविधान संशोधन की बात खुद ही कहकर मधेशी नेताओं के मुंह पर ताला लगा दिया। खैर इस चुनाव में तो मधेश आधारित राजनीतिक दलों के अस्तित्व पर ही संकट आ पड़ा है।

भारत और नेपाल के बीच जो उत्तराखंड के भू क्षेत्र का विवाद है, नई सरकार उसे हल करना चाहेगी लेकिन पूर्व पीएम ओली की तरह बवाल काट कर नहीं। इस मुद्दे को बात चीत के जरिए सुलझाने पर जोर होगा। इसके अलावा भारत और नेपाल के बीच जहां जहां भी सीमा विवाद है ,इसे हल करने का प्रयास होगा। दोनों देशों के बीच करीब 1760 किमी लंबी सीमा है जहां सौ से अधिक सीमा विवाद है। उम्मीद है नेपाल की नई सरकार कुछ अलग करने की शुरुआत भारत और नेपाल के बीच सीमा विवाद को सुलझाने से करेगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सूंघने की क्षमता कैसे विकसित हुई


**होता यह है कि इन ग्राहियों की एक मिश्रित सक्रियता विशिष्ट गंध का एहसास कराती है, लेकिन इन गंध-ग्राहियों की क्रिया को समझना एक चुनौती रही है। एक दिक्कत यह रही है कि यह ग्राही सिर्फ गंध तंत्रिकाओं में ही ठीक-ठाक काम करते हैं, बाकी किसी भी कोशिका में यह ठप हो जाते हैं। इसका मतलब यह होता है कि इन्हें किसी भी अन्य प्रकार की कोशिका में जोड़कर अध्ययन नहीं किया जा सकता। इस समस्या से निपटने के लिए कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय ( सैन फ्रांसिस्को ) के आशीष मांगलिक और उनके साथियों ने OR51E2 नामक ग्राही पर ध्यान केंद्रित किया। इस ग्राही की विशेषता है कि यह ओडोरेंट की पहचान के अलावा कुछ अन्य कार्य भी करता है और यह गुर्दों तथा प्रोस्टेट की कोशिकाओं में भी पाया जाता है।**

गंध एक महत्वपूर्ण संवेदना है। मनुष्यों में यह शायद उतनी महत्वपूर्ण न हो, लेकिन कई अन्य जंतुओं में यह सबसे महत्वपूर्ण संवेदना होती है। जहां अन्य संवेदनाओं को लेकर हमारी समझ काफी विस्तृत है, वहीं गंध को लेकर कई अस्पष्टताएं हैं। अब हम इस दिशा में एक कदम और आगे बढ़े हैं।

गंध संवेदना दरअसल एक रसायन-आधारित संवेदना है। कुछ रसायन हमारी गंध संवेदी तंत्रिकाओं के ग्राहियों को उत्तेजित करते हैं और मस्तिष्क इसे गंध के रूप में पहचानता है। अब पहली बार एक मानव गंध-ग्राही की सटीक त्रि-आयामी संरचना का खुलासा किया गया है। नेचर में प्रकाशित इस अध्ययन में OR51E2 नामक एक गंध-ग्राही की संरचना का विवरण देते हुए बताया गया है कि यह आणविक क्रियाओं के माध्यम से कैसे चीज की गंध को ताड़ता है।

गौरतलब है कि मानव जीनोम में 400 जीन्स होते हैं जो गंध-ग्राहियों के कोड हैं और यह ग्राही कई गंधों को पहचान सकते हैं। स्तनधारियों में गंध ग्राही के जीन्स सबसे पहले चूहों में 1990 के दशक में पहचाने गए थे। इससे पहले 1920 के दशक में यह अनुमान लगाया गया था कि मनुष्य की नाक तकरीबन 1000 गंधों को ताड़ सकती है, लेकिन 2014 में किए गए एक अध्ययन का निष्कर्ष था कि हम 1 खरब से ज्यादा गंधों को अलग-अलग पहचान सकते हैं। हर गंध-ग्राही गंधदार अणुओं के सिर्फ एक समूह से अंतर्क्रिया कर सकता है जबकि एक ही ओडोरेंट कई ग्राहियों को सक्रिय कर सकता है। होता यह है कि इन ग्राहियों की एक मिश्रित सक्रियता विशिष्ट गंध का एहसास कराती है, लेकिन इन गंध-ग्राहियों की क्रिया को समझना एक चुनौती रही है। एक दिक्कत यह रही है कि यह ग्राही सिर्फ गंध तंत्रिकाओं में ही ठीक-ठाक काम करते हैं, बाकी किसी भी कोशिका में यह ठप हो जाते हैं। इसका मतलब यह होता है कि इन्हें किसी भी अन्य प्रकार की कोशिका में जोड़कर अध्ययन नहीं किया जा सकता। इस समस्या से निपटने के लिए कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय (सैन फ्रांसिस्को) के आशीष मांगलिक और उनके साथियों ने OR51E2 नामक ग्राही पर ध्यान केंद्रित किया। इस ग्राही की विशेषता है कि यह ओडोरेंट की पहचान के अलावा कुछ अन्य कार्य भी करता है और यह गुर्दों तथा प्रोस्टेट की को. शिकाओं में भी पाया जाता है। यह ग्राही OR51E2 दो ओडोरेंट अणुओं के साथ अंतर्क्रिया करता है-एसिटेट (जिसकी गंध सिरके जैसी होती है) और प्रोपिओनेट (जिसकी गंध चीजनुमा होती है)। शोधकर्ताओं ने इस ग्राही को शुद्ध रूप में प्राप्त किया और फिर प्रोपिओनेट से सम्बद्ध तथा असम्बद्ध OR51E2 की संरचना का विश्लेषण किया। इसके लिए उन्होंने क्रायो-इलेक्ट्रॉन माइक्रोस्कोपी और एटॉमिक रिजॉल्यूशन इमेजिंग तकनीकों का इस्तेमाल किया। इसके अलावा उन्होंने कंप्यूटर सिमुलेशन की भी मदद ली ताकि पता चल सके कि यह ग्राही प्रोटीन ओडोरेंट अणुओं के साथ कैसे अंतर्क्रिया करता है।

विश्लेषण से पता चला कि यह प्रोटीन OR51E2 आयनिक व हाइड्रोजन बंधनों के जरिए प्रोपिओनेट अणु के कार्बोक्सिलिक समूह को एक अमीनो अम्ल से जोड़ लेता है। जैसे ही प्रोपिओनेट जुड़ता है, OR51E2 की आकृति बदल



जाती है और यही ग्राही को चालू कर देता है। शोधकर्ताओं ने दर्शाया है कि इस ग्राही के जीन में आर्जीनीन को प्रभावित करने वाले उत्परिवर्तन उसे प्रोपिओनेट द्वारा सक्रिय नहीं होने देते। वैज्ञानिकों की इच्छा रही है कि वे गंध ग्राहियों की रासायनिक संरचनाओं का एक कैटालॉग तैयार कर सकें और उसके आधार पर यह बता सकें कि इनमें से कौन-से ग्राही मिलकर किस गंध विशेष का एहसास कराते हैं। मांगलिक की टीम द्वारा यह खुलासा मात्र पहला कदम है।

# एक गिलास दूध और एक छोटा-सा एंजाइम



कल्पना कीजिए, रात का खाना खत्म हुआ और सामने एक गिलास दूध हाजिर हो गया। कुछ लोगों के लिए यह एक सुखद आदत है। लेकिन कुछ लोगों के पेट में दूध पहुंचते ही एक अजीब हलचल शुरू हो जाती है - गैस बनना, मरोड़ उठना, पेट फूलना और कभी-कभी दस्त भी लग जाते हैं। क्या इसके पीछे दूध दोषी है? या हमारे भीतर कुछ ऐसा है जो बदल चुका है, चुपके से, बिना बताए। यह कहानी है लैक्टोज असहिष्णुता कीद्य एक ऐसी अवस्था जिसे अक्सर दूध से एलर्जी समझ लिया जाता है। यह वास्तव में पाचन के जैव रसायन की एक बेहद रोचक और जैव विकास सम्बंधी गाथा है।

**लैक्टोज क्या है?**

दूध को संपूर्ण आहार कहा जाता है और इसका एक बड़ा कारण है उसमें मौजूद शर्करा, जिसे हम लैक्टोज कहते हैं। रासायनिक दृष्टि से यह एक डाईसेकराइड है, यानी दो सरल शर्करा अणुओं से मिलकर बना अणु। देखा जाए तो, साधारण शकर द्धसुक्रोजत्रः भी एक डाईसेकराइड होती है और ग्लूकोज तथा फ्क्टोज के अणुओं के जुड़ने से बनती हैरू

**शकर = ग्लूकोज प्लस फ्क्टोज**

इसी प्रकार से दूध में उपस्थित शर्करा लैक्टोज भी दो शर्करा अणुओं से जुड़कर बनी होती है- लैक्टोज = ग्लूकोज प्लस गैलेक्टोज। जब हम दूध पीते हैं तो आंतों में लैक्टोज टूटकर ग्लूकोज और गैलेक्टोज बन जाते हैं। असहिष्णुता की कहानी यहीं से शुरू होती है।

**लैक्टोज पाचन की दिक्कत**

हमारी छोटी आंत की भीतरी सतह पर असंख्य सूक्ष्म ऊंगली-नुमा संरचनाएं होती हैं जिन्हें विलाई कहते हैं। इन्हीं विलाई पर एक विशेष एंजाइम काम करता है लैक्टेज। लैक्टेज ही वह सूक्ष्म रसायन है जिस पर दूध, खासकर लैक्टोज, पचाने की पूरी जिम्मेदारी टिकी है। लैक्टेज दरअसल लैक्टोज के दोनों अणुओं के बीच की रासायनिक कड़ी को तोड़ता है, जिससे ग्लूकोज और गैलेक्टोज अलग-अलग हो जाते हैं। ए दोनों सरल शर्कराएं आसानी से रक्तप्रवाह में अवशोषित होकर शरीर को ऊर्जा देती हैं। यदि लैक्टेज पर्याप्त मात्रा में है तो लेक्टोज टूटता है, दूध पचता है, ऊर्जा मिलती है, सब सुचारू चलता है। यदि लैक्टेज पर्याप्त मात्रा में नहीं है तो कहानी बदल जाती है। अपचित लैक्टोज जब छोटी आंत से आगे बड़ी आंत में पहुंचता है, तो वहां रहने वाले अरबों जीवाणु, जिन्हें सामूहिक रूप से आंतों का माइक्रोबायोटा कहते हैं, इसे अपने भोजन के रूप में किण्वित करने लगते हैं। यह किण्वन क्रिया कई उत्पाद बनाती है - हाइड्रोजन गैस, कार्बन डाईऑक्साइड, और कभी-कभी मीथेन भी। साथ ही, लैक्टोज आंत में पानी को अपनी ओर खींचता है, जिससे दस्त की स्थिति बन सकती है। महत्वपूर्ण बात यह है कि समस्या दूध में नहीं, बल्कि उसे पचाने की हमारी घटी हुई क्षमता में है।

**ऐसा क्यों होता है?**

मनुष्य, गाय, बकरी, हाथी वगैरह सभी स्तनधारी जीव जन्म के बाद मां के दूध पर निर्भर रहते हैं। इसलिए प्रकृति ने शिशु को लैक्टेज का भरपूर उत्पादन करने की क्षमता दी है। लेकिन जैसे-जैसे बच्चा ठोस आहार ग्रहण करने लगता है और दूध उसके जीवन का एकमात्र ऊर्जा-स्रोत नहीं रहता, शरीर लैक्टेज बनाने के लिए जिम्मेदार जीन द्धस्ब्ज्त्रः की सक्रियता को धीरे-धीरे कम करने लगता है। यह कोई बीमारी नहीं है बल्कि एक स्वाभाविक, सुनियोजित जैविक प्रक्रिया है।

**एक अनोखा मोड़**

लगभग दस हजार वर्ष पहले, जब युरोप, अरब और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में पशुपालन और डेयरी संस्कृति का उदय हुआ, तो एक जेनेटिक उत्परिवर्तन हुआ जिसने प्रकृति की लॉटरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जिन व्यक्तियों में यह उत्परिवर्तन था, उनके शरीर में वयस्क होने पर भी लैक्टेज बनता रहा। वे बड़े होने पर दूध पीते रह सकते थे और उन्हें पशुओं के दूध से अतिरिक्त कैलोरी, प्रोटीन और कैल्शियम मिलता था। यह अकाल और कठिन परिस्थितियों में उनके जीवित रहने में सहायक था। इस अतिरिक्त पोषण स्रोत ने इन व्यक्तियों को अधिक संतानें पैदा करने की संभावना दी, और यह जीन पीढ़ी-दर-पीढ़ी फैलता गया। इस परिघटना को लैक्टेज पर्सिस्टेंस या लैक्टोज सहिष्णुता कहते हैं।

**लैक्टोज असहिष्णुता के प्रकार**

प्राथमिक लैक्टोज असहिष्णुतारू सबसे सामान्य प्रकार। उम्र के साथ LCT जीन की सक्रियता स्वाभाविक रूप से घटती है। यह जेनेटिक रूप से निर्धारित होती है और स्थाई होती है। द्वितीयक लैक्टोज असहिष्णुतारू किसी संक्रमण, सीलिएक रोग, क्रो रोग, या आंत की सूजन के कारण लैक्टेज उत्पादन अस्थाई रूप से कम हो जाता है। मूल रोग के उपचार के बाद यह प्रायरू ठीक हो सकता है।

जन्मजात लैक्टोज असहिष्णुता यह अत्यंत दुर्लभ है। शिशु जन्म से ही लैक्टेज एंजाइम नहीं बना पाता। मां का दूध भी पच नहीं पाता, इसलिए इसमें तत्काल चिकित्सकीय हस्तक्षेप आवश्यक होता है। लैक्टोज असहिष्णुता का अर्थ जीवनभर दूध का पूर्ण परित्याग नहीं है। कई व्यावहारिक रास्ते खुले हैं, जैसे

-लैक्टोज-मुक्त दूध और दुग्ध उत्पादों का उपयोग करें।

- दही और पनीर अक्सर पच जाते हैं।

-डेयरी-उत्पाद खाने से पहले लैक्टेज एंजाइम सप्लीमेंट लें। थोड़ी मात्रा से शुरू करें और धीरे-धीरे असर जांचें।

-कैल्शियम के वैकल्पिक स्रोत द्धतिल, पालक, सोयाबीन, बादाम दूध अपनाएं।

-किसी भी परिवर्तन से पहले चिकित्सक से परामर्श अवश्य लें।

यहां एक महत्वपूर्ण चेतावनी भी हैरू दूध और डेयरी उत्पाद कैल्शियम और विटामिन डी के प्रमुख स्रोत हैं। इन्हें बिना उचित विकल्पों के छोड़ना हड्डियों को प्रभावित कर सकता है, विशेषकर बच्चों और महिलाओं में। लैक्टोज असहिष्णुता के आंकड़ों से यह आश्चर्यजनक तथ्य सामने आता है कि दुनिया की लगभग 60.70 प्रतिशत वयस्क आबादी इसी अवस्था में है। तो फिर प्रश्न यह है कि क्या दूध न पचना असामान्य है, या वयस्क होने पर भी दूध पचना एक विशेष जेनेटिक अपवाद है? दूध न पचना जैविक रूप से सामान्य है।

जैव विकास की .ष्टि से देखें तो लैक्टेज पर्सिस्टेंस यानी वयस्कावस्था में भी लैक्टोज पचाने की क्षमता वास्तव में एक अपवाद है। यह हमें यह भी याद दिलाता है कि सामान्य की परिभाषा अक्सर हमारी सांस्कृतिक और भौगोलिक पृष्ठभूमि से आकार लेती है, विज्ञान से नहीं। अंत में दूध से दूरी बनाने की जरूरत शरीर की जैविक विविधता का एक ईमानदार संकेत है। हमारा शरीर समय के साथ बदलता हैय जो शिशु अवस्था में सहज था, वह वयस्क होने पर बदल सकता है। एक व्यक्ति के लिए स्वाभाविक, दूसरे के लिए असहज हो सकता है। शरीर कोई एक स्थिर मशीन नहीं, बल्कि एक बदलती हुई जैविक कहानी है कृ और हर कहानी का अपना स्वाद है।

**-ऋषि राज राय**
**स्रोत फीचर्स**




**नई दिल्ली। देश में जारी 'एलपीजी संकट' के विरोध में प्रदर्शन के दौरान दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी (डीपीसीसी) के एक सदस्य को हिरासत में लेते हुए।**

## ईरान में 6000 ठिकानों पर हमला किया: अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने दावा किया है कि उसने 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के दौरान ईरान में 6,000 ठिकानों पर हमला किया है। अमेरिका के केंद्रीय कमान की ओर से जारी किए गए नए आंकड़ों के अनुसार अमेरिका ने 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' के दौरान ईरान में 6000 ठिकानों पर हमला किया है। इस अभियान के लगभग 60 जहाज और 30 बारूदी सुरंगें बिछाने वाले ईरान जहाजों नुकसान पहुंचाया है या उन्हें नष्ट कर दिया है। अमेरिकी केंद्रीय कमान के अनुसार ईरान में अन्य ठिकानों में सैन्य ठिकानों, हथियार बनाने की फैक्ट्रियां, बैलिस्टिक मिसा. इल के केंद्रों, पनडुब्बियों और हवाई सुरक्षा प्रणालियों पर अमेरिका की ओर से हमले किए गए हैं।

## होर्मुज में शांति-सुरक्षा बनाए रखना ईरान का अधिकार: सईद ईरावनी

**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र में ईरान के स्थाई प्रतिनिधि अमीर सईद इरावानी ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना उनके देश का 'निहित अधिकार' है। इरावानी ने गुरुवार को संवाददाताओं से कहा कि ईरान 'अंतर्राष्ट्रीय समुद्र कानून के तहत नौवहन की स्वतंत्रता के सिद्धांत का पूरी तरह से सम्मान करता है और इसके प्रति प्रतिबद्ध है। प्रतिनिधि ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य सहित क्षेत्र की वर्तमान स्थिति ईरान की आत्मरक्षा का परिणाम नहीं है, बल्कि यह ईरान पर हमला करने और क्षेत्रीय सुरक्षा को कमजोर करने की अमेरिका की कार्रवाइयों का प्रत्यक्ष परिणाम है। ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने गुरुवार को होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद रखने का आह्वान करते हुए कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य को अवरुद्ध करने के हथियार का उपयोग निश्चित रूप से जारी रहना चाहिए।

# अमेरिका ने H-1B वीजा देने की प्रक्रिया में किया बदलाव

### अब सैलरी के आधार पर होगा चयन, 1 अप्रैल से नया फॉम I-129 लागू होगा

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने एच-1बी वीजा प्रक्रिया में बड़ा बदलाव किया है। अब लाभार्थियों का चयन रैंडम लाटरी के बजाय वेतन के आधार पर होगा। इसके लिए अमेरिकी इमिग्रेशन एजेंसी ने फार्म आई-129 का नया सिस्टम बनाया है, जिसे 1 अप्रैल 2026 से अनिवार्य कर दिया जाएगा।

कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों के लिए दाखिल याचिका में नौकरी से जुड़ी जानक. ारी देनी होगी। इससे पहले की तुलना में ज्यादा अनुभवी और हाई सैलरी पाने वाले प्रोफेशनल्स को वीजा मिलने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी। नए सिस्टम में आवेदकों को चार वेतन स्तरों में बांटा जाएगा। जिस पद का वेतन स्तर जितना ऊंचा होगा, चयन प्रक्रिया में उसे उतने अधिक मौके मिलेंगे। मसलन, लेवल-4 के उम्मीदवार




- कंपनियों को विदेशी कर्मचारियों के लिए दाखिल याचिका में नौकरी से जुड़ी जानकारी देनी होगी
- इससे पहले की तुलना में ज्यादा अनुभवी और हाई सैलरी पाने वाले प्रोफेशनल्स को वीजा मिलने की संभावनाएं बढ़ जाएंगी

को चार मौके मिलेंगे, जबकि लेवल-1 को सिर्फ एक मौका मिलेगा। फार्म आई-129 का उपयोग अस्थायी कामगारों को अमेरिका बुलाने के लिए किया जाता है। अमेरिका का श्रम विभाग हर पेशे और शहर के लिए एक मानक वेतन तय करता है। उसी के आधार पर नौकरी को लेवल-1 से लेवल-4 में रखा जाता है। भारतीयों पर सबसे ज्यादा असर पड़ेगा, क्योंकि हर साल कुल जारी किए जाने वाले एच-1बी वीजा में से 70 प्रतिशत भारतीय प्रोफेशनल्स को जारी किए जाते हैं। एच-1 बी वीजा की फीस कितनी- पहले फीस लगभग 9 हजार डालर यानी करीब 8 लाख 30 हजार रुपए थी, लेकिन सितम्बर 2025 में ट्रम्प ने इसे बढ़ाकर 1 लाथ डालर यानी लगभग 90 लाख रुपए कर दिया। इस वीजा की अवधि कितनी है- 3-3 साल के लिए दो बार जारी होता है। कुल अवधि 6 साल के बाद आवेदक चाहे तो ग्रीन कार्ड यानी नागरिकता से पहले की स्टेज के लिए आवेदन कर सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीलंका ने ईरान को सौंपे यूएस हमले में मारे गए 45 नाविकों के शव

**कोलंबो।** श्रीलंका ने शुक्रवार को अमेरिकी पनडुब्बी हमले में मारे गए 45 ईरानी नाविकों की लाशें ईरान के दूतावास को सौंप दी। ये नाविक उस ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस डेना पर सवार थे, जिस पर गाले के पास हमला हुआ था।इस जहाज को भारत के विशाखापत्तनम से ईरान लौटते समय निशाना बनाया गया था, जहां यह नौसैनिक अभ्यास में हिस्सा ले चुका था। इससे पहले, श्रीलंका ने 84 नाविकों की लाशें बरामद की थीं और अब 45 शवों को शुक्रवार को मत्तला अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से ईरान भेजा जाएगा।

### रूस से तेल आपूर्ति पर बातचीत करेगा थाईलैंड: उपप्रधानमंत्री

**बैंकॉक।** थाईलैंड के उपप्रधानमंत्री फीफाट रत्चाकिप्राकार्न ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश रूस से कच्चे तेल की खरीद के लिए बातचीत शुरू करने के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि अमे. रिका के हालिया बयान के बाद रूसी तेल निर्यात के बहिष्कार में ढील की जानकारी सामने आई है। इसके बाद थाईलैंड भी उन देशों में शामिल होगा जो रूस से कच्चे तेल की खरीद को लेकर बातचीत शुरू करेंगे। यह वार्ता थाईलैंड के ऊर्जा मंत्रालय की ओर से शुरू की जाएगी। उपप्रधानमंत्री के अनुसार, फिलहाल थाईलैंड के पास पेट्रोलियम प्रसंस्करण के लिए लगभग 98 दिनों के बराबर कच्चे तेल का भंडार मौजूद है।

### अफगानिस्तान में दो अमेरिकी नागरिक गिरफ्तार

**काबुल।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने दो अमेरिकी नागरिकों को हिरासत में लिए जाने की शुक्रवार को पुष्टि की। सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीउल्लाह मुजाहिंद के अनुसार इन दोनों व्यक्तियों को स्थानीय कानूनों का उल्लंघन करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। स्थानीय समाचार चैनल 'टोलो न्यूज' को दिए एक साक्षात्कार में मुजाहिद ने स्पष्ट किया कि इन अमेरिकी नागरिकों की गिरफ्तारी अफगान कानून तोड़ने के कारण हुई है।

### ऑस्ट्रेलिया में मिलीं 'मॉनिटर लिजार्ड' की तीन नई प्रजातियां

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलियाई नेशनल यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने क्वींसलैंड राज्य में चट्टानों पर रहने वाली मॉनिटर लिजार्ड (मॉनिटर छिपकली) की तीन नई प्रजातियों की पहचान की है। यह खोज ऑस्ट्रेलिया के सवाना क्षेत्रों में इस प्रकार के सरीसृपों का पहला आधिकारिक रिकॉर्ड है। विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को एक बयान जारी करके यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि इन तीनों प्रजातियों को उनके विशिष्ट रंगों और सवाना परिदृश्य की चट्टानों के अनुकूल खुद को ढालने की क्षमता के आधार पर पहचाना गया है।

# मोजतबा खामेनेई की जान की कोई गारंटी नहीं: नेतन्याहू

### इजरायली पीएम की ईरान व उसके उसके संगठनों को सीधी चेतावनी, जारी रहेगा सैन्य अभियान

- किसी भी आतंकी संगठन के नेता की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं ले सकते
- वे क्षेत्र के कुछ अन्य देशों के साथ नए गठबंधन बना रहे हैं: नेतन्याहू



**यरुशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान और उसके सहयोगी संगठनों को लेकर बेहद कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि ईरान के खिलाफ अमे. रिका और इजरायल का साझा सैन्य अभियान उम्मीद से कहीं बेहतर चल रहा है।

वह पहले से कहीं ज्यादा मजबूत स्थिति में हैं। नेतन्याहू ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई के लिए कोई लाइफ इंश्योरेंस (जीवन बीमा) नहीं है। जब ने नेतन्याहू से पूछा गया कि क्या इजरायल मोजतबा खामेनेई और हिजबुल्लाह के नेता नईम कासिम को निशाना बनाएगा, तो उन्होंने दोटूक जवाब दिया। उन्होंने कहा कि वह किसी भी आतंकी संगठन के नेता की सुरक्षा की कोई गारंटी नहीं ले सकते। गौरतलब है कि मोजतबा के पिता और ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के साझा हमलों में मारे गए थे।

इजरायल ने 28 फरवरी से ईरान के खिलाफ 'रोरिंग लायन' नाम से एक अभियान शुरू किया है। इस अभियान में अमेरिका भी शामिल है, जिसने इसे 'एपिक फ्यूरी' नाम दिया है। इस सैन्य कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को रो. कना, उसके मिसाइल कार्यक्रम को नष्ट करना और क्षेत्र में ईरान के मददगार गुटों को खत्म करना है। ईरान में सत्ता परिवर्तन के सवाल पर नेतन्याहू ने कहा कि अमेरिका और इजरायल मिलकर ऐसे हालात पैदा कर रहे हैं, जिससे ईरान की जनता खुद इस क्रूर और तानाशाह शासन को उखाड़ फेंके। उन्होंने बताया कि इजरायली सेना सड़कों और चेकपाइंट्स पर रिवोल्यूशनरी गार्ड्स और बासिज बलों पर लगातार हमले कर रही है। नेतन्याहू ने ईरानी जनता को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी का समय करीब आ रहा है और इजरायल उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि वे हवाई हमलों के जरिए ऐसे मौके बनाएंगे जिससे जनता सड़कों पर उतर सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब न तो पहले जैसा ईरान रहा, न वैसा मध्य पूर्व और न ही पहले जैसा इजरायल। इजरायल अब इंतजार नहीं करता, बल्कि वह खुद पहल करके पूरी ताकत से हमला करता है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के साथ अपने मजबूत रिश्तों की भी जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि ट्रम्प उनके निजी मित्र हैं और दोनों के बीच लगभग हर दिन बात होती है। नेतन्याहू के अनुसार, ट्रम्प ने उनसे कहा है कि अमेरिका और इजरायल का यह रिश्ता इतिहास में सबसे ज्यादा मजबूत है। नेतन्याहू ने यह भी संकेत दिया कि वे क्षेत्र के कुछ अन्य देशों के साथ नए गठबंधन बना रहे हैं, जिनके बारे में कुछ हफ्ते पहले तक सोचना भी नामुमकिन था।

## निर्दोषों को मारने वाले ईरानियों को मारना 'बड़ा सम्मान': ट्रम्प



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को कहा कि अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में उनके लिए उन ईरानियों को मारना एक 'बड़ा सम्मान' है, जो '47 वर्षों से पूरी दुनिया में निर्दोष लोगों को मार रहे हैं।' ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि वे 47 वर्षों से पूरी दुनिया में निर्दोष लोगों को मार रहे हैं। और अब मैं अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में उन्हें मार रहा हूं। ऐसा करना कितने बड़े सम्मान की बात है! उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरानी शासन को सैन्य, आर्थिक और अन्य तरीकों से 'पूरी तरह से नष्ट' कर रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान की नौसेना खत्म हो गई है, उनकी वायु सेना अब नहीं रही, मिसाइलें, ड्रोन और बाकी सब कुछ तबाह किया जा रहा है और उनके नेताओं को भी मिटा दिया गया है। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका के पास 'अद्वितीय मारक क्षमता, असीमित गोला-बारूद और पर्याप्त समय' है।

## खाड़ी देशों की 'पेट्रो-डॉलर' व्यवस्था पर बढ़ा दबाव

- ब्रिक्स की भूमिका अहम, बढ़ते संघर्ष ने हालांकि ब्रिक्स के भीतर भी मतभेदों को उजागर किया हैं

**नई दिल्ली।** ईरान-अमे. रिका-इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष के बीच खाड़ी देशों की पेट्रो-डॉलर प्रणाली पर दबाव बढ़ता नजर आ रहा है और ऐसे समय में ब्रिक्स समूह की भूमिका महत्वपूर्ण होती जा रही है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से टेलीफोन पर बातचीत के दौरान क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए ब्रिक्स की सक्रिय और रचनात्मक भूमिका की आवश्यकता पर जोर दिया।

पेजेशकियन ने कहा कि अमे. रिका और इजरायल द्वारा ईरान के महत्वपूर्ण ढांचे को निशाना बनाए जाने के बावजूद ईरान भारत और अन्य मित्र देशों के साथ ब्रिक्स तथा शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) जैसे अंतर्राष्ट्रीय मंचों के माध्यम से सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

विश्लेषकों के अनुसार मौजूदा ईरान-अमेरिका-इजरायल युद्ध के संदर्भ में पहली बार ब्रिक्स का खुलकर उल्लेख किया गया है, जिससे संकेत मिलता है कि 11 सदस्यीय समूह में शामिल ईरान को इस मंच से समर्थन की उम्मीद है। बढ़ते संघर्ष ने हालांकि ब्रिक्स के भीतर भी मतभेदों को उजागर किया हैं। ब्राजील, रूस, चीन और दक्षिण अफ्रीका ने अमेरिका-इजरायल के हमलों की आलोचना करते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताया है, जबकि 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहे भारत ने सीधे तौर पर हमलों की निंदा नहीं की है बल्कि संवाद और कूटनीति के जरिए समाधान पर जोर दिया है। मोदी ने भी पेजेशकियन से बातचीत में क्षेत्र में बढ़ते तनाव, नागरिकों की मौत और बुनियादी ढांचे को हुए नुकसान पर चिंता जताते हुए शांति बहाली के लिए संवाद और कूटनीति को जरूरी बताया। इस बीच ईरान द्वारा यूएई और सऊदी अरब पर हमलों ने ब्रिक्स के कुछ सदस्य देशों को एक-दूसरे के खिलाफ खड़ा कर दिया है, जिससे युद्ध पर संयुक्त बयान जारी करना लगभग असंभव हो गया है। इस संकट ने हालांकि पश्चिमी वित्तीय प्रणाली से स्वतंत्रता की दिशा में प्रयासों को तेज कर दिया है। ब्रिक्सपे प्लेटफॉर्म को स्विफ्ट (एसडब्ल्यूआईएफटी) नेटवर्क के विकल्प के रूप में विकसित करने की दिशा में तेजी आई है।

## अमेरिका ने हमास को वित्तपोषित करने वाली चार संस्थाओं पर लगाया प्रतिबंध

- वित्त मंत्रालय हमास को अपने हिंसक उद्देश्यों के लिए धर्मार्थ संस्थाओं का दुरुपयोग करने की अनुमति नहीं देगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने गुरुवार को चार धर्मार्थ संस्थाओं पर हमास उग्रवादी समूह को गुप्त रूप से वित्तपोषित करने का आरोप लगाते हुए उन पर प्रतिबंध लगा दिए। अमेरिकी वित्त विभाग ने कहा कि इन संगठनों ने मानवीय कार्यों की आड़ में धन जुटाया, लेकिन अंततः हमास की सैन्य शाखा इज्ज अल-दीन अल-कसम ब्रिगेड का समर्थन किया, जो इजरायल के खिलाफ हमलों के लिए जिम्मेदार है। बयान में कहा गया कि ये कार्रवाई हमास द्वारा अपनी सैन्य शाखा के लिए अवैध धन जुटाने के लिए नागरिक संगठनों के शर्मनाक उपयोग को उजागर करती हैं। इसके साथ ही गाजा में आतंकवादी गति. विधियों का समर्थन करने वाले प्रमुख वित्तपोषण स्रोतों को बाधित करती हैं। बयान में कहा गया कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि मानवीय सहायता विश्वसनीय और सुरक्षित संगठनों द्वारा वितरित की जाए और वैध फलस्तीनी हितों एवं क्षेत्र में स्थाई शांति को आगे बढ़ाने के अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों के समर्थन में हो। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने एक बयान में कहा कि हमास आतंकवादी अभियानों के समर्थन के लिए फर्जी चैरिटी का उपयोग अपनी सैन्य शाखा को वित्तपोषित करने के लिए कर रहा है। वित्त मंत्रालय हमास को अपने हिंसक उद्देश्यों के लिए धर्मार्थ संस्थाओं का दुरुपयोग करने की अनुमति नहीं देगा।

## ईरान के विद्यालय पर हमले के बाद चीन ने बढ़ाया मदद का हाथ

**बीजिंग।** ईरान में एक प्राथमिक विद्यालय पर हुए हालिया हमले में छात्रों की मौत पर चीन ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए दो लाख अमेरिकी डॉलर की मदद देने की घोषणा की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने शुक्रवार को बीजिंग में संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। जियाकुन ने बताया कि चीन ने इस दुखद घड़ी में प्रभावित परिवारों के प्रति सहानुभूति जताते हुए वित्तीय मदद का निर्णय लिया है। उन्होंने घोषणा की कि 'रेड क्रॉस सोसाइटी ऑफ चाइना' ने ईरानी रेड क्रीसेंट सोसाइटी को दो लाख अमेरिकी डॉलर की आपातकाल. ीन मानवीय सहायता प्रदान करने का फैसला किया है।

# फिर बढ़ा एकतरफा टैरिफ का खतरा

### अमेरिका सरकार ने भारत समेत 16 व्यापारिक साझेदार देशों के खिलाफ शुरू की नई जांच




**तेहरान।** वैश्विक व्यापार में एक बार फिर तनाव बढ़ने के संकेत मिल रहे हैं। मौजूदा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने भारत समेत 16 प्रमुख व्यापारिक साझेदार देशों के खिलाफ नई जांच शुरू की है। अमेरिका का आरोप है कि इन देशों की व्यापारिक नीतियां अमेरिकी उद्योगों को नुकसान पहुंचा रही हैं और इससे अमेरिकी बाजार पर दबाव बढ़ रहा है।

यह जांच 1974 के अमेरिकी व्यापार अधिनियम की धारा 301 के तहत की जा रही है। यह वही कानून है जिसके तहत अमेरिका किसी देश की व्यापारिक नीतियों को अनुचित मानते हुए एकतरफा टैरिफ बढ़ा सकता है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर ने कहा कि इस जांच का मकसद यह पता लगाना है कि इन देशों की नीतियां अमेरिकी व्यापार के लिए नुकसानदेह हैं या नहीं। अमेरिका ने जिन देशों के खिलाफ जांच शुरू की है उनमें भारत, चीन, बांग्लादेश, कंबोडिया, यूरोपीय संघ, इंडोनेशिया, जापान, दक्षिण कोरिया, मेक्सिको, नार्वे, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, ताइवान, मलयेशिया, थाईलैंड और वियतनाम शामिल हैं। अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि इन देशों की औद्योगिक नीतियों के कारण वैश्विक बाजार में अत्यधिक उत्पादन हो रहा है और इसका असर अमेरिकी उद्योगों पर पड़ रहा है। अमेरिकी व्यापार प्रति. निधि जैमीसन ग्रीर ने कहा कि जांच का मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि इन देशों की नीतियां अमेरिकी कंपनियों के लिए अनु. चत या भेदभावपूर्ण तो नहीं हैं। इसके साथ ही यह भी देखा जाएगा कि क्या इन नीतियों के कारण अमे. रिकी व्यापार पर बोझ पड़ रहा है या उसका विस्तार सीमित हो रहा है। जांच में विनिर्माण क्षेत्र में अतिरिक्त उत्पादन और क्षमता से जुड़े मुद्दों पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। अमे. रिकी प्रशासन का कहना है कि वह अपने औद्योगिक आधार को कमजोर नहीं होने देगा। अधिका. रियों के मुताबिक कई देशों में अतिरिक्त उत्पादन को अमेरिकी बाजार में निर्यात किया जा रहा है। इससे अमेरिकी कंपनियों को नुकसान हो रहा है। इसलिए ट्रम्प प्रशासन नए टैरिफ लगाने के विकल्पों पर भी विचार कर रहा है ताकि घरेलू उद्योगों को संरक्षण मिल सके।

# अफगानिस्तान का पाकिस्तान पर जवाबी हमला

### खैबर पख्तूनख्वा में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, पाकिस्तानी हमले में मारे गए थे 6 अफगानी

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया है कि अफगान वायुसेना ने शुक्रवार को पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में हवाई हमला किया। मंत्रालय के मुताबिक यह कार्रवाई पाकिस्तानी सेना की बीती रात किए गए हमलों के जवाब में की गई। रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि कोहाट क्षेत्र में पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को टारगेट किया गया। साथ ही सैन्य किले को भी निशाना बनाया गया।

हालांकि हमले से किसी के मारे जाने या घायल होने की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। दरअसल, पाकिस्तान ने गुरुवार रात अफगानिस्तान की राजधानी काबूल और कंधार में हवाई हमले किए थे। तालिबानी अधिकारियों के मुताबिक, हमले में 6 लोगों की मौत और 15 घायल हुए हैं। इसमें महिलाएं और बच्चे शामिल है। साथ ही कई घरों को भी नुकसान पहुंचा है। तालिबान के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद के मुताबिक, पाकिस्तान ने प्राइवेट



- तालिबानी अधिकारियों के मुताबिक, हमले में छह लोगों की मौत और 15 घायल हुए हैं

एयरलाइन 'काम एयर' के फ्यूल डिपो पर हमला किया था, जो सिविलियन विमानों और यूएन के विमानों को भी फ्यूल सप्लाई करता है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस हमले का जवाब दिया जाएगा। वहीं, पाकिस्तानी सुरक्षा अधिका. रियों ने रायटर्स को बताया कि यह कार्रवाई पाकिस्तानी तालिबान (टीटीपी) के ठिकानों पर की गई है। हाल के महीनों में देश में बढ़ते आतंकी हमलों के बाद यह आपरेशन शुरू किया गया। तालिबानी अधिकारियों के मुता. बिक पाकिस्तान ने कई नागरिक इलाकों को भी निशाना बनाया है। तालिबान सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि पाकिस्तानी हमले कंधार और पक्तिका प्रांतों में भी किए गए। कंधार तालिबान नेताओं का गढ़ माना जाता है। वहीं, तालिबान सरकार ने पाकिस्तान के आरोपों को खारिज कर दिया है। उसका कहना है कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल किसी भी देश के खिलाफ हमलों के लिए नहीं होने दिया जाएगा। दरअसल, पाकिस्तान लंबे समय से अफगानिस्तान की तालिबान सरकार पर दबाव बनाता रहा है कि वह अपनी जमीन का इस्तेमाल किसी भी आतंकी संगठन को न करने दे। इस्लामाबाद का आरोप है कि टीटीपी अफगानिस्तान से आपरेट हो रहा है, जबकि तालिबान सरकार इन आरोपों से लगातार इन्कार करती रही है।

## इराक में ड्रोन हमले में फ्रांस के एक सैनिक की मौत, कई घायल

**पेरिस।** इराक के एरबिल इलाके में ड्रोन हमले के दौरान एक फ्रांसीसी सैनिक मारा गया है और कई अन्य घायल हुए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है कि इराक के एरबिल इलाके में एक ड्रोन हमले के दौरान एक फ्रांसीसी सैनिक मारा गया है और कई अन्य घायल हुए हैं। उन्होंने मारे गए सैनिक का नाम चीफ वारंट ऑफिसर अर्नाड फ्योन का नाम बताया। वह अमे. रिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध शुरू होने के बाद से मारे जाने वाले पहले फ्रांसीसी सैनिक हैं। मैक्रों ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उनके परिवार और उनके साथी सैनिकों के प्रति मैं पूरे देश की ओर से अपना स्नेह और एकजुटता व्यक्त करना चाहता हूं। हमारे कई सैनिक घायल हुए हैं। फ्रांस उनके और उनके प्रियजनों के साथ खड़ा है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने इस इलाके में इस्लामिक स्टेट के खिलाफ लड़ रहे फ्रांसीसी सैनिकों पर हुए हमलों की निंदा करते हुए उन्हें अस्वीकार्य बताया। उन्होंने कहा कि इराक में उनकी मौजूदगी आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के सख्त दायरे का हिस्सा है। ईरान में चल रहा युद्ध के दौरान ऐसे हमलों को किसी भी तरह से सही नहीं ठहराया जा सकता।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108